✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 99 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 3 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




बिहार में 'जांच एवं उपचार-चिकित्सा आपके द्वार' अभियान का शुभारंभ करते सीएम सम्राट चौधरी एवं अन्य

## संक्षिप्त समाचार

### लाइब्रेरियन परीक्षा की तारीख जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के सरकारी स्कूलों में लाइब्रेरियन बनने का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा का कार्यक्रम सामने आ गया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने लाइब्रेरियन पात्रता परीक्षा 2026 की तारीखें जारी कर दी हैं। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन फॉर्म 1 अक्टूबर से भरे जाएंगे। आवेदन करने की आखिरी तारीख 21 अक्टूबर तय की गई है। बोर्ड के मुताबिक लाइब्रेरियन पात्रता परीक्षा 19 नवंबर से 10 दिसंबर 2026 के बीच कराई जाएगी।

### एक करोड़ से अधिक की विदेशी शराब जब्त

**पटनाा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के फतुहा थाना क्षेत्र के डुमरी मिश्री चौक पर मद्यनिषेध विभाग की टीम ने बुधवार की अहले सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब एक करोड़ 20 लाख रुपये मूल्य की अवैध विदेशी शराब की खेप जब्त की। टीम ने मौके से एक ट्रक जब्त करने के साथ चालक समेत छह शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। शराब की खेप डुमरी स्थित एक गोदाम में उतारी जा रही थी। कार्रवाई के बाद गोदाम को भी सील कर दिया गया। गिरफ्तार लोगों में ट्रक चालक रोहतक निवासी अंकित कुमार, अयोध्या निवासी राजकुमार, अमेठी निवासी राजेंद्र कुमार, रामसूरज, तेजबहादुर और बलजीत कुमार शामिल हैं। पुलिस ने ट्रक को भी जब्त कर लिया है।

### शिक्षक भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन 21 सितंबर से संभव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरइ-4 के आवेदन को लेकर नई तारीख की घोषणा कर दी गई है। बीपीएससी ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर इसकी जानकारी दी। बीपीएससी के मुताबिक अब शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के लिए 21 सितंबर से आवेदन की संभावना है। इससे पहले आवेदन प्रक्रिया की तारीख टलने की खबर से शिक्षक अभ्यर्थियों में नाराजगी देखने को मिली थी। अभ्यर्थियों का कहना था कि इससे आवेदन प्रक्रिया में एक बार फिर से देरी होगी। हालांकि अभ्यर्थियों की नाराजगी पर बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने भरोसा दिलाया था कि उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है।

### 38 शिक्षकों को मिलेगा राजकीय शिक्षक पुरस्कार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में सरकारी स्कूलों के 38 शिक्षकों को इस साल राजकीय शिक्षक पुरस्कार दिया जाएगा। शिक्षा विभाग ने चयनित शिक्षकों के नाम जारी कर दिए हैं। खास बात यह है कि राज्य के सभी 38 जिलों से एक-एक शिक्षक चुना गया है। इनमें 17 महिला शिक्षक भी शामिल हैं। चयनित शिक्षकों को 5 सितंबर यानी राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के दिन सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में समारोह रखा गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी चयनित शिक्षकों को राजकीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान करेंगे।

### सम्राट कैबिनेट की बैठक में 27 एजेंडों पर लगी मुहर

# बेगूसराय में 700 एकड़ में होगा इंडस्ट्रियल एरिया का निर्माण

## स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड पांच साल बढ़ा, सीतामढ़ी में आरओबी के लिए 110 करोड़ मंजूर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित बिहार कैबिनेट की बैठक में 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। फैसलों में उद्योग, सड़क, शिक्षा, बिजली, स्वास्थ्य, शहरी विकास और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कई बड़े काम शामिल हैं। बेगूसराय में 700 एकड़ में इंडस्ट्रियल एरिया बनेगा, सीतामढ़ी में 110 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाला आरओबी बनेगा और स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना अगले पांच साल जारी रहेगी। कैबिनेट के फैसले में बेगूसराय के बरौनी अंचल के मल्हीपुर मौजा की कुल 700 एकड़ जमीन उद्योग विभाग को देने की मंजूरी दी गई है। इस जमीन पर इंडस्ट्रियल एरिया बनाया जाएगा। इससे जिले में औद्योगिक गतिविधियों के लिए बड़ा जमीन आधार तैयार होगा। सीतामढ़ी जिले में परसौनी और सीतामढ़ी रेलवे स्टेशनों के बीच लेवल क्रॉसिंग संख्या 56 को हटाकर सड़क ऊपरी पुल यानी टग्उ बनाने की योजना को मंजूरी मिली है। परियोजना की कुल अनुमानित लागत 110.42 करोड़ रुपये है। इसमें करीब 100.50 करोड़ रुपये राज्य सरकार और 9.93 करोड़ रुपये रेलवे का हिस्सा होगा। अरवल जिले के करपी अंचल में 25 एकड़ जमीन स्वास्थ्य विभाग को स्थायी रूप से देने की मंजूरी मिली है। इस जमीन पर सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल के निर्माण का प्रस्ताव है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक आगे बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। योजना के तहत अधिकतम चार लाख रुपये तक शिक्षा ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था पहले की तरह लागू रहेगी। 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक राज्य के सभी नगर निकायों के लिए बेसिक और परफॉर्मेंस ग्रांट की कुल राशि 9,169 करोड़ रुपये होगी। पटना नगर निगम के लिए विशेष बुनियादी ढांचा घटक और शहरीकरण प्रीमियम से मिलने वाली राशि भी इसमें शामिल है। नई राजधानी पथ परियोजना के तहत डाकबंगला चौराहे से रुकनपुरा तक नेहरू पथ के चौड़ीकरण को मंजूरी मिली है। इसके लिए 39.80 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत तय की गई है। राज्य में सात निश्चय-3 के तहत बिहार राज्य बकरी पालक सहकारी परिसंघ के गठन और योजना को मंजूरी दी गई है। तीन वित्तीय वर्षों 2026-27, 2027-28 और (शेष पृष्ठ 10 पर)

# दो भाइयों को मारी गोली, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के थरथरी थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात गोतिया (परिवार के सदस्य) के बीच मामूली बात को लेकर उपजे विवाद में एक पक्ष ने दो भाइयों को गोलियों से छलनी कर दिया। गोली लगने से एक भाई की इलाज के क्रम में मौत हो गई जबकि दूसरा भाई गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान थरथरी थाना क्षेत्र के सतन बिगहा गांव निवासी संजीव यादव और घायल की पहचान कवींद्र कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि दो दिन पूर्व धान के खेत में लगे घास-फूस की सफाई को लेकर गांव के नंदू यादव और भोनू यादव के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद नंदू यादव के घर भोनू यादव अपने सहयोगियों के साथ घर पर पहुंचा और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। इसके बाद गांव के ही एक पड़ोसी व्यक्ति मिथिलेश यादव ने विवाद सुलझाने के लिए दोनों पक्षों के बीच समझौता कराकर मामले को खत्म करा दिया। बीते मंगलवार की शाम मृतक संजीव कुमार के खेत में लगे मोटर के स्टार्टर को किसी ने तोड़ दिया। इसके बाद संजीव पड़ोसी मिथिलेश के घर के बाहर जोर-जोर से गाली-गलौज करने लगा। इसी को लेकर समझाने के दौरान मिथिलेश यादव और नंदू यादव के बीच कहासुनी हो गई। उसी आवेश में मिथिलेश ने अपने सहयोगियों के साथ नंदू यादव के परिवार पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें दोनों भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना पाकर हिलसा अनुमंडल के प्रभारी एसडीपीओ और थरथरी थाना की पुलिस पहुंची और दोनों घायल भाइयों को स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। वहां से गंभीर हालत में बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया जहां संजीव कुमार की मौत हो गई जबकि कवींद्र कुमार का इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में हिलसा के प्रभारी डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि इस मामले में छह आरोपियों की पहचान कर ली गई है। उनके खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।

# बिहार में 47 पुलों और 55 स्टेट हाइवे पर लगेगा टोल, सरकार ने शुरू की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पटना।** बिहार सरकार राज्य की प्रमुख सड़कों और पुलों से गुजरने वाले वाहनों से टोल वसूलने की तैयारी कर रही है। इस पूरी प्रक्रिया के लिए एक सलाहकार कंपनी की मदद ली जाएगी। सरकार ने सलाहकार की सेवाओं और टोल व्यवस्था तैयार करने के लिए 30.95 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। टोल व्यवस्था के लिए पहले चरण में 47 बड़े पुल और 55 राज्य उच्च पथों को चुना गया है। इसमें 250 मीटर से ज्यादा लंबे पुल भी शामिल होंगे। इन सड़कों और पुलों पर वाहनों की आवाजाही के आधार पर आगे की व्यवस्था तैयार की जाएगी। टोल शुरू करने से पहले इन सड़कों और पुलों पर ट्रैफिक का सर्वे कराया जाएगा। इसमें यह पता लगाया जाएगा कि रोज कितने वाहन गुजर रहे हैं। साथ ही वाहनों के आने और जाने की दिशा की भी जानकारी जुटाई जाएगी। सर्वे के बाद हर सड़क और पुल पर टोल प्लाजा बनाने के लिए सही जगह तय की जाएगी। वाहनों की संख्या और सड़क पर मौजूद लेन के हिसाब से टोल प्लाजा की व्यवस्था तैयार होगी। टोल वसूली को आसान बनाने के लिए फास्टैग की सुविधा भी लगाई जाएगी। इसके लिए जरूरी मशीन और सॉफ्टवेयर लगाए जाएंगे यानी टोल व्यवस्था में डिजिटल पेमेंट की सुविधा भी शामिल होगी। सड़कों और पुलों पर टोल शुरू करने से पहले सर्वे, टोल प्लाजा की जगह तय करने और जरूरी सिस्टम लगाने समेत सभी तैयारियां पूरी की जाएंगी। इसके बाद टोल वसूलने वाली एजेंसी का चयन किया जाएगा।

# सोख्ता निर्माण से जल संरक्षण को मिल रहा बढ़ावा : मंत्री

**सार्वजनिक चापाकलों एवं कुओं के किनारे बड़े पैमाने पर कराया गया सोख्ता का निर्माण | इस खास पहल से ग्राउंड वाटर रिचार्ज को मिल रहा बढ़ावा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में जल संरक्षण एवं भूजल पुनर्भरण (ग्राउंट वाटर रिचार्ज) की व्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत सार्वजनिक चापाकलों एवं कुओं के किनारे सोख्ता का निर्माण कार्य व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। ग्रामीण विकास विभाग के नेतृत्व में संचालित इस अभियान के माध्यम से वर्षा जल एवं उपयोग के बाद उपलब्ध जल को जमीन में फिर से पहुंचाने तथा जल स्रोतों के संरक्षण की दिशा में यह बेहद महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है।



"जल संरक्षण के लिए स्थानीय स्तर पर किए जाने वाले छोटे-छोटे प्रयासों का व्यापक प्रभाव पड़ता है। सार्वजनिक चापाकलों एवं कुओं के किनारे सोख्ता निर्माण से पानी को व्यवस्थित तरीके से जमीन में पहुंचाने में सहायता मिलती है तथा जल संरक्षण की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है।"

**– श्रवण कुमार**
**मंत्री, ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग**

### 2.30 लाख से अधिक चापाकलों के पास सोख्ता

जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक चापाकलों के किनारे सोख्ता निर्माण के लिए कुल 2,34,089 कार्य प्रारंभ किए गए जिनमें से 2,30,724 कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं वर्तमान में 3,365 कार्य प्रक्रियाधीन हैं। इसी प्रकार सार्वजनिक कुओं के किनारे सोख्ता निर्माण के लिए 31,492 कार्य प्रारंभ किए गए जिनमें से 31,323 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 169 कार्य प्रक्रियाधीन हैं।

### भूजल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

सोख्ता निर्माण का उद्देश्य जल को व्यर्थ बहने से रोकते हुए उसे जमीन में समाहित करने की व्यवस्था विकसित करना है। इससे स्थानीय स्तर पर जल संरक्षण एवं भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा देने में सहायता मिलती है। जल-जीवन-हरियाली अभियान के व्यापक उद्देश्यों में भूजल स्तर को संतुलित रखना, पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन शामिल है। अभियान के अंतर्गत सोख्ता निर्माण के साथ-साथ सार्वजनिक जल स्रोतों के जीर्णोद्धार, तालाब-पोखर एवं आहर-पईन के पुनरुद्धार, चेक डैम एवं अन्य जल संचयन संरचनाओं के निर्माण तथा वर्षा जल संचयन जैसे कार्य भी किए जा रहे हैं। जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता एवं सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से सोख्ता निर्माण जैसे कार्यों को और प्रभावी बनाना अभियान की महत्वपूर्ण लक्ष्य है।

# स्कूलों में होगा शिक्षक दिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को जिले के चयनित विद्यालयों में लाइव दिखाया जाएगा। स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब से आच्छादित विद्यालयों के साथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में भी सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके लिए विद्यालय प्रशासन को पहले से आवश्यक तकनीकी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है ताकि विद्यार्थी और शिक्षक राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देख सकें। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से जारी निर्देश के अनुसार स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब वाले विद्यालयों को कार्यक्रम के प्रसारण की समुचित व्यवस्था करनी होगी। विद्यालयों में उपलब्ध तकनीकी संसाधनों के माध्यम से कार्यक्रम को विद्यार्थियों और शिक्षकों तक पहुंचाने की तैयारी की जाएगी। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को भी कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। राज्य परियोजना निदेशक धर्मेंद्र कुमार के निर्देश के अनुसार कार्यक्रम के दौरान आयोजित गतिविधियों की फोटो भी अपलोड करनी होगी। संबंधित विद्यालयों को कार्यक्रम की गतिविधियों से जुड़े फोटो ट्रैकर पोर्टल पर अपलोड करने होंगे।

# पटना के दो गंगा घाटों पर मिला तीन लोगों का शव, नेपाल से बहकर आने की आशंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के सिटी इलाके में गंगा किनारे तीन लोगों का शव मिलने से हड़कंप मच गया। गायघाट से दो है जबकि भद्र घाट पर एक शव मिला है। एक ही इलाके के दो अलग-अलग घाटों पर शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक इन घाटों के आसपास हाल के दिनों में किसी व्यक्ति के गंगा नदी में डूबने की सूचना नहीं मिली है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि बरामद डेड बॉडी नेपाल से पानी के बहाव के साथ बहकर पटना पहुंची है। हालांकि शव कहां से बहकर आए हैं और इनकी पहचान क्या है, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। नेपाल में पिछले दिनों आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। बाढ़ और फ्लैश फ्लड की वजह से बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है जबकि हजारों लोग अब भी लापता हैं। नेपाल में राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। नेपाल में बाढ़ की भयावह स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोगों को आशंका है कि पानी के तेज बहाव में कुछ शव नदी के रास्ते भारत की ओर बहकर आए हो सकते हैं। हालांकि पटना सिटी में मिले तीनों शवों का नेपाल की बाढ़ से कोई संबंध है या नहीं, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# वियतनामी जनरल की मौजूदगी में 254 कैडेट्स बनेंगे सैन्य अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार के गया स्थित ओटीए यानि ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी में 5 सितंबर को 29वीं पासिंग आउट परेड आयोजित होनी है। इस बार 254 कैडेट्स कठिन प्रशिक्षण प्राप्त कर सैन्य अधिकारी बनेंगे। पासिंग आउट परेड शनिवार को होगी। वियतनाम पीपुल्स आर्मी के लेफ्टिनेंट जनरल ले वान हुआंग इसके मुख्य अतिथि होंगे। 5 सितंबर को 29वें पासिंग आउट परेड के पहले मंगलवार को गया ओटीए के विजय ऑडिटोरियम में कमांडेंट अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया। इस दौरान कैडेट्स को मेडल्स दिए गए। वियतनाम पीपुल्स आर्मी के लिए लेफ्टिनेंट जनरल ले वान हुआंग परेड के मुख्य अतिथि होंगे। देश के तीसरे ऑफिसर प्रशिक्षण केंद्र गया ओटीए से इस बार 254 कैडेट्स पासिंग आउट परेड के बाद विधिवत रूप से देश के सैन्य ऑफिसर बनेंगे जिसमें 219 पुरुष और 35 महिला कैडेट्स शामिल हैं। पासिंग आउट परेड के बाद ये देश के अलग-अलग स्थानों में अपनी जिम्मेदारियां को संभालेंगे। इसके पूर्व 4 सितंबर को मल्टी एक्टिविटी डिस्प्ले का आयोजन होगा।






# स्वस्थ परिवार से ही समृद्ध होगा बिहार : सम्राट

## मुख्यमंत्री ने किया 'जांच एवं उपचार-चिकित्सा आपके द्वार' अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सरकार ने प्रदेश के लोगों को गंभीर बीमारियों से बचाने और समय रहते उनका इलाज सुनिश्चित करने के लिए बड़ा स्वास्थ्य अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को पटना के राजवंशी नगर स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में 'जांच एवं उपचार-चिकित्सा आपके द्वार' अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सभी 38 जिलों के लिए जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीमारी के गंभीर होने का इंतजार करने के बजाय समय रहते उसकी पहचान और उपचार जरूरी है। उन्होंने कहा कि जांच इसलिए कराएं ताकि आप बीमार ही न पड़ें। बीमारी की पहचान समय पर होगी तभी सही और प्रभावी इलाज संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। जिला अस्पतालों में सर्जरी की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जून में जहां 2,428 ऑपरेशन किए गए थे वहीं इस माह यह संख्या बढ़कर 8,000 से अधिक हो गई है। उन्होंने बताया कि जिला एवं अनुमंडल अस्पतालों में पहले 36 प्रकार की बीमारियों की सर्जरी की जा रही थी जिसे बढ़ाकर अब 45 प्रकार कर दिया गया है। इससे मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर इलाज मिल सकेगा और उन्हें बड़े अस्पतालों की ओर रेफर किए जाने की जरूरत कम होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एनीमिया की जांच के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत एक करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा छह करोड़ बिहारवासियों की स्वास्थ्य जांच कर उनका हेल्थ रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इस रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखा जाएगा ताकि भविष्य में इलाज के दौरान इसका प्रभावी इस्तेमाल किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राथमिक स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 'मिशन कायाकल्प' शुरू किया जाएगा। इसके तहत पीएचसी, एपीएचसी और सब सेंटरों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाएगा ताकि लोगों को अपने आसपास ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े मानव संसाधन को भी मजबूत किया जा रहा है। नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेजों में विद्यार्थियों को विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाएगी जिससे उन्हें देश के साथ-साथ विदेशों में भी रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब परिवार स्वस्थ होगा तो खुशहाल होगा और स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार से ही राज्य समृद्ध बनेगा। उन्होंने बिहार के बच्चों, युवाओं और महिलाओं समेत सभी नागरिकों को स्वस्थ रखने की दिशा में मिलकर काम करने की अपील की। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे 'जांच एवं उपचार-चिकित्सा आपके द्वार' अभियान में सक्रिय भागीदारी करें और अपने परिवार के 30 वर्ष से अधिक उम्र के सदस्यों की स्वास्थ्य जांच जरूर कराएं। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं विजेन्द्र प्रसाद यादव, स्वास्थ्य मंत्री निशांत आदि मौजूद थे।

# बिहार में 5 साल में बिजली क्षेत्र में 1.38 लाख करोड़ का होगा निवेश

## ऊर्जा मंत्री ने उद्योग जगत को दिया निवेश का न्योता, 2030 तक 24 हजार मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी और छह गीगावॉट घंटे स्टोरेज का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना/नई दिल्ली।** बिहार अगले पांच वर्षों में बिजली क्षेत्र में 1,38,541 करोड़ रुपए का निवेश करने की तैयारी में है। इसमें बिजली उत्पादन पर 82,679 करोड़, ट्रांसमिशन पर 24,683 करोड़, वितरण पर 28,809 करोड़ और रखरखाव पर 2,370 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। बिहार ने यह निवेश प्रस्ताव भारत इलेक्ट्रिसिटी-2026 के बिहार फोकस स्टेट सेशन में उद्योग जगत के सामने रखा। इंवेस्टमेंट, इनोवेशन और ग्रोथ विषय पर आयोजित सत्र में ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने निवेशकों और उद्योगपतियों से बिहार में निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य समृद्ध बिहार के बिना पूरा नहीं हो सकता। बिहार ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग देगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिहार में सौर ऊर्जा, रूफटॉप सोलर, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम, थर्मल पावर, पंप्ड स्टोरेज और न्यूक्लियर ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ी संभावनाएं हैं। राज्य में केवल बिजली उत्पादन ही नहीं, बल्कि सोलर उपकरण निर्माण और ऊर्जा अवसंरचना के क्षेत्र में भी निवेश के अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने बिहार की सांस्कृतिक परंपरा और ऊर्जा बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि छठ पर्व में सूर्य की उपासना की परंपरा बिहार की पहचान है। इसी भावना के साथ राज्य दिन में सौर ऊर्जा का अधिकतम उपयोग और शाम के समय बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने के लिए बैटरी स्टोरेज क्षमता बढ़ा रहा है। ऊर्जा सचिव-सह-अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजय यादव (भा.प्र.से) ने राज्य के बिजली क्षेत्र में हुए बदलावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिहार की बिजली वितरण कंपनियों का वित्तीय प्रदर्शन तेजी से सुधरा है। वित्तीय वर्ष 2022 में 2,218 करोड़ रुपए के घाटे की तुलना में वित्तीय वर्ष 2026 में 2,375 करोड़ रुपए का अस्थायी लाभ दर्ज किया गया है। वहीं, एटी एंड सी लॉस 29.27% से घटकर 11.54% रह गया है। एसीएस-एआरआर गैप भी 0.43 रुपए प्रति यूनिट के अधिशेष में पहुंच गया है। बिहार में बिजली की पीक डिमांड लगातार बढ़ रही है। वित्तीय वर्ष 2022 में 6,627 मेगावाट रही, अधिकतम मांग अब बढ़कर 9,475 मेगावाट हो गई है। वर्ष 2030 तक इसके करीब 11,747 मेगावाट पहुंचने का अनुमान है। इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए राज्य में उत्पादन, ट्रांसमिशन, वितरण और स्टोरेज क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। पीरपैंती और नबीनगर

**परियोजनाओं पर काम**

प्रमुख परियोजनाओं में 2,400 मेगावाट पीरपैंती थर्मल पावर परियोजना, 1,440 मेगावाट नबीनगर टीपीपी स्टेज-2 बीइएसएस के साथ कजरा सोलर परियोजना, बैटरी स्टोरेज, सोलर पार्क, रूफटॉप सोलर, पंप्ड स्टोरेज परियोजनाएं और इंट्रा-स्टेट ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर शामिल है। राज्य में अब तक 94 लाख से अधिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं। इससे बिजली कंपनियों की राजस्व व्यवस्था और डिजिटल संचालन को मजबूती मिली है। बिहार ने वित्तीय वर्ष 2030 तक करीब 24 जीडब्ल्यू नवीकरणीय ऊर्जा और 6 जीडब्ल्यूएच ऊर्जा भंडारण क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा है।

# बाढ़ और कटाव के बीच आपदा प्रबंधन विभाग की मुस्तैदी, प्रभावितों तक पहुंच रही त्वरित राहत

## आपदा प्रबंधन के प्रधान सचिव ने भागलपुर में काजीकोरैया-राघोपुर मार्जिनल बांध का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा ने बताया कि बिहार में नदियों के जलस्तर बढ़ने और संभावित बाढ़ से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग एवं राज्य सरकार पूरी तरह से सतर्क है। राज्य के विभिन्न जिलों में नदियों के बढ़ते जलस्तर और कटाव की स्थिति पर चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा रही है। ताकि आमजन को किसी भी आपात स्थिति का सामना न करना पड़े। वहीं, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल और जल संसाधन विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने भागलपुर में जिला प्रशासन के साथ काजीकोरैया-राघोपुर मार्जिनल बांध का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारीद्वय ने पदाधिकारियों को बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत पहुंचाने और गंगा के जलस्तर की सतत निगरानी के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि भागलपुर के खरीक प्रखंड अंतर्गत राघोपुर पंचायत में काजीकौरैया राघोपुर मार्जिनल बांध के क्षतिग्रस्त होने से प्रभावित आबादी के लिए जिला प्रशासन ने 04 सामुदायिक रसोई केंद्रों का संचालन शुरू किया है। इन केंद्रों के माध्यम से अब तक रिकॉर्ड 43,000 से अधिक थाली पका-पकाया भोजन जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा चुका है। आवागमन को सुगम और सुरक्षित बनाए रखने के लिए कुल 13 जिलों में कुल 286 नावों का परिचालन हो रहा है। इनमें दरभंगा में 14, मधुबनी में 11, पश्चिम चम्पारण में 05, कटिहार में 22, मधेपुरा में 48, पूर्णिया में 35, खगड़िया में 41, सहरसा में 06, वैशाली में 51, बेगुसराय में 17, भागलपुर में 04, समस्तीपुर में 18 एवं मुंगेर में 14 नाव परिचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित एवं निचले इलाकों में रहने वाले परिवारों के बीच पॉलीथीन शीट और राशन का वितरण तेजी से किया जा रहा है। पश्चिम चम्पारण, पूर्णिया, सुपौल, भागलपुर और वैशाली सहित 05 जिलों में 2600 से अधिक पॉलीथीन शीट का वितरण किया गया है। इसके साथ ही, पश्चिम चम्पारण के मधुबनी प्रखंड अंतर्गत चिउराही पंचायत और भागलपुर के सबौर प्रखंड के प्रभावित परिवारों को ड्राई राशन पैकेट उपलब्ध कराए गए हैं। संभावित बाढ़ से बचाव के लिए राज्य में एसडीआरएफ की 27 और एनडीआरएफ की 9 टीमों को विभिन्न संवेदनशील जिलों में तैनात किया गया है। यह टीमें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद हैं।

# कृषि ड्रोन को मिलेगा बढ़ावा, 480 किसान ड्रोन कस्टम हायरिंग सेंटर होंगे स्थापित

## ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर होंगे सृजित : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार में कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने तथा किसानों तक नई तकनीकी सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। चतुर्थ कृषि रोड मैप के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य में 480 किसान ड्रोन कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों के माध्यम से किसानों को उनके क्षेत्र में ही ड्रोन आधारित कृषि सेवाएं सुलभ कराई जाएंगी। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। किसान ड्रोन कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से किसान स्वयं ड्रोन खरीदने के बजाय आवश्यकता के अनुसार कस्टम हायरिंग सेंटर से ड्रोन सेवा प्राप्त कर सकेंगे। इससे कम समय में अधिक क्षेत्र में कृषि आदानों के छिड़काव सहित विभिन्न कृषि कार्यों को प्रभावी ढंग से करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि किसान ड्रोन कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना के लिए प्रत्येक केंद्र की परियोजना लागत 10 लाख रुपये निर्धारित की गई है। कृषि में स्नातक आवेदकों को परियोजना लागत का 50 प्रतिशत, अधिकतम 5 लाख रुपये तथा गैर-कृषि में स्नातक आवेदकों को 40 प्रतिशत, अधिकतम 4 लाख रुपये तक अनुदान दिया जाएगा। 480 किसान ड्रोन कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना के लिए कुल 24 करोड़ रुपये का व्यय किया जाएगा।

# पूर्व मुख्यमंत्री स्व. दारोगा प्रसाद राय की जयंती मनायी गयी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. दारोगा प्रसाद राय की 104 वीं जयंती तथा प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. लहटन चौधरी की 23वीं पुण्यतिथि आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम सहित अन्य नेताओं ने दोनों महान नेताओं के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि स्व. दारोगा प्रसाद राय ने बिहार की राजनीति में सामाजिक न्याय, गरीबों, किसानों और वंचित वर्गों के हितों को मजबूती से आवाज दी। उनका संपूर्ण राजनीतिक जीवन जनसेवा और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित रहा।

# केवाइपी आंदोलन में उबाल, भूख हड़ताल के दूसरे दिन भी डटे रहे केंद्र संचालक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** केवाइपी केंद्रों के रिन्यूवल, नामांकन-प्रशिक्षण बहाल करने और करीब आठ माह के लंबित भुगतान की मांग को लेकर गर्दनीबाग में चल रहा केवाईपी बचाओ महाआंदोलन बुधवार को भी जारी रहा। सामूहिक भूख हड़ताल के दूसरे दिन केंद्र संचालकों ने नए टेंडर के प्रस्ताव का विरोध करते हुए आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया। करीब एक सप्ताह के धरना और आक्रोश मार्च के बाद बिहार कौशल विकास मिशन का प्रतिनिधिमंडल आज नौवें दिन बुधवार दोपहर धरना स्थल पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र संचालकों को मंत्री से वार्ता की बात कही लेकिन बातचीत में नए टेंडर की बात सामने आने पर संचालकों ने इसका पुरजोर विरोध किया। केंद्र संचालकों का कहना है कि करीब 10 वर्षों से संचालित केवाईपी केंद्रों में लाखों रुपये का निवेश और आवश्यक आधारभूत संरचना पहले से मौजूद है। ऐसे में पुराने केंद्रों को बंद कर नए टेंडर की प्रक्रिया शुरू करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। संचालकों ने पुराने केंद्रों का रिन्यूवल कर इन्हीं केंद्रों पर तत्काल प्रशिक्षण शुरू कराने की मांग की। आंदोलनकारियों ने कहा कि अब सरकार से आश्वासन नहीं, लिखित निर्णय और कार्रवाई चाहिए। उन्होंने करीब आठ माह से लंबित भुगतान जारी करने तथा नए टेंडर की प्रक्रिया पर रोक लगाने की भी मांग की। केंद्र संचालकों ने चेतावनी दी कि मांगों पर तत्काल निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। भूख हड़ताल मांगें पूरी होने तक जारी रखने की बात कही गई है।

# टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में जन्माष्टमी पर फैंसी ड्रेस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में जन्माष्टमी के अवसर पर प्लेग्रुप से कक्षा 2 तक के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण, राधा, बलराम, सुदामा, देवकी एवं वासुदेव सहित विभिन्न पात्रों का मनमोहक रूप धारण किया। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण के जन्म एवं वासुदेव द्वारा उन्हें ले जाने की झांकी, बाल सखाओं के साथ माखन चोरी, हांडी फोड़ तथा राधा-कृष्ण एवं गोपियों के साथ रास की प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर बच्चों ने श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं को जीवंत किया। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर एवं रीजन गेट कोऑर्डिनेटर-लायन राजीव भार्गव उपस्थित रहे। कार्यक्रम ट्रेझर-लायन शिवानी भार्गव, पटना मगध के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सफलता में रेवा, जागृति, प्रियंका, निकी एवं नंदिनी सहित विद्यालय के अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की स्थापना पटना में होगी : मंत्री

## दो माह के अंदर शुरू होगी गोलघर के पुनर्विकास की योजना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की स्थापना पटना या इसके आसपास के इलाके में होगी। केंद्र सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्री डॉ. कुमार ने बुधवार को सूचना भवन के संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते ये बातें कही। उन्होंने कहा कि राज्य के कलाकार कई वर्षों से एनएसडी कैंपस की स्थापना कराने की मांग कर रहे थे। इसको लेकर उन्होंने स्वयं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से वार्ता की है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से इसे पटना में खोलने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि राज्य के कलाकारों के लिए राज्य सरकार के माध्यम से कई योजनाएं शुरू की गई है। राज्य के सभी जिलों में आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किये जाएंगे। कई जिलों में प्रशिक्षण केंद्र खुल गए है। वहां सुयोग्य प्रशिक्षकों के माध्यम से नृत्य, संगीत, वाद्य यंत्र एवं अन्य कला विधाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अब तक लगभग 3 हजार बच्चों को विभिन्न कला विधाओं में प्रशिक्षित किया जा चुका है। मंत्री ने कहा कि पटना स्थित गोलघर का शीघ्र जीर्णोद्धार कार्य शुरू कराया जाएगा। दो माह के अंदर उसका पुनर्विकास की योजना शुरू की जाएगी। अभिनेता सुनील सेट्ठी बिहार में एक फिल्म बनाने के लिए मुख्यमंत्री से मिले थे। उनका आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। कला एवं संस्कृति मंत्री ने कहा कि मधुबनी स्थित मिथिला चित्रकला संस्थान के स्तर से रामचरितमानस पर आधारित 108 मीटर लंबी मिथिला पेंटिंग का निर्माण किया गया है। इसने अपनी विशिष्टता एवं व्यापकता के लिए विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के तहत अब तक 411 कलाकारों का चयन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार के करीब 1 हजार 100 श्रद्धालुओं के लिए दो दिवसीय सोमनाथ यात्रा का आयोजन किया गया। वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में 10 हजार से अधिक युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

# पूरे राज्य में दो दिन के विशेष अभियान में 1142 अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार के अपराध पर अंकुश लगाने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के मुहिम के तहत 30 और 31 अगस्त को राज्यभर में विशेष समकालीन अभियान चलाया गया। पुलिस मुख्यालय के विधि-व्यवस्था प्रभाग के स्तर से जारी आदेश के बाद सभी जिलों में अपराधियों की गिरफ्तारी और सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इन दो दिनों में 1 हजार 142 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इन अपराधियों के पास से 13 अवैध हथियार भी बरामद किए गए हैं। साथ ही 116 कारतूस बरामद हुए जिन एक दर्जन जिलों से जांच के दौरान हथियार की बरामदगी की गई उनमें पटना, नालंदा, रोहतास, बेगूसराय, खगड़िया, वैशाली, मोतिहारी, सिवान, मधुबनी, सहरसा, मधेपुरा और अररिया शामिल हैं। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं वरीय पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। सभी जिलों में चलाए गए इस अभियान के दौरान 11 हजार लीटर से अधिक अवैध शराब बरामद किए गए जिसमें 8 हजार 408 लीटर देशी और 2 हजार 739 लीटर विदेशी शराब शामिल है। इसके अलावा 359 किलो गांजा, 142 ग्राम स्मैक, 55 ग्राम ब्राउन सुगर, 326 ग्राम हेरोइन के अलावा 1 लाख 49 हजार 466 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। 27 नशेड़ी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस मुख्यालय के स्तर से विज्ञप्ति जारी कर इससे संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की गई है। विशेष समकालीन अभियान के दौरान दो दिनों में राज्यभर में 54 हजार 861 वाहनों की चेकिंग की गई और 5 हजार 683 वाहनों से 81 लाख 14 हजार 300 रुपये जुर्माना वूसला गया।

# दहेज हत्या के जुर्म में पति को सात वर्षों की कठोर कैद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित एक सत्र अदालत ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता की हत्या के जुर्म में आज उसके पति को सात वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ 5000 का जुर्माना भी किया। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन सहाय ने मामले में सुनवाई के बाद नालंदा जिले के अस्थामा थाना क्षेत्र निवासी रवि शंकर पंडित को दहेज हत्या एवं साक्ष्य नष्ट करने का प्रयास करने के जुर्म में भारतीय दंड विधान की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को दो माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। मामले के अपर लोक अभियोजक दिलीप कुमार राय ने बताया कि वर्ष 2019 में पीड़िता मीना कुमारी का विवाह दोषी के साथ हुआ था तथा उसके तीन बच्चे भी थे, लेकिन पांच लाख रूपए और एक मोटरसाइकिल के लिए उसे दोषी हमेशा प्रताड़ित करता था और फिर दहेज की मांग पूरा नहीं होने के कारण वर्ष 2024 में दोषी ने उसकी हत्या कर सबूत मिटाने के उद्देश्य से शव को रेलवे लाइन पर फेंक दिया था।

# गया-कामाख्या एक्सप्रेस में लगेंगे 3एसी का एक अतिरिक्त कोच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** आगामी पर्व त्योहार के दौरान यात्रियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा गया और कामाख्या के मध्य चलने वाली गाड़ी सं. 15619/15620 गया-कामाख्या-गया एक्सप्रेस में अस्थायी रूप से वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। यह सुविधा कामाख्या से गया के लिए 7.09.2026 से 30.11.2026 तक तथा गया से कामाख्या के लिए 08.09.2026 से 01.12.2026 तक उपलब्ध रहेगी।

# मन की बात में सम्राट हेमू के उल्लेख पर हेमू विचार मंच ने जताया प्रधानमंत्री का आभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात के 137वें एपिसोड में अंतिम हिंदू सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य हेमू के ऐतिहासिक योगदान और इतिहास में उनकी उपेक्षा का उल्लेख किए जाने पर हेमू विचार मंच ने आभार जताया है। मंच के राष्ट्रीय संयोजक राजीव रंजन कुमार उर्फ राजू गुप्ता ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर इस उल्लेख के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय पटल पर सम्राट हेमू की शौर्य गाथा को स्मरण किए जाने से देशभर में, हिंदू समाज विशेषकर वैश्य समाज रौनियार समाज में, गौरव की भावना जागृत हुई है। मंच ने इसे सम्राट हेमू के इतिहास और उनके योगदान को जनमानस तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# शहीद रामफल मंडल की जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाने का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अखिल भारतीय धानुक महासंघ ने शहीद रामफल मंडल की जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाने के बिहार सरकार के फैसले का स्वागत किया है और इसके लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी परिवहन मंत्री दामोदर रावत एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस संबंध में अखिल भारतीय धानुक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शंकर प्रसाद ने कहा कि शहीद रामफल मंडल ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता को आजाद कराया था हम उनकी शहादत को नमन करते हैं। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि राजधानी के बड़ी पहाड़ी चौराहे पर अमर शहीद रामफल मंडल की आदमकद प्रतिमा लगाते हुए इस चौक का नाम अमर शहीद रामफल मंडल चौक किया जाए। शंकर प्रसाद ने बताया कि अमर शहीद रामफल मंडल की प्रतिमा बड़ी पहाड़ी चौक पर लगाने के लिए परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने नगर विकास मंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया था जिस पर नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव ने राज्य सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है। उनकी प्रतिमा लगाने के लिए विधान पार्षद अनामिका पटेल एवं अजय सिंह ने भी विधान परिषद में अपनी मांग उठाते हुए सभापति से आग्रह किया है। शंकर प्रसाद ने कहा कि धानुक समाज के लोग राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं कि सरकार ने बुधवार को कैबिनेट में फैसला लेकर शाहिद रामफल मंडल की जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाने का फैसला लिया है। राज्य सरकार के इस फैसले का स्वागत करने वालों में पूर्व मेयर प्रत्याशी सीमा पटेल, राधिका पटेल, विजय कुमार राय, जलेश्वर महतो, शिवनाथ प्रसाद, जितेंद्र पटेल अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल थे।

# दानापुर स्टेशन पर गहन टिकट जांच अभियान

## 14 ट्रेनों में पकड़े गये 320 बिना टिकट/अनियमित टिकट यात्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दानापुर।** विशेष टिकट जांच अभियान में काशी जनशताब्दी, मगध, उधना एक्सप्रेस, गरीब रथ एवं भभुआ-पटना इंटरसिटी सहित विभिन्न ट्रेनों में 320 बिना टिकट/अनियमित टिकट यात्री पकड़े गए। पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल यात्रियों को उचित टिकट एवं वैध प्राधिकार के साथ यात्रा करने की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर सजग एवं सक्रिय है। बिना टिकट अथवा उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध मंडल में नियमित रूप से सघन टिकट जांच अभियान चलाया जाता है। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक के निर्देशानुसार वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ के नेतृत्व में सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार सहित वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम द्वारा दानापुर स्टेशन पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के दौरान 320 यात्रियों को बिना टिकट/अनियमित टिकट के साथ यात्रा करते हुए पकड़ा गया जिनसे नियमानुसार 2,80,250/- जुर्माना वसूल किया गया। दानापुर मंडल द्वारा इस प्रकार के सघन टिकट जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे।

# एसबीपीडीसीएल और एनबीपीडीसीएल को मिला 'स्मार्ट मीटरिंग डिस्कॉम ऑफ द इयर' अवार्ड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** स्मार्ट मीटरिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए बिहार की दोनों विद्युत वितरण कंपनियों साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को प्रतिष्ठित भारत इलेक्ट्रिसिटी पावरिंग इंडिया अवार्ड्स 2026 में 'स्मार्ट मीटरिंग डिस्कॉम ऑफ द ईयर' अवार्ड से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में मंगलवार को आयोजित समारोह में दोनों डिस्कॉम को यह सम्मान केंद्रीय विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने बीएसपीजीसीएल के प्रबंध निदेशक विशाल राज (भा. प्र. से.) को प्रदान किया। विद्युत वितरण व्यवस्था में स्मार्ट मीटरिंग के व्यापक उपयोग, तकनीक आधारित सेवाओं तथा उपभोक्ता सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों के लिए दोनों कंपनियों को यह राष्ट्रीय सम्मान मिला है। ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने कहा कि बिहार की दोनों विद्युत वितरण कंपनियों को 'स्मार्ट मीटरिंग डिस्कॉम ऑफ द ईयर' का राष्ट्रीय सम्मान मिलना राज्य के लिए गौरव की बात है। स्मार्ट मीटरिंग के माध्यम से विद्युत वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ी है और उपभोक्ताओं को अपनी विद्युत खपत की बेहतर निगरानी एवं प्रबंधन की सुविधा मिल रही है। राज्य सरकार उपभोक्ताओं को आधुनिक, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए एसबीपीडीसीएल और एनबीपीडीसीएल के अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई दी। ऊर्जा सचिव सह बीएसपीएचसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक अजय यादव (भा. प्र. से.) ने कहा कि दोनों विद्युत वितरण कंपनियों को 'स्मार्ट मीटरिंग डिस्कॉम ऑफ द ईयर' का सम्मान मिलना बिहार की विद्युत वितरण व्यवस्था के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। बिहार में तकनीक आधारित विद्युत सेवाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। ताकि उपभोक्ताओं को अधिक पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवा मिल सके। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए दोनों डिस्कॉम के अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई दी। स्मार्ट मीटरिंग से विद्युत आपूर्ति एवं खपत से संबंधित जानकारी की उपलब्धता में वृद्धि होने के साथ-साथ पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने में भी मदद मिल रही है। बिहार में स्मार्ट मीटरिंग के विस्तार से विद्युत वितरण व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और उपभोक्ता-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं को अपनी विद्युत खपत की नियमित निगरानी करने तथा ऊर्जा उपयोग के अनुसार बेहतर तरीके से योजना बनाने की सुविधा मिल रही है। साथ ही डिजिटल माध्यम से मीटर रीडिंग एवं बिलिंग प्रक्रिया अधिक सुगम हुई है जिससे उपभोक्ता सेवाओं में और अधिक पारदर्शिता आई है। सम्मान प्राप्त होने पर नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार एवं साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सौरभ जोरवाल ने अपनी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी है। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद, ईएनसीआईएस के अध्यक्ष पी.के. पुजारी (भा.प्र.से.), सेवानिवृत्त, भारत इलेक्ट्रिसिटी पावरजेन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह भल्ला (भा. प्र. से.), सेवानिवृत्त एवं दोनों डिस्कॉम के वरीय अधिकारी मौजूद थे।

# सोन नदी में छोड़ा गया 5.63 लाख क्यूसेक पानी, तटीय इलाकों में हाई अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सोन नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में हो रही भारी बारिश के कारण सोन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बुधवार शाम इंद्रपुरी बराज से 5 लाख 63 हजार 654 क्यूसेक पानी सोन नदी में प्रवाहित किया गया। पानी की भारी आवक को देखते हुए सोन के तटीय क्षेत्रों में हाई अलर्ट जारी है।



बताया गया कि बुधवार को झारखंड के भीम बराज से करीब 1.45 लाख क्यूसेक, उत्तर प्रदेश के रिहंद जलाशय से करीब 55 हजार क्यूसेक तथा बाणसागर से छोड़ा गया पानी भी इंद्रपुरी बराज की ओर पहुंचने लगा है। इससे सोन नदी में जलस्तर और बढ़ने की संभावना बनी हुई है।

**नहरों में पानी की आपूर्ति बंद**

इंद्रपुरी बराज पर भारी मात्रा में पानी की आवक और सोन नहर कैचमेंट क्षेत्र में हो रही वर्षा के कारण नहरों में पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई है। भारी जल प्रवाह के कारण एनिकट के घाट तक पानी पहुंच गया है। वहीं पुराने एनिकट बराज पर चल रही पेयजलापूर्ति निर्माण योजना में लगे सामान भी पानी में डूब गए हैं। सोन नदी में बढ़ते जलस्तर को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग घाटों और नदी के आसपास पहुंच रहे हैं। इसे देखते हुए प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

**नदी और घाटों से दूर रहने की अपील**

एसडीएम नीलेश कुमार ने लोगों से सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि लोग सोन नदी के तट से दूर रहें। उन्होंने सोन नदी के घाटों, तटीय क्षेत्रों और तेज बहाव वाले इलाकों में नहीं जाने की सलाह दी है। उन्होंने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से अपने पशुओं को तत्काल सुरक्षित और ऊंचे स्थानों पर ले जाने को कहा। नदी के आसपास के निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए जरूरत पड़ने पर तुरंत ऊंचे स्थानों पर चले जाने की अपील की गई है। एसडीएम ने विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों का ध्यान रखने तथा बच्चों को नदी, घाट और अन्य जलस्त्रोतों के पास खेलने नहीं देने की अपील की है।

## तेंदुआ पहाड़ और दहासिल पोखरा में विकसित होगा इको-टूरिज्म, डीएम ने किया निरीक्षण

### पर्यटक सुविधाओं के विकास पर जोर, मंदिर परिसर में स्ट्रीट लाइट लगाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी/ नोखा।** जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्र ने नोखा प्रखंड में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तेंदुआ गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं नगर परिषद नोखा क्षेत्र के दहासिल पोखरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त आकांक्षा आनंद, विशेष कार्य पदाधिकारी विनय प्रताप, प्रखंड विकास पदाधिकारी नोखा, अंचल अधिकारी नोखा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नोखा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने तेंदुआ पहाड़ स्थित शिव मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर क्षेत्र की समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली।



ग्रामीणों की मांग पर डीएम ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए नगर परिषद नोखा के कार्यपालक पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने दहासिल पोखरा का निरीक्षण किया। यहां पर्यटन विभाग के सहयोग से पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। डीएम ने इस संबंध में अंचल अधिकारी को भूमि से संबंधित आवश्यक कार्रवाई करने तथा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि दहासिल पोखरा और तेंदुआ पहाड़ क्षेत्र का प्राकृतिक वातावरण बेहद रमणीय है। यहां उचित आधारभूत संरचना एवं पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जाए तो यह क्षेत्र पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## संबद्ध कॉलेज के शिक्षक धरना-प्रदर्शन में शामिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** फैक्टनेब के आह्वान पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा मुख्यालय पर मंगलवार को संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने 9 सूत्री मांगों को लेकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया जिसमें बिक्रमगंज के हिंदू तपेश्वर महाविद्यालय से लेकर महिला कॉलेज तक के शिक्षक समूह बारिश भरे मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में शामिल हुए और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ शानदार एकजुटता दिखाई। धरना में मुख्य मांगें वेतन-पेंशन का नियमित भुगतान तथा उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय एवं बिहार विधान परिषद की अनुशंसाओं को लागू करना रही। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता डॉ. शम्भू नाथ सिंह ने की जबकि मंच संचालन डॉ. हरेंद्र सिंह लहराबाद ने किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालय प्राचार्य एसोसिएशन के महासचिव सह बिक्रमगंज के प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह, भभुआ के प्राचार्य डॉ. अमर नाथ सिंह, सासाराम के प्राचार्य डॉ. बिनोद कुमार सिंह, डॉ. उमेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ. अरविन्द सिंह, डॉ. रवीन्द्र कुमार, प्रदेश सचिव बिहार डॉ. राजनाथ सिंह, डॉ. सुरेन्द्र सागर, डॉ. राणा संतोष सिंह, डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. इफ्तार अहमद, डॉ. मनीष, डॉ. बिन्नी, डॉ. मनोज सिंह, प्रो. इंदल सिंह सहित भोजपुर, रोहतास, बक्सर एवं कैमूर-भभुआ चारों जिलों के सैकड़ों शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वाणिज्य संकाय में दीक्षारम्भ कार्यक्रम

### कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए रोजगार एवं करियर की व्यापक संभावनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के वाणिज्य संकाय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम संकाय के डीन एवं हेड प्रोफेसर डॉ. आशुतोष द्विवेदी के दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. कुमार आलोक प्रताप ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में कॉमर्स एक अत्यंत रोजगारपरक विषय है। बैंकिंग, वित्त, लेखांकन, कराधान, कॉरपोरेट सेक्टर, डिजिटल फाइनेंस एवं उद्यमिता के साथ सरकारी और निजी क्षेत्रों में विद्यार्थियों के लिए रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि परीक्षा नियंत्रक सह-अकादमिक डायरेक्टर सुदीप कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं कौशल विकास पर ध्यान देने की सलाह दी। वहीं विश्वविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि बदलती अर्थव्यवस्था और डिजिटल व्यवसाय के दौर में कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए करियर के नए अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। संकाय के डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. आशुतोष द्विवेदी ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि यह उनके जीवन की नई शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन, सकारात्मक सोच एवं निरंतर सीखने के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। कार्यक्रम का मंच संचालन बी.कॉम. की छात्राएं अदिति एवं रिया ने किया। अंत में संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ. मयंक कुमार राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. विशाल कुमार, डॉ. नवेंदु निधान एवं डॉ. मनीष की महत्वपूर्ण भूमिका रही जबकि तकनीकी सहयोग अरुण एवं बृजेश ने प्रदान किया।



## हरेंद्र सिंह को बिहार राज्य नागरिक परिषद का महासचिव बनाए जाने पर डॉ. निर्मल कुशवाहा ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार राज्य नागरिक परिषद का महासचिव बनाए जाने पर जदयू के वरिष्ठ नेता एवं चर्चित चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा ने हरेंद्र बहादुर सिंह उर्फ हरेंद्र सिंह को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि हरेंद्र सिंह के अच्छे कार्यों और पार्टी के प्रति समर्पण का परिणाम है कि उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. निर्मल कुशवाहा ने हरेंद्र सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने पर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, जदयू विधायक दल के नेता एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार तथा प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी। वहीं बिहार राज्य नागरिक परिषद के नवनियुक्त महासचिव हरेंद्र सिंह ने पार्टी के शीर्ष नेताओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, विधायक दल के नेता श्रवण कुमार, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और ललन सर्राफ के मार्गदर्शन एवं निर्देशों का पालन करते हुए पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। हरेंद्र सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने पर जदयू नेता दीपक निषाद, मुन्ना कुशवाहा, गुड्डू पटेल सहित कई जदयू नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।



## माइक्रोफेस्ट में 42 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज।** बुधवार को अनजबित सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज में माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में माइक्रोफेस्ट-2026 का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश राम ने किया। कार्यक्रम में राज्य समन्वयक सह वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. कन्हैया सिंह ने कहा कि सूक्ष्मजीवों की दुनिया मानव जीवन और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, ये कई रूपों में हमारे मित्र हैं जैसे दही, पनीर, दवा और खेती में लाभदायक तो वहीं कुछ सूक्ष्मजीव गंभीर बीमारियों का कारण बनकर शत्रु भी बन जाते हैं, इसलिए इनके लाभ और हानि की वैज्ञानिक जानकारी होना जरूरी है। प्राचार्य प्रो. राम ने कोरोना महामारी का उदाहरण देते हुए कहा कि एक सूक्ष्मजीव ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया था। अतः विद्यार्थियों और आम लोगों में जागरूकता फैलाना आवश्यक है। इस दौरान पेंटिंग, निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें कुल 42 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर सूक्ष्मजीवों के प्रभावों पर अपनी समझ प्रस्तुत की। भाषण प्रतियोगिता में बीएससी बॉटनी प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी अनुभूति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, पेंटिंग में शिवानी कुमारी और नेहा कुमारी संयुक्त रूप से प्रथम रहीं जबकि निबंध प्रतियोगिता में आकांक्षा आनंद अव्वल रहीं। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में प्रो. फजल अहमद, डॉ. रफत अली, मुनमुन चौधरी और अंकित कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक डॉ. शशि भूषण ने किया और अंत में डॉ. अनिल कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



## एसडीएम ने दिया छह खाद्य प्रतिष्ठानों को सप्ताह भर में सुधार का अल्टीमेटम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल प्रशासन ने मंगलवार को शहर के खाद्य प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई और मानकों को लेकर बड़ा औचक निरीक्षण अभियान चलाया जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज दिलीप कुमार द्वारा बिक्रमगंज बाजार में स्थित छह प्रतिष्ठानों का बारी-बारी से निरीक्षण किया गया जिनमें तीन बड़े फैमिली रेस्टोरेंट - निर्वाणा फैमिली रेस्टोरेंट, रेड चिली फैमिली रेस्टोरेंट और हॉट पॉइंट फैमिली रेस्टोरेंट के अलावा एक केक दुकान नारायण केक प्लेस तथा दो किराना प्रतिष्ठान रसोई मार्ट और ओम किराना दुकान शामिल है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पाया कि सभी जगहों पर साफ-सफाई, स्वच्छता, किचन और स्टोर की व्यवस्था, खाद्य सामग्री के रख-रखाव तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में कई कमियां हैं, कहीं कचरे का सही निपटान नहीं था तो कहीं खाद्य पदार्थों को खुले में और बिना मानक के रखा गया था। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित होटल, रेस्टोरेंट और दुकान के मालिकों व संचालकों को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि वे पाई गई कमियों को गंभीरता से लें और तत्काल आवश्यक सुधार करें तथा सरकार द्वारा निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित करें। प्रशासन ने सभी छह संचालकों को एक सप्ताह का समय दिया है और स्पष्ट रूप से कहा है कि एक सप्ताह के अंदर सभी कमियों को दूर करना अनिवार्य है, इसके बाद फिर से औचक निरीक्षण किया जाएगा और यदि दोबारा निरीक्षण में भी कमियां जस की तस पाई गईं या सुधार नहीं किया गया तो संबंधित मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी जिसमें जुर्माना से लेकर लाइसेंस रद्द करने तक की कार्रवाई शामिल हो सकती है। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी ने बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के सभी होटल, रेस्टोरेंट, केक प्लेस, किराना और खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों के लिए आम निर्देश जारी किया है कि वे सभी अपने-अपने प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई, स्वच्छता, खाद्य पदार्थों के उचित रख-रखाव और निर्धारित मानकों का पालन करना सुनिश्चित करें। ताकि लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल सके और त्योहारी सीजन में किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या न हो।



## डेढ़ माह पुराने शराब मामले में फरार आरोपी दबोचा गया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच थाने की पुलिस ने शराब मामले में फरार चल रहे आरोपी कारधन बिंद उर्फ मिथुन कुमार को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि करीब डेढ़ माह पहले पुलिस ने कोंच नहर के पास से शराब ले जा रहे एक टेम्पो को पकड़ा था।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-पीएफ-शेड्स-एचडब्ल्यूएच-26-27, दिनांक: 01.09.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं.: एसडीएसटीई-पीएफ-शेड्स-एचडब्ल्यूएच-26-27 के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल : निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य-अनुसूची ए- हावड़ा मंडल के 26 स्टेशनों में गैर-उपनगरीय स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म शेड के प्रावधान के लिए सिग्नल लागत। अनुसूची बी- वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में आदिसप्तग्राम, मगरा, तालाण्डु, खन्यन, पाण्डुया, सिमलागढ़, बैंची, बैंचीग्राम, देबीपुर, निमो, बागिला, रसूलपुर, हुगली घाट, गरिफा स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म शेड के प्रावधान के लिए सिग्नलिंग लागत। अनुसूची सी- वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा के खंड में गुड़ाप, झापानडांगा, जौग्राम, मसाग्राम, नबग्राम, चांचाइ, पल्ला रोड, शक्तिगढ़ और गंगपुर स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म शेड के प्रावधान के लिए सिग्नलिंग लागत। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,94,28,750.86, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 3,88,600/-**निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय :** 01.09.2026 को 13.40 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 11.09.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 25.09.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। HWH-315/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


## दुर्गावती नदी का जलस्तर बढ़ने से मोहनिया शहर पर मंडराया बाढ़ का खतरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** बिहार के कैमूर जिले में लगातार हो रही बारिश और दुर्गावती जलाशय से पानी छोड़े जाने के बाद दुर्गावती नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। नदी का पानी शहर की ओर बहने लगा है जिससे मोहनिया और आसपास के इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने नदी किनारे बसे लोगों को सतर्क रहने का निर्देश जारी किया है। जानकारी के अनुसार दुर्गावती जलाशय से करीब 15 से 20 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जलाशय से और पानी छोड़े जाने की संभावना जताई जा रही है। जलस्तर में लगातार वृद्धि को देखते हुए प्रशासन ने रतवार के समीप मोहनिया-भभुआ मुख्य पथ पर दुर्गावती नदी पुल के पास अधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती कर दी है। मौके पर एसडीएम के साथ सीओ, बीडीओ, क्यूआरटी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद हैं। रात के समय नदी के बढ़ते जलस्तर पर नजर रखने के लिए जेनरेटर के जरिए पुल पर चार बड़े वेपर लाइट लगाए गए हैं। अधिकारियों की मौजूदगी में नदी के बाहरी हिस्से में बांस के माध्यम से पानी की गहराई की मापी भी कराई गई।



वहीं, फ्लड कंट्रोल यूनिट की टीम भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रही है। मोहनिया की एसडीएम रत्ना प्रियदर्शिनी ने बताया कि नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। पुल के ठीक नीचे कटाव होने के कारण पानी का बहाव शहर की तरफ शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग का पावर हाउस निचले इलाके में स्थित है। यदि बाढ़ का पानी वहां तक पहुंचता है तो मोहनिया शहर की बिजली आपूर्ति तीन-चार दिन या उससे अधिक समय तक बाधित हो सकती है। इसी संभावित खतरे को रोकने के लिए फ्लड कंट्रोल यूनिट की टीम उपाय करने में जुटी है। बाढ़ के पानी की निकासी की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। नगर पंचायत की ओर से जेसीबी की मदद से पानी निकासी के लिए रास्ता बनाने का काम पहले से किया जा रहा है।

## छह को गोवा में होगा 'बिहार डेवलपमेंट समिट', रोहतास से बड़ी संख्या में लोग होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** 'लेट्स इंस्पायर बिहार' अभियान के अंतर्गत आगामी 6 सितंबर, रविवार को गोवा के वास्को स्थित रवींद्र भवन में 'बिहार डेवलपमेंट समिट 2026' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम पूर्वाह्न 10 बजे से शुरू होगा। समिट की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस आयोजन में बिहार के विकास को लेकर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों के बीच व्यापक विचार-विमर्श होगा। समिट के मुख्य संरक्षक मगध रेंज के पुलिस महानिरीक्षक एवं 2003 बैच के आईपीएस अधिकारी विकास वैभव हैं। कार्यक्रम में बिहार सरकार की उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह की भी शामिल होने की संभावना है। उनके शामिल होने से आयोजन को और व्यापकता मिलने की उम्मीद है। समिट में शामिल होने के लिए रोहतास जिले से भी बड़ी संख्या में लोग गोवा पहुंच रहे हैं। इनमें जीएम अंसारी, उपेंद्र मिश्रा, डॉ. शशिकांत, राम अवतार राय, 'गार्गी अध्याय' की जिला मुख्य समन्वयक नूतन पांडे, अयान खान, शशांक केतन, वरिंद्र कुशवाहा, सत्येंद्र चौबे, रिंकू देवी सहित कई लोग शामिल हैं।



**प्रवासी युवाओं को बिहार से जोड़ना उद्देश्य**

'बिहार डेवलपमेंट समिट' का प्रमुख उद्देश्य बिहार से बाहर रह रहे प्रवासी युवाओं, उद्यमियों, शिक्षाविदों और विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपनी मातृभूमि के विकास से जोड़ना है। इसके माध्यम से लोगों को बिहार के लिए सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। समिट में शिक्षा, क्षमता निर्माण, उद्यमिता और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श होगा। साथ ही वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के साथ 'विकसित बिहार-2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में आवश्यक पहल और संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी।

**2021 में देखे सपने का विस्तार**

आयोजकों के अनुसार यह अभियान विकास वैभव द्वारा वर्ष 2021 में देखे गए उस सपने का विस्तार है जिसमें बिहार की प्रतिभाओं और युवाओं को एक साझा मंच पर लाकर राज्य के विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की परिकल्पना की गई थी। शुरुआत में सीमित स्तर पर शुरू हुआ यह प्रयास अब व्यापक जनभागीदारी का रूप ले चुका है। गोवा में आयोजित होने वाला यह समिट बिहार के बाहर रहने वाले युवाओं और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर विकसित एवं आत्मनिर्भर बिहार के संकल्प को नई गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।


**शपथ-पत्र**

मैं शीला शिलोतमा भारती उम्र 45 वर्ष पति अमरेन्द्र कुमार, साकिन-पहाड़पुर, पो.+ थाना-कलेर, जिला-अरवल (बिहार) की स्थायी निवासी हूं। शपथ-पत्र के माध्यम से सत्य एवं निष्ठापूर्वक निम्नलिखित बातों को घोषणा करती हूं कि मैं उपरोक्त पता की स्थायी निवासी हूं। आधार नं.-8960 1462 0489 में मेरा नाम-शीला शिलोतमा भारती पति-अमरेन्द्र कुमार है। मेरे शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं पंजाब नेशनलब बैंक शाखा मेहन्दिया में बचत खाता सं.-2550000100145469 खोलवायी हूं जिसमें मेरी नाम-शीला शिलोतमा भारती पति- अमरेन्द्र कुमार है।

मैं अपने नाम से भारतीय जीवन बीमा के पॉलिसी नं. (52634 12314) दिनांक -13-10-2014 करवायी हूं जिसमें मेरा नाम शिला कुमारी पिता-गांधी यादव पति-अमरेन्द्र कुमार अंकित हो गया है।

शीला शिलोतमा भारती पति-अमरेन्द्र कुमार एवं शीला कुमारी पति-अमरेन्द्र कुमार दोनों नाम मेरा ही है।

दोनों तरह का नाम मेरा ही होने के प्रमाण में शपथ-पत्र निष्पादित कर रही हूं।

मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 16873/26 दिनांक 14.07.26

शपथकर्ता
शीला शिलोतमा भारती


## अवैध बूचड़खाने की सूचना पर प्रशासन ने की छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** नगर परिषद बिक्रमगंज के वार्ड संख्या-22 में अवैध रूप से बूचड़खाना संचालित होने की प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर प्रशासन ने बुधवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाया। अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज दिलीप कुमार के नेतृत्व में नगर परिषद के अधिकारियों एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा संबंधित चिन्हित स्थल पर गहन निरीक्षण और जांच की गई। बताया गया कि प्रशासन को लगातार यह शिकायत मिल रही थी कि वार्ड-22 में बिना अनुमति के अवैध बूचड़खाना चलाया जा रहा है जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश और जन स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी हुई थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल प्रशासन ने तत्काल टीम गठित कर मौके पर भेजा। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने पूरे परिसर की बारीकी से तलाशी ली। आसपास के क्षेत्र का मुआयना किया और वहां मौजूद लोगों से पूछताछ भी की, लेकिन निरीक्षण के क्रम में मौके पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि संचालित होते हुए नहीं पाई गई। न तो पशु वध का कोई साक्ष्य मिला और न ही उससे जुड़े उपकरण या अवशेष बरामद हुए। इसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पूरे नगर परिषद क्षेत्र में सतत निगरानी बनाए रखी जाए और भविष्य में कहीं भी अवैध बूचड़खाना या अन्य अवैध गतिविधि की सूचना मिलते ही तत्काल नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि ऐसी किसी भी गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, प्रशासन द्वारा नगर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और स्वच्छता बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी।




**प्रा.कृ. सा.स. समिति, खरकनी, देव (औरंगाबाद)**

**निविदा सूचना**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | इकाई लागत | निविदा का स्थान |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | फ्लाई ऐश, ब्रिक्स एवं टाइल्स मशीनरी | 15 लाख | खरकनी पैक्स, खरकनी, देव औरंगाबाद (बिहार) |

नोट : - 1. मशीनरी संस्थापन की पूर्ण जिम्मेवारी आपूर्तिकर्ता की होगी।
2. सभी यंत्र प्रतिष्ठित कंपनी एवं मानक के अनुरूप होना चाहिए।
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10 सितम्बर 2026 है।

**विशेष जानकारी हेतु अध्यक्ष, खरकनी पैक्स मो. 9934905830 पर संपर्क किया जा सकता है।**

अध्यक्ष
खरकनी पैक्स
देव (औरंगाबाद)

# जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं एवं बालिकाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विदित हो कि वन स्टॉप सेंटर का मुख्य उद्देश्य हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे एकीकृत सहायता और सहयोग प्रदान करना है। यह केंद्र पारिवारिक हिंसा, यौन उत्पीड़न और अन्य प्रकार के मानसिक या शारीरिक शोषण से प्रभावित महिलाओं को चिकित्सा सहायता, कानूनी परामर्श, मनोवैज्ञानिक सहायता, पुलिस सहायता और अस्थायी आश्रय जैसी आवश्यक सेवाएं एक साथ उपलब्ध कराता है। इसका उद्देश्य पीड़ित महिलाओं के लिए न्याय और पुनर्वास की प्रक्रिया को सरल, सुरक्षित और सुलभ बनाना है, ताकि उन्हें विभिन्न विभागों के कार्यालयों में अनावश्यक रूप से बार-बार जाने की जरूरत न पड़े। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने महिलाओं की सुरक्षा, निजता एवं गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए वन स्टॉप सेंटर के सभी खिड़कियों एवं दरवाजों में पर्दा लगाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सेंटर में आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके उपरांत उन्होंने आवासन कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, सीसीटीवी कैमरा कक्ष, रसोईघर सहित वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा यहां आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं एवं सेवाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर में निष्पादित मामलों का नियमित रूप से फॉलोअप करते रहने तथा संबंधित महिलाओं एवं बालिकाओं को आवश्यक सहयोग एवं सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# राहुल गांधी पर हुई प्राथमिकी के खिलाफ कांग्रेस का विरोध मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी के खिलाफ राजनीतिक द्वेष और साजिश के तहत दर्ज किए गए एससी एसटी एक्ट के मुकदमे के विरोध में आज नवादा जिला कांग्रेस कमेटी ने विरोध मार्च निकाला। यह आक्रोश मार्च जिला कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर शहर में मुख्य मार्ग होते हुए भगत सिंह चौक तक गया जहां एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। विरोध मार्च का नेतृत्व कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर उतारू है राहुल गांधी जी लगातार देश के दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, गरीब सवर्ण और गरीबों के हक की आवाज उठा रहे हैं उनकी इस बढ़ती लोकप्रियता और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से घबराकर भाजपा सरकार सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रही है झूठे मुकदमे दर्ज कर विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है जिसे कांग्रेस पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। अनुसूचित जाति के उमाशंकर रजक ने कहा कि एससी एसटी कानून का राजनीतिक लाभ के लिए दुरुपयोग करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है राहुल गांधी जी हमेशा से शोषितों और वंचितों के अधिकारों के सबसे बड़े रक्षक रहे हैं और उनके खिलाफ ऐसा मुकदमा हास्यास्पद है। अनुसूचित जाति जनजाति के के कमलेश पासवान ने कहा कि यह जो झूठी मुकदमा दर्ज हुआ है वह राहुल गांधी का मेडल है झूठे मुकदमे दर्द करने वाली आरएसएस बीजेपी सरकार को पूरा दलित समाज जवाब देगा कांग्रेस पार्टी डरने वालों में नहीं लड़ने वालों में है। राहुल -प्रियंका बीग्रेड सेना के प्रदेश सचिव संजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने 8 अगस्त को उत्तराखंड में हल्द्वानी में आहूत कार्यक्रम स्थल पर भाजपा और आरएसएस के दलित विरोधी मानसिकताओं के लोगों द्वारा शुद्धिकरण कराए जाने पर शोक व्यक्त किया और कहा कि बीजेपी और आरएसएस के लोग भेदभाव और छुआछूत बढ़ाने का काम कर रही है या अपमान पूरे दलित समाज का अपमान है। विरोध मार्च में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि रजनीकांत दीक्षित, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार, गरीबन मुखिया, छोटेलाल यादव, हिसुआ प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार, इंटक के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, अनुसूचित जाति जनजाति के पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## एक नजर

### नए बीइओ राजन कुमार ने किया पदभार ग्रहण

**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन में बुधवार को नए बीईओ राजन कुमार ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान तत्कालीन बीईओ ने प्रभार को सौंपा। प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन,बीआरपी आनन्द कुमार, शिक्षक मनोज कुमार, प्रधानाध्यापक राकेश कुमार, शिक्षक विशाल चंद्रा,शिक्षक विनोद कुमार दास ने नवपदस्थापित बीईओ राजन कुमार को फूलों का गुलदस्ता और डायरी कलम देकर सम्मानित व स्वागत करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस प्रखंड के 13 वें बीईओ के रुप में अपना योगदान दिया है। फिलहाल नारदीगंज प्रखंड के प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी के पद पर भी आसीन है। विभाग में बीईओ के अतिरिक्त प्रभार में इन्हें नए जिम्मेदारी सौंपी है। नवपदस्थापित बीईओ ने कहा सभी विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था सुदृढ़ हो। छात्र व छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा शिक्षकों के माध्यम से मिलें। सभी शिक्षक अपने कर्तव्य और दायित्व को अवश्य समझें। गुरु व शिष्यों में मधुर संबंध स्थापित रहें। शिक्षक छात्रों के भविष्य निर्माता होते हैं। विद्यालय का संचालन सही तरीके से हो,कोताही नहीं बरतना है। जहां भी मेरी जरूरत हो बेहिचक मिलकर संवाद कर समस्याओं को समाधान कर सकते है।

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता के निधन पर जिला कांग्रेस कमेटी ने व्यक्त किया गहरा शोक

**नवादा**। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक गुप्ता जी के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने की। सभी उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। प्रभाकर झा ने कहा कि अशोक गुप्ता जी का निधन कांग्रेस पार्टी और पूरे समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षति है उन्होंने जीवन भर कांग्रेस की विचारधारा और संगठन की मजबूती के लिए निस्वार्थ भाव से काम किया। शोक सभा में कार्यकर्ताओं ने ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका सरल स्वभाव और जन सेवा के प्रति समर्पण हमेशा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करता रहेगा। शोक सभा में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि रजनीकांत दीक्षित, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार, गरीबन मुखिया, छोटेलाल यादव, हिसुआ प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार, इंटक के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार, अनुसूचित जाति जनजाति के पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार, भारत यात्री नवीन पासवान, सत्येंद्र प्रसाद कुशवाहा, रामाशीष कुमार, रोह प्रखंड अध्यक्ष संतोष राजवंशी, नवादा प्रखंड अध्यक्ष रामजन्म सिंह, वारसलीगंज प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार, रजौली प्रखंड अध्यक्ष कुंदन दीप, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरविंद कुमार, रविंद्र कुमार, कृष्णा चौधरी, अनु सिंह, शिव शंकर, सेवा दल के सुरेंद्र कुमार ने अशोक गुप्ता जी के आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की।

### ट्रांसफॉर्मर में तकनीकी खराबी से लोग परेशान

**पकरीबरावां**। प्रखण्ड के भगवानपुर पोखर के पास के ट्रांसफॉर्मर में तकनीकी खराबी आ जाने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। सोमवार की सुबह को ट्रांसफॉर्मर में खराबी आई। शाम में उसे किसी तरह ठीक किया गया। लेकिन आधे घण्टे के बाद ट्रांसफॉर्मर पूरी तरह निष्क्रिय हो गया और दर्जनों घरों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। ट्रांसफॉर्मर में खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो जाने के कारण लोगों को पेयजल के लिए भारी परेशानी हो रही है। लोगों को पेयजल के लिए इधर- उधर भटकना पड़ रहा है। महादलित टोला के लोगों ने बताया कि हाल के दिनों में कई बार ट्रांसफॉर्मर में खराबी आई है। लोगों ने बताया कि लोड ज्यादा होने के कारण ट्रांसफॉर्मर में खराबी आयी है। लोगों ने कहा कि इस स्थान पर एक बड़ा ट्रांसफॉर्मर की जरूरत है। यहां पर 100 केवीए के ट्रांसफॉर्मर की जरूरत है। 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगे रहने के कारण बार- बार इसमें खराबी आती है। ग्रामीणों ने कहा कि 100 केवीए के ट्रांसफॉर्मर से ही समस्या का निदान है। अन्यथा हर हमेशा यह खराब होता रहेगा और लोगों को परेशानी होती रहेगी। इधर, कनीय अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर में खराबी की सूचना भेज दी गई है। जल्द ही इसे बदलकर बिजली आपूर्ति शुरू की जाएगी।

# बुजुर्ग के बैंक खाते से उड़ाए 44 हजार से अधिक रुपये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। थाना क्षेत्र अंतर्गत बॉढ़ी कला गांव में साइबर ठगों ने एक वृद्ध को अपना निशाना बनाते हुए उनके पंजाब नेशनल बैंक खाते से 44,875 रुपये की अवैध निकासी कर ली है। थाना क्षेत्र के बॉढ़ी कला गांव निवासी स्वर्गीय किसुन गिरी के पीड़ित 63 वर्षीय पुत्र राम रतन गिरी का खाता पंजाब नेशनल बैंक की रजौली शाखा में खाता संचालित है, जहां बीती 1 सितंबर 2026 की शाम लगभग 5:24 बजे अचानक उनके मोबाइल पर लगातार तीन मैसेज आए। इन संदेशों के जरिए उन्हें पता चला कि यूपीआई के माध्यम से उनके खाते से पहली बार में 19,938 रुपये, दूसरी बार में 14,999 रुपये और तीसरी बार में 9,938 रुपये गायब कर दिए गए हैं। इतनी बड़ी रकम अचानक कटने से स्तब्ध बुजुर्ग ने बिना समय गंवाए बैंक पहुंचकर प्रबंधन को घटना की जानकारी दी और अपने खाते को तत्काल ब्लॉक करवाया ताकि आगे कोई अन्य अवैध लेन-देन न हो सके। शाखा प्रबंधक अविनाश कुमार गुप्ता ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़ित की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई कर खाते को फ्रीज कर दिया गया है तथा आधिकारिक बैंक स्टेटमेंट जारी कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक लाख रुपये से कम की ठगी होने के कारण नियमानुसार स्थानीय पुलिस कार्रवाई करेगी।

# प्रणय भारती चंद्रवंशी की हत्या पर डॉ. प्रेम कुमार ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा**। हिसुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचु गढ़पर निवासी 22 वर्षीय प्रणय भारती चंद्रवंशी की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गहरा दुःख एवं शोक व्यक्त किया है। घटना की जानकारी मिलते ही डॉ. प्रेम कुमार ने नवादा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) से तत्काल दूरभाष पर बात कर पूरे मामले की जानकारी ली तथा हत्या में संलिप्त अपराधी के विरुद्ध कठोर एवं उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपराधी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, कानून से ऊपर कोई नहीं है। पुलिस इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषी को गिरफ्तार कर उसे कानून के अनुसार कड़ी सजा दिलाने की दिशा में कार्य करे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि नवादा में कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने मृतक प्रणय भारती चंद्रवंशी की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक-संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि इस अत्यंत दुःख की घड़ी में परिजनों एवं स्वजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कानून सम्मत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# एचआइवी/एड्स से बचाव एवं नियंत्रण को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में एचआईवी/एड्स से बचाव एवं नियंत्रण को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में जिला संचारी रोग पदाधिकारी नवादा माला सिन्हा द्वारा एचआईवी संक्रमण के प्रसार की रोकथाम एवं संक्रमित व्यक्तियों के उपचार से संबंधित निर्धारित लक्ष्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विशेष अभियान के अंतर्गत युवाओं एवं आमजनों के बीच एचआईवी/एड्स से बचाव एवं नियंत्रण के संबंध में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाना आवश्यक है। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान एचआईवी/एड्स अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के संबंध में लोगों को जागरूक किया जाएगा। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं एवं प्रसव पूर्व जांच सेवा प्राप्त करने वाली महिलाओं को एचआईवी एवं सिफलिस संक्रमण से संबंधित आवश्यक जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा ऑनलाइन एचआईवी जोखिम आकलन सुविधा के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। जिला, प्रखंड एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न सरकारी विभागों एवं प्रशासनिक इकाइयों के सहयोग से एचआईवी जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही निरोध सेवा सहित राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध अन्य सेवाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी तथा राष्ट्रीय टोल फ्री हेल्पलाइन संख्या 1097 के उपयोग के प्रति भी आमजनों को जागरूक किया जाएगा।

## नालंदा

# चिकित्सा आपके द्वार अभियान की मंत्री श्रवण कुमार ने की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। सदर अस्पताल परिसर में बुधवार को चिकित्सा आपके द्वारा अभियान के तहत विशेष गैर-संचारी रोग (एनसीडी) जांच शिविर का आयोजन किया गया। अभियान की शुरुआत ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने की। शिविर में 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। मधुमेह, रक्तचाप, सामान्य कैंसर, हृदय रोग, सांस एवं फेफड़े तथा फैटी लीवर समेत कई बीमारियों की स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान पटना से मुख्यमंत्री के संदेशों का सीधा प्रसारण भी किया गया। मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों ने मुख्यमंत्री के संदेशों को देखा और सुना। मंत्री और सांसद ने शिविर में अपनी भी मधुमेह एवं रक्तचाप की जांच कराई। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि चिकित्सा आपके द्वारा अभियान के तहत आशा कार्यकर्ताओं और चिकित्सकों को लगाया गया है। ये स्वास्थ्यकर्मी गांव-गांव जाकर लोगों की जांच करेंगे और बीमारी से चिन्हित मरीजों के उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। जिन मरीजों को बेहतर इलाज की जरूरत होगी, उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया जाएगा। रेफर मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए निरूशुल्क एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई है।सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि कई बार बीमारी का समय पर पता नहीं चलने के कारण व्यक्ति अचानक गंभीर रूप से बीमार पड़ जाता है। स्क्रीनिंग के माध्यम से यदि बीमारी की पहचान शुरुआती अवस्था में हो जाए तो समय पर उपचार कर मरीज को स्वस्थ रखा जा सकता है। मौके पर डीएम उदिता सिंह, सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश सिंह, उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन, डीपीएम श्याम कुमार निर्मल, अस्पताल प्रबंधक मोहम्मद इमरान, लेखापाल सुरजीत कुमार समेत कई अधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# श्रवण कुमार ने किया 'दीदी की रसोई' का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले के बिहारशरीफ शहर स्थित अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत करीब 300 छात्र-छात्राओं को शुद्ध, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति-जीविका की ओर से 'दीदी की रसोई' का शुभारंभ किया गया। रसोई का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया। इस अवसर पर नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार तथा उप विकास आयुक्त सारा अशरफ उपस्थित रहीं। 'दीदी की रसोई' के संचालन की जिम्मेदारी जीविका से जुड़ी महिलाओं को सौंपी गई है। करीब 12 जीविका दीदियां भोजन तैयार करने से लेकर छात्र-छात्राओं को परोसने और खिलाने तक की जिम्मेदारी संभालेंगी, जबकि आठ जीविका दीदियां साफ-सफाई और स्वच्छता संबंधी कार्यों का दायित्व निभाएंगी। इस व्यवस्था से विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण में पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन मिलेगा, वहीं जीविका से जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका और आर्थिक सशक्तीकरण का अवसर प्राप्त होगा। श्रवण कुमार ने रसोई में कार्यरत जीविका दीदियों से संवाद किया और भोजन की गुणवत्ता के साथ स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने महिलाओं को अपने कार्य में दक्षता हासिल कर आत्मनिर्भर बनने के लिए शुभकामनाएं दीं। यह पहल ग्रामीण एवं वंचित समुदायों की महिलाओं के कौशल को स्थायी आजीविका से जोड़ने की दिशा में जीविका के प्रयासों का महत्वपूर्ण उदाहरण है। इसके माध्यम से पोषण, स्वच्छता और महिला सशक्तीकरण के तीनों लक्ष्यों को एक साथ साधने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक संजय प्रसाद पासवान, संस्था निर्माण प्रबंधक राम पुकार, संचार प्रबंधक संतोष कुमार, मानव संसाधन प्रबंधक बिनीत रंजन, अधिप्राप्ति प्रबंधक प्रिया कुमारी, प्रखंड परियोजना प्रबंधक सुधीर कुमार दुबे, क्षेत्रीय समन्वयक राहुल प्रियदर्शी सहित अन्य जीविकाकर्मी मौजूद रहे।

### चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**नगरनौसा**। नगरनौसा पुलिस ने गश्ती के दौरान चोरी की अपाची बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी मनीष कुमार और रोहित कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि दिवा गश्ती के दौरान पुलिस ने बिना नंबर प्लेट की लाल रंग की अपाची मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोककर बाइक को अपने कब्जे में लिया। पूछताछ के साथ-साथ बाइक के स्वामित्व और इंजन व चेचिस नंबर की जांच की गई। भौतिक सत्यापन के दौरान पता चला कि उक्त मोटरसाइकिल 23 जुलाई को पटना जिले के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। इस संबंध में लखीसराय जिले के पिपरिया दियारा निवासी विक्की राय ने बख्तियारपुर थाना में बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल

**नगरनौसा**। नगरनौसा प्रखंड क्षेत्र के कछियावां पंचायत अंतर्गत भोभी गांव में मंगलवार की देर शाम सड़क हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सड़क पार करने के दौरान अज्ञात बाइक सवार ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घायल महिला की पहचान भोभी गांव निवासी महेंद्र यादव की 50 वर्षीया पत्नी सुनीता देवी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, मंगलवार की शाम सुनीता देवी सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार में आ रही अज्ञात बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से घायल सुनीता देवी को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया। घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**हिलसा**। चिकसौरा थाना क्षेत्र के मुरलीगढ़ गांव में खेत में गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से एक किसान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मुरलीगढ़ निवासी लक्ष्मी ठाकुर के पुत्र सुदामा ठाकुर के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार, सुदामा ठाकुर बुधवार की शाम गांव के ही खेत में धान की फसल देखने गए थे। इसी दौरान खेत में पहले से गिरे बिजली के तार की चपेट में आ गए। करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों को घटना की जानकारी मिली तो वे मौके पर पहुंचे और किसी तरह बिजली के तार को अलग किया, लेकिन तब तक सुदामा ठाकुर की मौत हो चुकी थी।घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। चिकसौरा थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। परिजनों की ओर से आवेदन मिलने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दो बाइकों की टक्कर में युवक जख्मी

**सरमेरा**। थाना क्षेत्र के परनावां गांव स्थित आईटीआई कॉलेज के समीप बुधवार को दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल की पहचान गोपालबाद गांव निवासी अमीरक मांझी के करीब 35 वर्षीय पुत्र रंजन मांझी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों बाइक सवार सरमेरा की ओर से गोपालबाद की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान आईटीआई कॉलेज के पास अचानक दोनों बाइक अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रंजन मांझी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना एंबुलेंस को दी और घायल युवक को इलाज के लिए सरमेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# नालंदा खुला विश्वविद्यालय में नामांकन की अंतिम तिथि बढ़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा खुला विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों के लिए राहत की खबर है। विद्यार्थियों के आग्रह को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब इच्छुक विद्यार्थी 21 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन नामांकन के लिए आवेदन कर सकेंगे।बताया गया कि नामांकन के इच्छुक कई विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को आवेदन देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया था। विद्यार्थियों का कहना था कि लगातार हो रही बारिश के कारण कई क्षेत्रों में बिजली और इंटरनेट नेटवर्क की सुविधा बाधित है। इससे ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करने में उन्हें परेशानी हो रही है। छात्रहित को देखते हुए विद्यार्थियों ने नामांकन की तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया था। विद्यार्थियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कुलपति प्रोफेसर रवींद्र कुमार और कुलसचिव प्रोफेसर अभय कुमार सिंह ने नामांकन की अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया।विश्वविद्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार, स्नातकोत्तर विज्ञान, कला एवं वाणिज्य, स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, चार वर्षीय स्नातक कला एवं विज्ञान, बी.एल.आई.एस., एम.एल.आई.एस., बी.सी.ए., एम.सी.ए. (140 सीटें), रजिस्ट्रेशन तथा सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए अब 21 सितंबर तक आवेदन किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी संबंधित पाठ्यक्रमों में महिला विद्यार्थियों को नामांकन शुल्क में पूर्व की तरह 25 प्रतिशत की छूट मिलती रहेगी।

# आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण को लेकर भूमि की उपलब्धता की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ**। आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता को लेकर उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण के लिए चिन्हित भूमि की स्थिति, एनओसी प्राप्त भूमि तथा निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई।बैठक में उपविकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि जिन भूमि के लिए एनओसी प्राप्त हो चुकी है और जिनका भौतिक सत्यापन भी पूरा कर लिया गया है, उनमें से निर्माण योग्य एवं उपयुक्त भूमि को आवश्यकता के अनुसार संबंधित निर्माण एजेंसियों को उपलब्ध कराया जाए। मनरेगा तथा नाबार्ड के माध्यम से निर्माण कार्य कराने वाली एलएईओ-1 बिहारशरीफ एवं एलएओ -2 हिलसा को ऐसी भूमि उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजने का निर्देश दिया गया।वहीं, एनओसी प्राप्त ऐसी भूमि जो वर्तमान में भवन निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं है, उसे विभिन्न श्रेणियों में चिह्नित करने का निर्देश दिया गया। ऐसी भूमि के स्थान पर संबंधित अंचलाधिकारी के माध्यम से वैकल्पिक भूमि उपलब्ध कराने को कहा गया।उपविकास आयुक्त ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप भूमि चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर विभिन्न एजेंसियों द्वारा आंगनबाड़ी भवन निर्माण का कार्य चल रहा है, वहां गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराया जाए। बैठक में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस, डीआरडीए के निदेशक, डीपीओ मनरेगा तथा एल एईओ-1 बिहारशरीफ और एलएईओ -2 हिलसा के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

# वेतन-पेंशन भुगतान की मांग को लेकर धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**हरनौत**। प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम 2026 को रद्द करने, नियमित वेतन-पेंशन का भुगतान करने समेत नौ सूत्री मांगों को लेकर बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के आह्वान पर बुधवार को राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय मुख्यालयों के समक्ष शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षाकर्मियों ने सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की। फैक्टनेब के महासचिव प्रो. राजीव रंजन एवं मीडिया प्रभारी प्रो. अरुण गौतम ने बताया कि नियमित वेतन-पेंशन के अलावा शैक्षणिक सत्र 2015-18 से 2022-25 तक आठ वर्षों की परीक्षा परिणाम आधारित वेतन मद की बकाया अनुदान राशि का भुगतान करने की मांग की गई है। इसमें इंटर खंड की राशि भी शामिल है।महासंघ ने शासी निकाय सदस्यों के लिए विश्वविद्यालय प्रतिनिधि का मनोनयन और शिक्षक प्रतिनिधि के चुनाव की प्रक्रिया समय पर पूरी करने, सभी विश्वविद्यालयों में सीनेट सदस्यों का समयबद्ध चुनाव कराने, उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन के पारिश्रमिक एवं भत्तों में समानता लागू करने तथा वर्ष 2007 के बाद नियुक्त शिक्षकों का सेवा समायोजन करने की मांग भी उठाई।प्रो. अरुण गौतम ने कहा कि नियमित वेतन-पेंशन का भुगतान होने तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि 9 सितंबर से मुख्यमंत्री के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा, जिसमें राज्य के 220 संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के करीब 25 हजार शिक्षाकर्मियों के शामिल होने का दावा किया गया है।

# दिव्यांगजनों के लिए विशेष रोजगार शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत दिव्यांगजनों के लिए विशेष रोजगार एवं मार्गदर्शन शिविर का आयोजन बुधवार को संयुक्त श्रम भवन, जिला नियोजनालय नालंदा, बिहारशरीफ प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा स्नेहा, सहायक निदेशक दिव्यांगजन प्राची रिया, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी शालिनी कुमारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से जुड़ी संस्था के प्रतिनिधि आदित्य गिरी, इंटेक असिस्टेंट तथा एसोसिएशन ऑफ पीडब्ल्यूडी के अध्यक्ष हरदेव प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी ने दिव्यांग अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसरों और करियर निर्माण को लेकर मार्गदर्शन दिया। साथ ही नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय, स्टडी किट, टूल किट सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में निजी क्षेत्र की तीन कंपनियों फ्लिपकार्ट से पुंजय कुमार, वी-2 से कार्तिक सोलंकी और यूथ-4 जॉब्स से शिवम कुमार ने भाग लिया। रोजगार एवं मार्गदर्शन शिविर में कुल 61 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। नियोजकों द्वारा 27 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया, जिसमें फ्लिपकार्ट ने मौके पर ही 9 अभ्यर्थियों का चयन किया। कार्यक्रम में जिला नियोजनालय के पंकज यादव, सुनील कुमार समेत सभी कर्मी मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

# आवेदनों को प्राथमिकता स्तर पर निष्पादन हेतु पदाधिकारियों को दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में आये अनेकों फरियादियों को देख उनकी समस्याओं को सुना गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 50 से अधिक आमजनों की समस्याएं सुनीं गयी।



जनता दरबार में कुछ आवेदन अपना जमीन को निबंधन करवाने संबंधित मामले में जिलाधिकारी ने अवर निबंधक पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि निबंधन कार्यालय के मुख्य द्वार के समीप आज से ही हेल्प डेस्क संचालित करवाये और जो व्यक्ति अपना जमीन को निबंधन करवाना चाहते हैं, उनको ई- निबंधन करवाये। इसे पूरी गंभीरता से पालन करवाने का निर्देश दिए हैं। मानपुर अलीपुर गंगटी में सरकारी भूमि के बड़े भूखण्ड में खेल का मैदान बना हुआ है, उसी जमीन पर लाभुक को पर्चा वितरित होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने अंचलाधिकारी मानपुर को निर्देश दिए हैं कि खेल के मैदान में बाद शेष जमीन में पर्चा वितरण किया जाए। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, आरटीपीएस, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

## धरहरा मठिया के पास नदी में डूबा 15 वर्षीय किशोर, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र की धरहरा मठिया के पास बुधवार दोपहर शिव मंदिर के समीप नदी में नहाने के दौरान 15 वर्षीय किशोर डूब गया। मृतक की पहचान मल्लह बिगहा गांव निवासी प्रमोद चौधरी के पुत्र राहुल कुमार उर्फ कलुआ के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद नदी से राहुल को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच ले गए। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार इस स्थान पर नदी काफी गहरी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई शुरू कर पोस्टमार्टम के लिए शव को मेडिकल कॉलेज गया भेजा, तत्पश्चात शव परिजनों को सौंपा गया।

## पुरुष क्रॉस कंट्री दौड़ में मिर्जा गालिब कॉलेज के तीन विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के अंतर महाविद्यालय खेल कार्यक्रम के तहत पुरुष क्रॉस कंट्री दौड़-2026 प्रतियोगिता का आयोजन अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया की खेल समिति द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में मिर्जा गालिब कॉलेज, गया के तीन विद्यार्थियों ने भाग लिया। मिर्जा गालिब कॉलेज से जंतु विज्ञान विभाग के मो. अनस तथा राजनीति विज्ञान विभाग के नूर मोहम्मद और मो. साकिब ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का प्रदर्शन किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि खेलकूद को जीवन में कम महत्व नहीं देना चाहिए। आज खेल बेहतर करियर विकल्प के रूप में भी उभर रहा है। खेलों को दैनिक जीवन में शामिल करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। कॉलेज के सचिव शकील अहमद खान ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मो. नजीर अख्तर ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज की खेल प्रभारी डॉ. निधि त्रिपाठी, रितेश कुमार सिंह, मिर्जा गालिब कॉलेज के खेल प्रभारी डॉ. जुफैल हसन, अंशु कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की जानकारी कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. इबरार खान और डॉ. अकरम वारिस ने दी।



## छात्र-अभिभावकों की शिकायत पर शिक्षा विभाग ने की कार्रवाई

### मध्य विद्यालय चहरा-पहरा की शिक्षिका पर गिरी गाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया।** सरकारी विद्यालय में बच्चों को मुफ्त शिक्षा और बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर अभिभावक भेजते हैं, वहीं ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) देने के नाम पर पैसे मांगने और बच्चों के निवाले से जुड़ी पीएम पोषण योजना के संचालन में गड़बड़ी के आरोपों ने शिक्षा व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है। गयाजी जिले के नक्सल प्रभावित डुमरिया प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय चहरा-पहरा की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सह विशिष्ट शिक्षिका बबीता कुमारी को इन शिकायतों की जांच के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बुधवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। विभागीय कार्रवाई के बाद शिक्षा महकमे में हलचल है। मामले की शुरुआत विद्यालय की व्यवस्था को लेकर छात्र-छात्राओं और अभिभावकों की ओर से सामने आई शिकायतों से हुई। आरोप था कि बच्चों को टीसी जारी करने के नाम पर पैसे मांगे जा रहे हैं। इसके अलावा विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था और पीएम पोषण योजना के संचालन को लेकर भी सवाल उठाए गए। शिकायतें शिक्षा विभाग तक पहुंचीं तो मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कराई गई। इसके बाद डुमरिया के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालय पहुंचकर भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय की प्रशासनिक और वित्तीय व्यवस्था के साथ पीएम पोषण योजना, बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं तथा पढ़ाई की स्थिति से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की पड़ताल की गई। जांच आगे बढ़ने के साथ प्रभारी प्रधानाध्यापिका से भी विभाग ने आरोपों के संबंध में जवाब मांगा। प्राप्त जवाब और जांच रिपोर्ट की समीक्षा के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कार्रवाई करते हुए बबीता कुमारी को निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया। इस संबंध में डुमरिया के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि डीईओ के आदेश पर बबीता कुमारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है और मामले में आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय प्रखंड संसाधन केंद्र, इमामगंज निर्धारित किया गया है।

## आकाशीय बिजली से प्राचीन सूर्य मंदिर का गुंबद क्षतिग्रस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच प्रखंड के बिजहरा गांव में मंगलवार देर रात करीब 11 बजे आकाशीय बिजली गिरने से गांव स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर का गुंबद क्षतिग्रस्त हो गया। तेज आवाज से आसपास के ग्रामीण दहशत में आ गए। बताया जाता है कि बिजली की चपेट में आने से मंदिर के गुंबद का एक हिस्सा टूट गया। मंदिर में बसेरा कर रहे दर्जनों कबूतरों की भी मौत हो गई। घटना के बाद बुधवार सुबह ग्रामीणों ने मंदिर का निरीक्षण कर मरम्मत की मांग की। इधर लगातार बारिश से गांव के पास स्थित बड़ा तालाब लबालब भर गया है। आसपास जलजमाव की स्थिति है। खेतों में अधिक पानी भरने से किसानों को धान की फसल खराब होने का डर है। ग्रामीण जय प्रकाश यादव, अनिल यादव, सुनील यादव, सियाराम यादव, निरंजन शर्मा, सूर्यदयाल यादव और भास्कर यादव ने प्रशासन से मंदिर के जीर्णोद्धार और संरक्षण के लिए सरकारी सहायता की मांग की है। उन्होंने कहा कि धार्मिक महत्व के इस मंदिर की मरम्मत के लिए कोई सरकारी योजना हो तो उसका लाभ दिया जाए।



## दिव्यांगों के जीवन में दौड़ी 'सहारे की साइकिल'

### 115 लाभुकों को मिले उपकरण, 62 को ट्राइसाइकिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** किसी के लिए ट्राइसाइकिल सिर्फ एक वाहन है तो किसी दिव्यांग के लिए यही उसकी आजादी का पहिया है। बुधवार को इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड एवं एएलआईएमसीओ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में जब दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण सौंपे गए तो उनके चेहरों पर खुशी साफ झलक उठी। सीएसआर के तहत आयोजित कार्यक्रम में 62 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल समेत कुल 115 लाभुकों को व्हीलचेयर, वैशाखी सहित विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन ईआईएल के स्वतंत्र निदेशक एवं भाजपा नेता शंभुनाथ केशरी, पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, गुरुआ विधायक उपेंद्र प्रसाद एवं भाजपा नेता क्षितिज मोहन सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद आगत अतिथियों का स्वागत पौधा, मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि दिव्यांगजनों को जरूरत के मुताबिक सहायक उपकरण उपलब्ध कराना महज सहायता नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में ठोस पहल है। उपकरण मिलने से लाभुकों को आवागमन और दैनिक कार्यों में काफी सहूलियत होगी। कार्यक्रम में उपकरण पाने वाले लाभुकों के बीच उत्साह का माहौल रहा। ट्राइसाइकिल और व्हीलचेयर मिलने से अब उन्हें अपनी जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भरता कम होने की उम्मीद जगी है। मौके पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी, एएलआईएमसीओ के प्रतिनिधि, लाभुक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



## अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक, महमदपुर की भूमि को रोक सूची से हटाने की अनुशंसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** अनुमंडल नीमचक बथानी अंतर्गत भूमि को रोक सूची से मुक्त करने से संबंधित मामलों को लेकर बुधवार, 2 सितंबर को अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसीएलआर नीमचक बथानी, अवर निबंधन पदाधिकारी खिजरसराय सहित सभी अंचल अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में विभिन्न अंचलों से संबंधित भूमि के रोक सूची से मुक्त करने के मामलों की बारीकी से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान खिजरसराय अंचल के मौजा महमदपुर, खाता संख्या 75 एवं प्लॉट संख्या 126 और 161 से संबंधित भूमि के मामले में उपलब्ध समुचित साक्ष्यों की जांच की गई। समिति ने साक्ष्यों एवं अभिलेखों की सम्यक समीक्षा के बाद उक्त भूमि को रोक सूची से मुक्त करने की अनुशंसा की। वहीं, शेष लंबित मामलों को लेकर सभी अंचल अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक प्रतिवेदन तैयार कर अवर निबंधन कार्यालय, खिजरसराय में समर्पित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अधिकारियों को भूमि संबंधी मामलों के निष्पादन में आवश्यक कार्रवाई तेजी से सुनिश्चित करने को कहा गया।



## अंतर महाविद्यालय पुरुष क्रॉस कंट्री दौड़ में एएम कॉलेज उपविजेता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालय पुरुष क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय (एएम कॉलेज), गया में किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के छह महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। 12 किलोमीटर लंबी दौड़ गुलेरियाचक से एएम कॉलेज तक आयोजित हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नजीर अख्तर ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में सत्येंद्र नारायण सिंह कॉलेज, जहानाबाद ने विजेता तथा एएम कॉलेज, गया ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. नजीर अख्तर ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती है। इस अवसर पर खेल प्रभारी डॉ. निधि त्रिपाठी, खेल समन्वयक डॉ. रितेश कुमार सिंह सहित महाविद्यालय के कई शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। डॉ. त्रिपाठी ने खिलाड़ियों, निर्णायकों और आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया।



## मोरहर नदी में 55 वर्षीय अधेड़ के डूबने से मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** भेलमपुर गांव के समीप बुधवार दोपहर मोरहर नदी में भैंस को पार कराने के दौरान 55 वर्षीय भगत यादव तेज बहाव की चपेट में आकर नदी में गिर गए। देखते ही देखते वह पानी की धारा में लापता हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी किनारे जुट गए। बताया गया कि भगत यादव भैंस को लेकर नदी पार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरे। ग्रामीणों ने तत्काल नदी में उतरकर उनकी तलाश शुरू की, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिल सका।


कार्यालय, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

Email : acmofood@gmail.com

-: सूचना:-

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या–GRH/ACMO/01/2026-2027 (Advt. P.R. No. 388137) को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

PR 388874 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)#D

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा


## बुढ़िया नदी के किनारे हरियाली बढ़ाने की पहल, नगर परिषद ने लगाए फलदार व छायादार पौधे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** पर्यावरण संरक्षण और नदी तट को हरा-भरा बनाने की दिशा में नगर परिषद की ओर से पहल की गई। जल-जीवन-हरियाली कार्यक्रम के तहत नगर परिषद की मुख्य पार्षद गीता देवी के नेतृत्व में गढ़ मोहल्ला के समीप बुढ़िया नदी के तट पर फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए।



इस दौरान मुख्य पार्षद ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण के साथ लगाए गए पौधों की देखभाल भी जरूरी है। लगातार पेड़ों की कटाई और हरियाली में कमी से पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जंगल, पहाड़ और नदियों को संरक्षित कर ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में पार्षद पप्पू सिंह, पशुपतिनाथ पाठक, दीनानाथ पांडे, अजीत सिंह, सिटी मैनेजर साबिर अंसारी, जेई बृजेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अभय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 24 घंटे बाद नदी से मिला युवक का शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच प्रखंड के चिचौरा गांव के पास नेरा नदी में मंगलवार सुबह डूबे युवक का शव बुधवार सुबह बरामद कर लिया गया। जानकारी के अनुसार चिचौरा निवासी मुकेश कुमार चंद्रवंशी, 35, पिता कपिल राम मंगलवार सुबह करीब 9 बजे पुल पर बैठा था। इसी दौरान वह अचानक पुल से गिरकर नदी में डूब गया था। घटना के बाद बीडीओ चंदन कुमार और थानाध्यक्ष आलोक रंजन मौके पर पहुंचे थे। एसडीआरएफ की टीम ने दिनभर सर्च ऑपरेशन चलाया था। बुधवार को लगातार बारिश से जलस्तर बढ़ने के कारण शव घटना स्थल से करीब 500 मीटर दूर खजूरी गांव के समीप श्मशान घाट के पास तैरता हुआ मिला। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज गया भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया।

## पितृपक्ष मेला के मद्देनजर मंडल रेल प्रबंधक ने गया स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य एवं यात्री सुविधाओं का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** आगामी पितृपक्ष मेला के दौरान गया आने वाले यात्रियों की संभावित बढ़ी हुई संख्या को ध्यान में रखते हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने 1 सितंबर मंगलवार को गया स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं तथा यात्रियों के आवागमन से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मेला अवधि के दौरान बेहतर यात्री सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रात्रि में किए गए निरीक्षण के दौरान बारिश के बीच मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन परिसर में यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं आवागमन व्यवस्था की स्थिति का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पितृपक्ष मेला के दौरान यात्रियों की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए स्टेशन परिसर में आवागमन सुगम एवं व्यवस्थित रहे तथा यात्रियों को आवश्यक जानकारी एवं सहायता समय पर उपलब्ध कराई जाए। मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए यात्री सुविधाओं, साफ-सफाई तथा यात्रियों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि मेला अवधि में आने वाले यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्राप्त हो। इसके उपरांत मंडल रेल प्रबंधक ने गया से पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तक रात्रिकालीन विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं रेलवे परिसरों की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी एवं तत्परता बनाए रखने के निर्देश दिए।

## प्रशांत किशोर बने विधानसभा की पर्यटन उद्योग समिति के सदस्य, डॉ. बीडी शर्मा ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर को बिहार विधानसभा की पर्यटन उद्योग समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। इस नियुक्ति पर टिकारी विधानसभा क्षेत्र के जन सुराज नेता सह शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. बी.डी. शर्मा ने खुशी व्यक्त करते हुए प्रशांत किशोर को बधाई दी है। डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रशांत किशोर के समिति में शामिल होने से बिहार के पर्यटन विकास को नया दृष्टिकोण मिलेगा। उनके अनुभव और रणनीति से पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और बिहार को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने में मदद मिलेगी। यह टिकारी सहित पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है। समिति के गठन को पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। उम्मीद है कि प्रशांत किशोर के अनुभव से समिति और सशक्त होगी और बिहार को पर्यटन के नक्शे पर नई पहचान मिलेगी।



## बीमार बेटी को स्ट्रेचर पर लेकर उफनती नदी में उतरे ग्रामीण, जान जोखिम में डाल पहुंचाया अस्पताल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** एक तरफ 18 वर्षीय बेटी की बिगड़ती तबीयत और दूसरी तरफ अस्पताल जाने का रास्ता रोककर खड़ी उफनती नदी। न सड़क थी, न पुल और न ही नदी पार करने का कोई सुरक्षित साधन। आखिरकार ग्रामीणों ने बीमार युवती को स्ट्रेचर पर उठाया और खुद नदी में उतर गए। पानी के तेज बहाव के बीच जान जोखिम में डालकर युवती को दूसरे छोर तक पहुंचाया गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए इमामगंज अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज जारी है। मामला गयाजी के इमामगंज प्रखंड के भगहर गांव का है। गांव निवासी विनोद प्रसाद की 18 वर्षीय बेटी खुशी कुमारी पिछले कई दिनों से उल्टी-दस्त से परेशान थी। परिजन उसे अस्पताल ले जाना चाहते थे, लेकिन नदी में अधिक पानी होने के कारण गांव से बाहर निकलना मुश्किल था। सोमवार शाम अचानक उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। वहीं खुशी की हालत बिगड़ने पर गांव के पांच-छह लोग मदद के लिए आगे आए। ग्रामीणों ने बीमार युवती को स्ट्रेचर पर रखा और उसे उठाकर पानी से भरी नदी में उतर गए। संभलते हुए उसे दूसरे किनारे तक पहुंचाया और वहां से इमामगंज अस्पताल ले गए। ग्रामीणों के मुताबिक बरसात में नदी का जलस्तर बढ़ते ही भगहर गांव चारों ओर से पानी से घिरकर टापू जैसा बन जाता है। सड़क और नदी पर पुल नहीं होने के कारण आवागमन मुश्किल हो जाता है। खासकर किसी व्यक्ति के बीमार पड़ने पर उसे समय पर अस्पताल पहुंचाना बड़ी चुनौती बन जाती है। इमामगंज नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष कुमार पांडेय ने बताया कि भगहर गांव की समस्या को लेकर स्थानीय विधायक दीपा कुमारी, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और जिलाधिकारी को अवगत कराया गया है। संबंधित विभाग के अधिकारियों से भी बातचीत की गई है। उन्होंने बताया कि तत्काल नदी के एक छोर से दूसरे छोर तक आने-जाने के लिए नाव की व्यवस्था करने की मांग की गई है और जल्द नाव की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे स्कूली बच्चों के साथ आपात स्थिति में बीमार लोगों को भी सुविधा मिलेगी। गांव में दो मेडिकल टीमें भी लगाई गई हैं। ताकि जरूरत पड़ने पर लोगों को प्राथमिक उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि पानी से घिरे होने के कारण आर्थिक संकट झेल रहे परिवारों के लिए गैस, लकड़ी और भोजन के लिए राशन सामग्री उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की जाएगी।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।
निलामी सूचना :–

| क्र0सं0 | टायर, ट्यूब, बैट्री एवं मोटर पार्ट्स का प्रकार | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1. | 1400-20 | |
| 2. | 1100-20 | |
| 3. | 1000-20 | |
| 4. | 900-20 | |
| 5. | 750-16 | |
| 6. | 600-16 | |
| 7. | 235-65 R17 | |
| 8. | 235-70 R16 | |
| 9. | 215-75 R15 | |
| 10. | 215-60 R16 | |
| 11. | 185-85 R16 | |
| 12. | F 78-15 | |
| 13. | बैट्री 150AH | |
| 14. | बैट्री 100AH | |
| 15. | बैट्री 80AH | |
| 16. | बैट्री 70AH | |
| 17. | बैट्री 60AH | |
| 18. | पुराना मोटर पार्ट्स (सभी सामग्री) | |

उपरोक्त् सरकारी सामग्री पुलिस केन्द्र, पलामू स्थित परिवहन शाखा, भण्डार में उपलब्ध है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस को भौतिक रूप से आकर देख सकते हैं। यह निलामी दिनांक–07.09.2026 को पुलिस केन्द्र, पलामू में प्रातः 11:00 बजे निर्धारित की गई है।

निलामी की शर्तें:–

1. सभी प्रकार के टायर, ट्यूब, पुराना मोटर पार्ट्स की निलामी की जानी है।
2. निलामी प्रक्रिय में भाग लेने वाले व्यक्ति को कम से कम 10,000/– रूपये का नगद/बैंक ड्राफ्ट अद्योहस्ताक्षरी के नाम से पुलिस केन्द्र, पलामू में जमा कराना होगा।
3. दिनांक–06.09.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक अर्नेस्ट मनी जमा करने वाले व्यक्ति ही निलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।
4. उच्चतम बोली लगाने वाले को एक सप्ताह के अन्दर पूरी राशि जमा कर पुलिस केन्द्र, पलामू से अपना निलामी सामानों को ले जाना होगा, अन्यथा उनका अर्नेस्ट मनी जप्त समझा जाएगा।
5. उच्चतम बोली लगाने वाले व्यक्ति के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों का अर्नेस्ट मनी उसी दिन निलामी की प्रक्रिया के दौरान वापस कर दी जाएगी।
6. निलामी की तिथि को रद्द करने, स्थगित करने या इसकी प्रक्रिया में किसी प्रकार का फेरबदल करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR 388913 District(26-27)D

संपादकीय

# नेपाल त्रासदी और चीन

नेपाल में ग्लेशियर टूटने से मची भयंकर तबाही, नए आसन्न संकट और राहत कार्यों के बीच देश के उत्तरी पड़ोसी चीन की भूमिका को लेकर पूरी दुनिया में सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि चीन ने नेपाल को समय रहते आपदा की चेतावनी नहीं दी। अगर दी होती तो कम से कम जान का नुकसान तो कम किया जा सकता था। हालांकि चीन ने ऐसे किसी भी आरोप को खारिज किया है। हालांकि बाद में उसने कुछ सूचनाएं पहले ही साझा की हैं। लेकिन इस मामले में भी चीनी कार्यशैली और पारदर्शिता फिर सवालों के घेरे में है। इस बीच नेपाल में आई भीषण बाढ़ में 724 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।2400 अभी भी लापता हैं, जिनमें 589 विदेशी नागरिक हैं और इनमें भी 49 भारतीय हैं। प्रभावित क्षेत्रों में नेपाली सेना और भारतीय बचाव दल मिलकर लोगों को बचाने का काम कर रहे हैं। लेकिन दो अन्य झीलों के फटने की चेतावनी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। इन सबके बीच चीन की नीयत और उसके चेतावनी तंत्र को लेकर आलोचना की जा रही है। बताया जा रहा है कि चीन अभी भी सच्चाई पर पर्दा डालने में लगा है। जिसमें स्थानीय लोगों के बनाए कुछ दृश्य कथित तौर पर ऑनलाइन मंचों से गायब करने और विदेशी पत्रकारों को प्रभावित क्षेत्रों और वहां के लोगों तक पहुंच बनाने में बाधा डालना शामिल है। बाढ़ और विनाश से सम्बंधित खबरें और वीडियो भी सेंसर किए जा रहे हैं। वैसे भी चीन में चीन में लोग बाढ़ की जानकारी के लिए मुख्य रूप से सरकारी मीडिया पर निर्भर रहना हैं। सरकारी रिपोर्टों में राहत और बचाव कार्यों को प्रमुखता दी गई है, जबकि बाढ़ से हुए नुकसान के स्तर की सीमित जानकारी ही सामने आई है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार तिब्बत की ग्यिरोंग काउंटी में एक सीमा चौकी को मिट्टी के मलबे के साथ बहने वाली वीडियो चीनी सोशल मीडिया से हटा दिया गया। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अखबार पीपुल्स डेली ने बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ग्यिरोंग में बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उधर विदेशी पत्रकारों पर पाबंदी से नेपाल के बाहर बाढ़ से हुए नुकसान का स्वतंत्र आकलन मुश्किल हो गया है।

लंदन स्थित स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज के चीन संस्थान के निदेशक स्टीव त्सांग के अनुसार चीन में किसी भी रिपोर्ट को प्रकाशित करने से पहले बहुत उच्च स्तर से मंजूरी जरूरी होती है। वहां तिब्बत से जुड़ी हर चीज को राष्ट्रीय सुरक्षा के नजरिए से देखा जाता है। नेपाल के पूर्व सांसद राजेंद्र बजगाई ने भी पारदर्शिता की कमी को लेकर चीन की आलोचना की है। उधर नेपाल में चीनी दूतावास ने सोशल मीडिया पर फैल रही उन वायरल ख़बरों का खंडन करते हुए कहा कि नेपाल के ग्यिरोंग सीमा क्षेत्र में आई अचानक बाढ़ से चीन बेहद दुखी है और वह नेपाल को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगा। भविष्य में हम मौसम, जल विज्ञान और भूगर्भीय जोखिमों से जुड़ी सूचनाओं का बेहतर आदान-प्रदान, ख़ासकर सीमा पार होने वाली आपदाओं के मामले समन्वय मज़बूत करेंगे। ताकि सीमा के दोनों ओर लोगों की जान और संपत्ति की बेहतर सुरक्षा हो सके। दरअसल चीन के इस संदेहास्पद रवैये ने हर मामले में उसकी विश्वसनीयता को और कम किया है। उनकी नीयत और मंशा पर तो हमेशा से सवाल उठते रहे हैं। अपारदर्शिता और चालाकी चीन की स्थायी नीति रहे हैं। यही वजह है कि कोई भी देश चीन पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं कर सकता और न ही करना चाहिए।

# विचार आधारित राजनीति से ही बदलेगी व्यवस्था

**धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे से एक बात मात्र अवश्य सकारात्मक हुई है कि अब भविष्य में भी अगर किसी गंभीर घटना पर दस-बीस हजार लोग इकट्ठे होंगे तो सरकारें उनके साथ समझौते करेंगी। तात्पर्य यह कि, भारत सरकार ने अपनी नीति स्पष्ट कर दी है कि कम संख्या होने पर वह जायज बात भी नहीं मानेगी और कुछ हजार लोग इकट्ठे होने पर वह जायज नाजायज जरूरी या गैर जरूरी सभी बातें मानेगी। वैसे तो 2023 में भी दिल्ली की सीमाओं पर चल रहे किसानों के लंबे धरने के समय भी ऐसी ही घटना हुई थी और लगभग 1 वर्ष के निरंतर धरने के बाद वही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जो किसानों के आंदोलन को गलत मानते थे, उनके आंख, मुंह, कान किसानों की आवाज के प्रति बंद थे, चुनाव पूर्व रातों-रात किसान समर्थक गये और तीनों बिल वापिस किये।**

जंतर-मंतर के छात्र आंदोलन और 20 जुलाई के संसद मार्च ने कई प्रश्न और शंकाएं पैदा की हैं। इस आंदोलन के प्रति आशंकाओं के बारे में पहले लिख चुका हूँ। जो संशय मैंने व्यक्त किये थे उनमें से अधिकांश सच भी हुए हैं। अन्ना हजारे के वर्ष 2010 के अभियान के समय कारपोरेट के इलेक्ट्रानिक व प्रिंट मीडिया ने जनमत को गुमराह किया था जिसकी असलियत अब सामने आ चुकी है। इस छात्र आंदोलन के पीछे के जो निहित उद्देश्य हैं वह भी धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं। हालांकि जो घोषित लक्ष्य था वह इस अर्थ में सफल माना जाना चाहिये कि शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा हुआ है। जहां तक पेपर लीक के खिलाफ कड़े कानून का प्रश्न है, वह कानून तो 2024 में भी पारित हुआ था जिसमें पेपर लीक करने पर अधिकतम 5 वर्ष की सजा और 1 करोड़ जुर्माने का प्रावधान था। अब 2026 के नये कानून में जुर्माना की राशि बढ़ाकर 4 करोड़ तक और सजा की अवधि बढ़ाकर 10 वर्ष तक की गई है। प्रश्न जुर्माने या सजा अवधि का बढ़ाने का नहीं था, बल्कि उस कानून का क्रियान्वयन कैसा हुआ व कितना हुआ यह महत्वपूर्ण था? इन 2 वर्ष की अवधि में किसी भी पेपर लीक के अपराधी के खिलाफ कोई सजा या 1 करोड़ जुर्माने की सूचना मीडिया में नहीं आई।

धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे से एक बात मात्र अवश्य सकारात्मक हुई है कि अब भविष्य में भी अगर किसी गंभीर घटना पर दस-बीस हजार लोग इकट्ठे होंगे तो सरकारें उनके साथ समझौते करेंगी। तात्पर्य यह कि, भारत सरकार ने अपनी नीति स्पष्ट कर दी है कि कम संख्या होने पर वह जायज बात भी नहीं मानेगी और कुछ हजार लोग इकट्ठे होने पर वह जायज नाजायज जरूरी या गैर जरूरी सभी बातें मानेगी। वैसे तो 2023 में भी दिल्ली की सीमाओं पर चल रहे किसानों के लंबे धरने के समय भी ऐसी ही घटना हुई थी और लगभग 1 वर्ष के निरंतर धरने के बाद वही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जो किसानों के आंदोलन को गलत मानते थे, उनके आंख, मुंह, कान किसानों की आवाज के प्रति बंद थे, चुनाव पूर्व रातोंरात किसान समर्थक गये और तीनों बिल वापिस किये। मैंने तब भी इन 3 बिलों में से एक बिल को उचित माना था। और आज न केवल मैं, बल्कि अधिकांश किसान संगठन उसे उचित मान रहे हैं परंतु प्रचार मीडिया और भीड़ कई बार सत्य की आवाजों को दबा देती है। पेपर लीक मामले को लेकर मैंने 2024 में भी श्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की थी। अभी मई 2026 में भी नैतिक आधार पर उनके इस्तीफे की मांग की थी परंतु प्रधानमंत्री और सरकार केवल ताकत और गाली की भाषा को समझती है। अगर मई माह में ही लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी की बात को सुना होता तो जिस अपमान के साथ सरकार को झुकना पड़ा शायद यह वह नहीं होता। इसके दो परिणाम संभावित है। पहला, यह कि आमजन में यह भावना पहुंची है और मजबूत होगी कि सरकारें तभी संवेदनशील होती है। जब लाचार होती है। हो सकता है कि भविष्य में सरकारें जन आंदोलन से शीघ्र बातचीत शुरू करे और उनकी समस्यायें हल करें, जैसा कि 25 जुलाई के बाद मप्र के भोपाल में किसानों के भोपाल मार्च के साथ मुख्यमंत्री ने किसानों के द्वारा 21 बेरीकेड पार करने के बाद उनसे समझौता कर लिया। दूसरा यह भी संभावित है कि अब भीड़ की संख्यात्मक बल के आधार पर अनुचित मांगों को मानने को भी सरकारें लाचार होगी, हालांकि भीड़ का कानून सदैव सही नहीं होता। शाहबानो वाले प्रकरण में मुस्लिम भाईयों की भीड़ के सामने स्वर्गीय राजीव गांधी झुके और उसका परिणाम देश व उनकी पार्टी देख चुकी है। परंतु अब इस नई पीढ़ी को रिझाने समझाने, संवाद करने और गुमराह करने के लिये देश के कई राजनैतिक दल और विशेषतः प्रधानमंत्री और उनकी मातृ संस्था संघ सक्रिय हुई है जिन प्रधानमंत्री ने 21 बच्चों की पेपर लीक से उत्पन्न हुई निराशा के बाद आत्महत्या करने पर भी एक शब्द नहीं कहा, वही वह आजकल इंस्ट्राग्राम पर नियमित संवाद कर रहे हैं। जो संघ एक चाल के सिद्धांत पर पिछले सौ वर्षों से चल रहा था वह अब जनतंत्र, संवाद और मिलजुलकर निर्णय की बात करने लगा है। इस छात्र आंदोलन में 14, 15 जुलाई तक मात्र कुछ सैकड़ा लोग दिल्ली के जंतर-मंतर पर थे और इनमें न केवल कॉकरोच जनता पार्टी वाले बल्कि वामपंथी संगठनों एसएफआई, माले, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता छात्र कांग्रेस व कुछ भीम आर्मी के नौजवान भी शामिल थे। परंतु इंस्ट्राग्राम, रील, मीम जैसे सोशल मीडिया के नये टूल्स ने एक ऐसा जुनून का गुब्बारा भीतर-भीतर भरा जिसकी कल्पना किसी को भी नहीं थी, यहां तक कि सरकार को भी नहीं थी, उसके चलते 20 जुलाई को हजारों नौजवान व लोग जंतर-मंतर व दिल्ली की सड़कों पर उतरे। इतना ही नहीं 20 को संसद मार्च व लाठी चार्ज के बाद सारे देश में सरकार के प्रति एक आक्रोश पैदा हुआ। स्वमेव छात्र, उनके अभिभावक अपने-अपने शहरों में सड़कों पर निकलना शुरू हुये। अब छात्र जो हाई स्कूल, कालेज या विवि में पढ़ते हैं उनका सबसे नजदीकी व प्रिय परिवार नहीं है बल्कि हाथ का मोबाइल है जिसे वे दिन रात व कभी-कभी तो सोते समय कान में लीड लगाकर साथ रखते हैं। यह तकनीक ने एक नया संवाद का माध्यम पैदा किया है जो बाहर नजर नहीं आता पर अंदर समुद्र के नीचे लहरों के समान चलता है और जब यह फैलना शुरू हुआ तो प्रधानमंत्री जी और उनके संघ परिवार के लोग जिन छात्रों को राष्ट्रद्रोही व विदेशी ताकतें, सनातन के विरोधी आदि-आदि रूप में देखते थे वे ही रात 12 बजे उनके प्रिय युवा मित्र हो गये इसके बाद प्रधानमंत्री, संघ और यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट की भी भाषा बदली है। दरअसल इस वाणी परिवर्तन के पीछे बड़ी भूमिका उन गंदी गालियों की है जिन्हें कुछ युवक-युवतियों ने न केवल उच्चारित की, बल्कि उन्हें बाकायदा सोशल मीडिया पर रील व मीम बनाकर पोस्ट किया। जब यह गलियां इंस्टाग्राम पर करोड़ नौजवानों और लोगों ने सुनी तो वे भी उत्साहित हुये। भीड़ तो किसान आंदोलन में भी थी पर उसकी आवाज सरकार ने 1 साल बाद चुनाव के पूर्व ही सुनी। परंतु इस बार चुनाव के ढाई वर्ष पहले और एक सप्ताह के अंदर यह आवाज इसलिए सुनी क्योंकि इस नई पीढ़ी की जमात ने उनका मान मर्दन कर दिया। न केवल प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गालियां सुनने के बाद अपना स्वर बदला और रातों रात वे लोकतांत्रिक हो गए। संघ ने भी जिसके सह कार्यवाहक श्री होसबोले ने अपने बयान में छात्रों के पीछे सनातन व राष्ट्र विरोधी शक्तियों के होने का संकेत दिया था जिसकी पुष्टि डॉ.मोहन भागवत ने भी की थी, इन गालियों के बाद उनका सुर बदला और उन्हीं मोहन भागवत ने जब दिल्ली में अपनी संस्था के नाम गालियां सुनीं तो उन्हें लोकतंत्र और संवाद याद आ गया। उन्होंने पलटी मारकर बयान दिया कि नई पीढ़ी आदेश नहीं मानती इससे संवाद करें। अब सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री सूर्यकांत जी जिन्होंने इन छात्रों को कॉकरोच कहकर संबोधित किया था उनकी याचिका सुनने इंकार कर दिया था। रातों-रात उनकी भाषा और सुर बदल गए, क्योंकि इस भीड़ ने उनके लिए भी गालियों से संबोधित किया, जैसे प्रधानमंत्री जी को किया था। वरना कुछ दिन पहले सर्वोच्च न्यायालय के एक मुख्य न्यायाधीश पर एक सनातनी वकील ने जूता फेंका, उसके बाद श्री प्रबल प्रसाद सिंह एडवोकेट ने इन्हीं सूर्यकांत जी (मुख्य न्यायाधीश) का नाम लेकर कोर्ट रूम में गंदी गालियां दी तब तक माननीय सर्वोच्च न्यायालय को युवकों के भाव समझ नहीं आये। अब जब सार्वजनिक रूप से करोड़ों लोगों ने उनको गालियां देना शुरू किया तो अचानक सर्वोच्च न्यायालय का हृदय परिवर्तन हो गया।

मैं गालियों का समर्थन नहीं करता, परंतु यह जो नई संस्कृति जन आंदोलन में गाली व उसके बाद सत्ता की उदारता का जन्म हो रहा है यह अपराध छात्रों का कम प्रधानमंत्री, संघ और सर्वोच्च न्यायालय का अधिक है। अब डॉक्टर मोहन भागवत भी छात्रों के नाम संवाद कर रहे हैं, हालांकि उनके संवाद में छात्र कितने थे यह पता नहीं, पर वह युवा पीढ़ी की भरपूर तारीफ कर रहे हैं। अगर अयोध्या की चंदा चोरी कांड ने अयोध्या में श्रद्धालुओं और चंदा की मात्रा कम कर दी तथा फिर ऐसे ही देश के अनेक मंदिरों में जैसे कि केदारनाथ, बद्रीनाथ, सिद्धि विनायक मंदिर तक चंदा चोरी की बात सामने आने लगी, तो इनमें भी चढ़ावा, श्रद्धालुओं की संख्या कम हुई है। उसी प्रकार जंतर-मंतर के धरना के बाद युवकों, छात्रों में जो घृणा और आक्रोश पैदा हुआ है, संघ की शाखाओं में युवकों की भागीदारी जो पहले अज्ञानता या एक कृत्रिम प्रभाव में हो रही थी उनके प्रति छात्र सावधान हुए हैं और उनकी संख्या घटी है। इसलिए उनको लुभाने के लिये संघ संवाद कर रहा है। हमारे क्षेत्र में यह कहावत है (देर आए दुरुस्त आए) (जब जागे तभी सवेरा) और (लातों के भूत बातों से नहीं मानते) अब इनमें से किस कहावत ने प्रधानमंत्री जी व संघ परिवार को प्रेरणा दी है मैं नहीं जानता, पर इस घटनाक्रम ने फिर एक बार सिद्ध कर दिया कि प्रचार की नई-नई तकनीक के माध्यम से ही आमजन को आंदोलित किया जा सकता है। मैं जानता हूं कि अब सरकार भी इस दिशा में सक्रिय होगी और नए-नए प्रयोग व प्रतिबंधों को अपनाएगी, पर कुछ समय तक तो यह टूल्स सरकार के खिलाफ और प्रभावी रहें काम आएंगे।

इस आंदोलन के एक धड़े के मुखिया श्री अभिजीत किसी राजनीतिक लक्ष्य या शक्तियों से प्रेरित हैं, यह संकेत मिलने लगे हैं। झारखंड में पेपर लीक हुआ वहां भी छात्र गांधीवादी तरीके से आंदोलन कर रहे थे। सरकार के पानी की बोछारों पर वह जल नृत्य कर रहे थे। पर जंतर मंतर के आंदोलन करने वाले छात्र नेता झारखंड पर चुप हैं। इसी प्रकार पंजाब में नकल के विरोध करने वालों पर, लाठी चार्ज पर भी श्री अरविंद केजरीवाल और अभिजीत दोनों मौन है।

अध्यात्म

## संत की महिला को सीख

पुराने समय में एक साधु रोज भिक्षा मांगने एक गांव में जाता था। एक दिन वह एक घर के सामने पहुंचा। उस घर से एक महिला बाहर आई और बोली, 'महाराज, आज कोई ज्ञान की बात बताइए, तभी मैं आपको भिक्षा दूंगी।'

साधु मुस्कुराया और बोला, 'आज नहीं, कल बताऊंगा।' इतना कहकर वह बिना भिक्षा लिए ही वहां से चला गया।

अगले दिन महिला ने स्वादिष्ट खीर बनाई। कुछ देर बाद वही साधु भिक्षा मांगने उसके दरवाजे पर आया। महिला ने प्रसन्न होकर एक कटोरे में खीर ली। साधु ने अपना कमंडल उसके सामने रख दिया। महिला खीर डालने ही वाली थी कि उसकी नजर कमंडल के अंदर गई। उसमें धूल, कंकड़ और गंदगी भरी थी। उसने कहा, 'महाराज, आपका कमंडल तो बहुत गंदा है। इसमें खीर डालूंगी तो खीर भी खराब हो जाएगी।'

साधु ने कहा, 'तुम इसकी चिंता मत करो, बस खीर डाल दो।'

महिला ने उत्तर दिया, 'नहीं महाराज। पहले इसे साफ करना जरूरी है। अगर पात्र ही गंदा होगा तो उसमें रखा अच्छा भोजन भी दूषित हो जाएगा।'

साधु ने मुस्कुराकर पूछा, 'अगर कमंडल साफ कर दिया जाए और फिर उसमें खीर डाली जाए तो?'

महिला बोली, 'तब खीर खराब नहीं होगी। आप आराम से उसे खा सकेंगे।'

साधु ने कहा, 'यही वह ज्ञान है जो मैं तुम्हें देने आया हूं।'

महिला आश्चर्य से साधु को देखने लगी।

साधु ने कहा, 'कल तुमने ज्ञान पाने से पहले मुझे परखना चाहा था। तुम्हारे मन में संदेह, अहंकार और पूर्वाग्रह की गंदगी थी। ऐसे मन में दिया गया ज्ञान भी टिक नहीं सकता। जिस प्रकार गंदे कमंडल में खीर नहीं डाली जा सकती, उसी प्रकार अशांत और नकारात्मक मन में अच्छी सीख अपना प्रभाव नहीं छोड़ सकती।'

महिला को अपनी गलती समझ में आ गई। उसने साधु से क्षमा मांगी और मन को शुद्ध रखने का संकल्प लिया।

जीवन में ज्ञान की कमी से ज्यादा समस्या कई बार हमारे भीतर जमा नकारात्मकता होती है। इसलिए दूसरों को बदलने से पहले अपने मन को साफ करना जरूरी है।

**प्रसंग की सीख :** जैसे हम रोज शरीर और घर की सफाई करते हैं, वैसे ही मन की भी सफाई जरूरी है। दिन के अंत में कुछ देर शांत जगह बैठकर सोचें कि आज किस बात ने आपको परेशान किया और क्यों। गलत बातों को दूर करने का संकल्प लें।

**पूर्वाग्रहों को पहचानें:** किसी व्यक्ति या परिस्थिति के बारे में बिना पूरी जानकारी के राय बना लेना सही नहीं है। कोई निर्णय लेने से पहले तथ्यों को समझने की आदत डालें।

# समुदाय विमुक्त हुए लेकिन क्या खत्म हुआ कलंक?

**आजादी के बाद भारत ने उस औपनिवेशिक कानून को समाप्त किया। 1952 में इन समुदायों को डिनोटिफाइड ट्राइब्स यानी विमुक्त जनजातियों के रूप में पहचान मिली। लेकिन क्या कानून ख़त्म करने से उनके प्रति बनी मानसिकता भी समाप्त हुई, जो दशकों तक इन समुदायों को अपराध से जोड़ती रही। नाम बदला, कानून बदला, लेकिन सामाजिक दृष्टि में परिवर्तन की गति बहुत धीमी रही। यही कारण है कि 31 अगस्त को केवल 'विमुक्ति दिवस' के रूप में मनाना पर्याप्त नहीं है। यह दिन आत्ममंथन का दिन भी होना चाहिए। हमें पूछना चाहिए कि जिन लोगों को राज्य ने कभी 'जन्मजात अपराधी' कहा था, क्या आज वही राज्य उन्हें पूर्ण नागरिक के रूप में समान अवसर दे पा रहा है?**

अर्ध-घुमंतू और विमुक्त समुदायों के लिए केवल यह कैलेंडर की एक तारीख भर नहीं है बल्कि यह उस इतिहास की याद है, जिसमें तमाम समुदाय को उसके जन्म और जीवन-जीने के तरीके के आधार पर अपराधी मान लिया गया था। 31 अगस्त 1952 को औपनिवेशिक शासन के कुख्यात क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट को समाप्त किए जाने के बाद इन समुदायों को कानूनी रूप से 'विमुक्त' किया गया। लेकिन सात दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी एक असहज सवाल हमारे सामने खड़ा है क्या कानून से मुक्ति सामाजिक जीवन में भी मुक्ति में बदल पाई है? ब्रिटिश शासन ने 1871 में क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट लागू किया था। इस कानून ने अनेक समुदायों को जन्मजात अपराधी की श्रेणी में खड़ा कर दिया। यानी व्यक्ति ने कोई अपराध किया या नहीं, यह महत्वपूर्ण नहीं था बल्कि महत्वपूर्ण यह था कि वह किस समुदाय में पैदा हुआ है।

यह कानून केवल कानूनी नियंत्रण का माध्यम नहीं था, बल्कि इसने एक गहरा सामाजिक कलंक पैदा किया था। आजादी के बाद भारत ने उस औपनिवेशिक कानून को समाप्त किया। 1952 में इन समुदायों को डिनोटिफाइड ट्राइब्स यानी विमुक्त जनजातियों के रूप में पहचान मिली। लेकिन क्या कानून ख़त्म करने से उनके प्रति बनी मानसिकता भी समाप्त हुई, जो दशकों तक इन समुदायों को अपराध से जोड़ती रही। नाम बदला, कानून बदला, लेकिन सामाजिक दृष्टि में परिवर्तन की गति बहुत धीमी रही। यही कारण है कि 31 अगस्त को केवल 'विमुक्ति दिवस' के रूप में



मनाना पर्याप्त नहीं है। यह दिन आत्ममंथन का दिन भी होना चाहिए। हमें पूछना चाहिए कि जिन लोगों को राज्य ने कभी 'जन्मजात अपराधी' कहा था, क्या आज वही राज्य उन्हें पूर्ण नागरिक के रूप में समान अवसर दे पा रहा है? क्या उनके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है? क्या उनके परिवारों के पास सुरक्षित आवास है? क्या उनके पास पहचान और निवास से जुड़े आवश्यक दस्तावेज हैं?

क्या आज उनकी आजीविका सुरक्षित है? यह प्रश्न गहरे जरूर हैं लेकिन जरूरी हैं क्योंकि आज भी इन समुदायों की संख्या को लेकर भी देश के पास पूरी तरह स्पष्ट आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। राष्ट्रीय आयोग की प्रक्रिया के आधार पर देश में 1,262 विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों की पहचान की गई है। सरकारी आँकड़ों में 425 विमुक्त और 810 घुमंतू समुदाय दर्ज हैं। विभिन्न आयोगों और अध्ययनों में इन समुदायों की आबादी कई करोड़ बताई गई है। रेणके आयोग के अनुमान के आधार पर यह संख्या लगभग 10 से 12 करोड़ तक बताई गई है। लेकिन वर्तमान जनगणना से प्राप्त कोई सर्वमान्य राष्ट्रीय आंकड़ा उपलब्ध न होना स्वयं एक गंभीर नीतिगत समस्या है। जिस समुदाय की आज तक सही संख्या ही स्पष्ट न हो, उसके लिए योजनाएं कितनी प्रभावी हैं, इसका आकलन कैसे होगा? कितने बच्चे स्कूल से बाहर हैं, कितने परिवारों के पास दस्तावेज नहीं हैं, कितने लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल रही हैं और कितने परिवार आवासविहीन हैं इन सवालों के ठोस राष्ट्रीय आंकड़े हमारे पास क्यों नहीं हैं? आंकड़ों की यह कमी केवल प्रशासनिक कमजोरी नहीं है बल्कि यह इन समुदायों की अदृश्यता का प्रमाण भी है। स्थायी पता होना कल्याणकारी राज्य की लगभग हर सुविधा की पहली शर्त बन माना जाता है। लेकिन जिस व्यक्ति का जीवन ही गतिशील है, उससे स्थायी पते की अपेक्षा करना कई बार व्यवस्था और समुदाय के बीच एक असंगत संबंध पैदा करता है। राशन कार्ड, स्कूल प्रवेश, छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य सुविधा, आवास, बैंकिंग और सरकारी योजनाओं तक पहुँच, हर जगह दस्तावेज और स्थायी निवास की आवश्यकता घुमंतू समुदायों के लिए एक बड़ी बाधा बनता रहा है। सबसे अधिक असर इनके बच्चों पर पड़ता है। एक घुमंतू परिवार जब आज एक स्थान पर और कुछ महीनों बाद दूसरे स्थान पर होता है, तो बच्चों की शिक्षा कैसे लगातार संभव हो सकती है? स्कूल की व्यवस्था स्थायी है, जबकि परिवार का जीवन गतिशील है। उसका परिणाम यह होता है कि बच्चे स्कूल से बाहर हो जाते हैं या उनकी शिक्षा बार-बार छूटती रहती है। बाल श्रम, असुरक्षित रोजगार और कम उम्र में पारंपरिक काम में शामिल होना इसी समस्या को और गहरा करता है। घुमंतू महिलाओं की स्थिति तो और भी जटिल है। घुमंतू और विमुक्त समुदायों की महिलाओं को गरीबी, असंगठित श्रम, शिक्षा की कमी, स्वास्थ्य सेवाओं की सीमित उपलब्धता और सामाजिक असुरक्षा जैसी कई परतों वाली चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए इनके विकास की कोई भी नीति केवल 'परिवार' को इकाई मानकर नहीं बनाई जा सकती बल्कि महिलाओं और बच्चों को केंद्र में रखकर अलग रणनीति आवश्यक है। इसके साथ पुलिस और समाज की भूमिका पर भी गंभीरता से विचार करना होगा। क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट भले ही समाप्त हो चुका है, लेकिन वह मानसिकता जो उनके प्रति बनी है वह आज भी समाप्त नहीं हो पाई। सरकारों ने समय-समय पर विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों के लिए योजनाएँ और संस्थागत व्यवस्थाएँ बनाई हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, आजीविका और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी पहलों की दिशा सकारात्मक है। लेकिन किसी योजना की सफलता उसके बजट या घोषणा से नहीं, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक उसके वास्तविक लाभ से तय होती है। सवाल यह होना चाहिए कि कितने परिवार वास्तव में इन योजनाओं से जुड़े और कितने अभी भी व्यवस्था की पहुंच से बाहर हैं। हमें विकास की अपनी परिभाषा पर भी पुनर्विचार करना होगा। क्या विकास का अर्थ हर घुमंतू परिवार को स्थायी बनाना है? या विकास का अर्थ यह है कि कोई व्यक्ति घुमंतू जीवन जीते हुए भी शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और सम्मान के अधिकार से वंचित न हो? यदि कोई समुदाय अपनी सांस्कृतिक और आर्थिक परिस्थितियों के कारण गतिशील जीवन जीता है, तो नीति को उसकी जीवन-पद्धति के अनुरूप बनना चाहिए, न कि उसे जबरन एक ही सामाजिक ढांचे में फिट करना चाहिए। घुमंतू और विमुक्त समुदायों के संदर्भ में 'कल्याण' से आगे बढ़कर 'अधिकार' की भाषा अपनाने की जरूरत है। उन्हें दया या सहायता के पात्र के रूप में देखने के बजाय समान अधिकार वाले नागरिक के रूप में देखा जाना चाहिए। क्योंकि शिक्षा उनका अधिकार है, स्वास्थ्य उनका अधिकार है, सुरक्षित आवास उनका अधिकार है, सम्मानजनक रोजगार उनका अधिकार है और सबसे महत्वपूर्ण है सम्मान के साथ जीवन जीना। आजादी के इतने वर्षों बाद भी यदि इन समुदायों को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है और मुख्यधारा में शामिल होने की चुनौती आज भी उनके सामने खड़ी है, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर यह विकास किसके लिए हो रहा है? इस विकास की धारा में देश के आदिवासी कहाँ हैं? दलित कहाँ हैं? और वे तमाम घुमंतू-अर्धघुमंतू समुदाय कहाँ हैं, जिन्हें आज भी अपनी पहचान का प्रमाण देने के लिए संघर्ष करना पड़ता है? विडंबना यह है कि आज भी कहीं कोई आपराधिक घटना होती है, तो शक की पहली उंगली इन्हीं समुदायों की ओर उठती है। पुलिस की पूछताछ और प्रताड़ना का सामना सबसे पहले उन्हें करना पड़ता है। यानी आजादी ने देश को तो स्वतंत्र किया, लेकिन क्या इन समुदायों को सामाजिक कलंक, संदेह और भेदभाव से वास्तव में मुक्ति मिल पाई है? यदि नहीं, तो हमें अपने विकास के दावों और उनकी दिशा पर गंभीरता से सवाल उठाने होंगे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज बजट की जांच और बात करने में समझदारी दिखाएं। पैसों की स्थिति आज संभलानी होगी। बिना सोचे-समझे पैसे उड़ाने से बचें।

**वृषभ**
आज बचत पर ध्यान और नई जिम्मेदारियां परेशान करेंगी। पैसों की व्यवस्था को सुधारने के लिए दिन अच्छा है। आप बचत और परिवार की जरूरतों पर गंभीरता से विचार करेंगे।

**मिथुन**
आज जल्दबाजी से बचाव और काम में तेजी आएगी। जल्दबाजी में फैसले लेने से बचें। सिर्फ उत्साह में आकर जोखिम न उठाएं।

**कर्क**
आज धन की मजबूती और पुरानी मेहनत का फल मिलेगा। आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। धन की सुरक्षा को लेकर मन में भरोसा बढ़ेगा।

**सिंह**
समझदारी से खर्च करेंगे और दफ्तर में पहचान मिलेगी। आर्थिक फैसलों में भरोसा बढ़ेगा। आप अपनी पढ़ाई या काम को बेहतर बनाने पर खर्च कर सकते हैं।

**कन्या**
आज फालतू चिंता से बचाव और काम में सफाई रखे। हर छोटी बात पर ध्यान जाएगा। बहुत ज्यादा चिंता करने से सही फैसले लेने में रुकावट आ सकती है।

**तुला**
आज संतुलित खर्च और बेहतर तालमेल रखना होगा। सही व्यवस्था से पैसों के मामले सुधरेंगे। पुराने पेंडिंग बिल और बार-बार होने वाले खर्चों की जांच करें।

**वृश्चिक**
आज भविष्य की योजना और धीरज से काम लेना होगा। भविष्य की सुरक्षा का अहसास जरूरी लगेगा। तुरंत फायदे के चक्कर में पड़ने के बजाय लंबे समय के लक्ष्यों पर ध्यान दें।

**धनु**
आज बचत में संतुलन और टीम वर्क रखना होगा। आर्थिक स्थिति सामान्य और मजबूत रहेगी। फालतू खर्चों पर काबू रख पाएंगे। घूमने-फिरने या मनोरंजन पर खर्च करने का मन हो सकता है।

**मकर**
आज रुके काम निपटाना और काम में अनुशासन रखना होगा। पैसों के मामले में नियम से चलना होगा। पुराने टैक्स, कर्ज या रुके हुए लेन-देन को देखना पड़ सकता है।

**कुंभ**
आज सोच-समझकर निवेश और नई सोच आएगी। कमाई बढ़ाने की इच्छा तेज रहेगी। पूरी जांच-पड़ताल करके ही कदम बढ़ाएं। तुरंत ज्यादा फायदे का लालच देने वाली योजनाओं से दूर रहें।

**मीन**
आज शांत मन से फैसले और पेंडिंग काम का निपटारा करेंगे। आप पैसों को लेकर गंभीर रहेंगे। भविष्य और बचत पर ध्यान जाएगा। डर में आकर कोई फैसला न लें।

## संक्षिप्त समाचार

### ए.एन. कॉलेज, पटना और मेधा लर्निंग फाउंडेशन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एएन कॉलेज, पटना और मेधा लर्निंग फाउंडेशन, लखनऊ के बीच विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता एवं उद्यमिता कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौते के तहत कॉलेज परिसर में मेधा करियर सेंटर की स्थापना की जाएगी।महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत तथा मेधा लर्निंग



फाउंडेशन की ओर से श्री अभिषेक ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। करियर सेंटर के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन कौशल (लाइफ स्किल), रोजगारपरक कौशल (एम्प्लॉयबिलिटी स्किल), उद्यमिता, उद्योग जगत से परिचय, विशेषज्ञ व्याख्यान, कार्यशालाएं, प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। विशेष रूप से इच्छुक विद्यार्थियों को यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।इस अवसर पर कॉलेज बर्सर डॉ. अभिषेक दत्ता, प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. रत्नेश कुमार, डॉ. संजय सिंह तथा मेधा लर्निंग फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।यह समझौता विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ रोजगारपरक एवं व्यावहारिक कौशल प्रदान करने की दिशा में महाविद्यालय की एक महत्वपूर्ण पहल है।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पटना मुस्लिम हाई स्कूल +2, अशोक राजपथ, पटना में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एयरफोर्स एनसीसी ऑफिसर रविशंकर यादव ने किया। एनसीसी कैडेट्स ने विभिन्न प्रकार



के पौधे लगाकर उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया।इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। रविशंकर यादव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम-से-कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल अवश्य करनी चाहिए। वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने में सहायक नहीं हैं, बल्कि वे आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की नींव भी हैं।

### वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय भेजा

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना पुलिस ने थाना कांड संख्या 108/16 के वारंटी सत्यनंद उर्फ सत्यनंद सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार वारंटी मखमिलपुर गांव निवासी रामाशीष यादव का पुत्र बताया जाता है। पुलिस के अनुसार, वारंटी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसके घर से विधिवत गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

### 34 वर्षों की सेवा के बाद वरिष्ठ टेक्नीशियन सत्येंद्र कुमार सिंह सेवानिवृत्त, विदाई समारोह

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में बुधवार को सिग्नल विभाग के वरिष्ठ टेक्नीशियन सत्येंद्र कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने रेलवे में करीब 34 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा पूरी की।समारोह के दौरान सामुदायिक भवन का माहौल भावुक हो गया। वक्ताओं ने सत्येंद्र कुमार सिंह के लंबे सेवाकाल के दौरान कार्य के प्रति समर्पण, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। सहकर्मियों ने



कहा कि उनका स्वभाव बेहद सरल और मिलनसार रहा है। उन्होंने अपने सेवाकाल में सहकर्मियों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखा।सत्येंद्र कुमार सिंह रेलवे यूनियन से भी जुड़े रहे और कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। समारोह में मोकामा स्टेशन प्रबंधक हरिकिशोर कुमार, बाढ़ स्टेशन प्रबंधक अशोक मोलदियार, यूनियन के नेता एवं रेलवे के सहकर्मी मौजूद रहे। सभी ने उन्हें सम्मानित करते हुए सेवानिवृत्ति के बाद सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# दरधा नदी उफान पर, छिलका के पास तटबंध टूटा, बाढ़ का खतरा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लगातार बारिश से मसौढ़ी अनुमंडल की सभी नदियां उफान पर हैं। पुनपुन नदी खतरे के निशान से डेढ़ मीटर ऊपर बह रही है, तो दरधा और फल्गु नदियों के मिले-जुले पानी से दरधा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। देर रात धनरूआ प्रखंड की छाती पंचायत के नसरतपुर



गांव के पास छिलका के पास बना तटबंध टूट गया, जिससे बाढ़ का पानी गांवों की ओर तेजी से घुसने लगा है।छाती पंचायत के मुखिया किशोरी बिंद ने बताया कि तटबंध टूटने से अमरपुरा, मानिक बीघा, पिपरामा, आतापुर, अरमल, चकरमल पचासा पर, समेत आधा दर्जन से अधिक गांव प्रभावित हो सकते हैं। मुखिया ने जल संसाधन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले साल और इस साल भी तटबंध निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से छिलका के पास बने इस कमजोर स्थल की मरम्मत की गुहार लगाई गई थी, लेकिन सुध नहीं ली गई। अब वही हिस्सा कट गया है। पंचायत समिति सदस्य श्यामदेव ने भी प्रशासन पर सवाल उठाए। कहा कि नए एस्टीमेट के नाम पर काम टाल दिया गया, जिसका खामियाजा अब ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। धनरूआ प्रखंड में हर साल 6 पंचायतें बाढ़ से प्रभावित होती हैं। जिला और अंचल प्रशासन द्वारा हर साल कटावरोधी कार्य और बालू बैग रखने के दावे किए जाते हैं, लेकिन फिर भी तटबंध टूटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। फिलहाल गांवों में पानी घुसने से लोगों में दहशत है। स्थानीय लोगों में मनोज कुमार, अलख नारायण,बच्चू प्रसाद, रामनंद प्रसाद, बरिंद्र प्रसाद,उपेंद्र यादव, संजीव कुमार,जोगेंद्र प्रसाद आदि ने स्थानीय प्रशासन से जल्द ही टूटे हुए तटबंध को दुरुस्त करने की मांग की है ताकि दर्जनों गांव बाढ़ से प्रभावित न हो सके हैं।

## गंगा के बढ़ते जलस्तर से दियारा क्षेत्र में फिर मंडराया बाढ़ का खतरा

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा नदी के जलस्तर में एक बार फिर बढ़ोतरी होने से मोकामा के दियारा क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की परेशानी





बढ़ने लगी है। जंजीरा और कसहा दियारा में बाढ़ का खतरा फिर मंडराने लगा है। मंगलवार रात से गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। जलस्तर बढ़ने के साथ जंजीरा दियारा में दूसरी बार बाढ़ का पानी फैल गया है।वहीं, कसहा दियारा में तेज बहाव के कारण ग्रामीण सड़क का किनारा कटकर बह गया है। इससे ग्रामीणों के आवागमन में परेशानी बढ़ गई है। हाल के दिनों में गंगा के तेज बहाव के कारण मोकामा से कसहा दियारा जाने वाली मुख्य सड़क का भी कटाव हुआ था, जिसकी प्रशासन द्वारा मरम्मत कराई गई थी।बुधवार को मोकामा अंचलाधिकारी लवली कुमारी ने कसहा पंचायत सहित दियारा क्षेत्र का पुनः निरीक्षण किया। बढ़ते जलस्तर को लेकर उन्होंने चिंता जताते हुए ग्रामीणों से सतर्क रहने और आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की। प्रशासन की ओर से संभावित बाढ़ प्रभावित लोगों के मोकामा आने की स्थिति को देखते हुए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।निरीक्षण के दौरान बीजेपी पूर्वी मंडल अध्यक्ष भोजल निषाद के साथ ग्रामीणों ने प्रशासन से कम्युनिटी किचन शुरू कराने की मांग की। अंचलाधिकारी ने कम्युनिटी किचन के लिए स्थल का चिन्हांकन कर लिया है। प्रशासन का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।आधिकारिक बाढ़ पूवार्नुमान आंकड़ों के अनुसार हथीदह में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। इधर, मोकामा के तपस्वी जी घाट पर भी गंगा पूरे उफान पर है। गंगा का पानी मोल दियारा टोला की मुख्य सड़क तक पहुंच गया है। जलस्तर में इसी तरह वृद्धि जारी रही तो दियारा क्षेत्र में रहने वाले लोगों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

## महिला शिक्षिका की धारदार हथियार से हत्या, बेड पर मिला रक्तरंजित शव

**मसौढी के कैलूचक मोहल्ले में घटी घटना ● उत्क्रमित मध्य विद्यालय शाहबाजपुर में थी शिक्षिका ● डीएसपी, थानाध्यक्ष, एफएसएल की टीम जांच में जुटी**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी नगर मुख्यालय के कैलूचक मोहल्ले में बुधवार को एक महिला शिक्षिका की धारदार हथियार से हत्या कर देने की घटना से पुरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान लक्ष्मी कुमारी, (35वर्ष) पति ज्ञानचंद चौधरी, और पिता शंकर



चौधरी, प्रेमरोड मोहल्ला निवासी के रूप में हुई है। वह पुनपुन के उत्क्रमित मध्य विद्यालय शहबाजपुर में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थीं। परिजनों के अनुसार बुधवार को सुबह में जब काम करने वाली दाई आई थी उस वक्त भी घर अंदर से बंद था, कई बार दरवाजा पीटा गया लेकिन नहीं खुला तब वह वापस चली गई, परिजनों ने कई बार उनके मोबाइल पर कॉल किया लेकिन उठा नहीं तब 11:00 उनके बच्चे घर पर पहुंचे और किसी तरह से ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया तो देखा बेड पर खून से लथपथ शव पेट के बल पड़ा था। परिजनों ने बताया की बदमाशों ने धारदार हथियार से हत्या कर दिया है। वही गोदरेज से आभूषण भी लूटपाट करने की बात बताया, सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल और थानाध्यक्ष विवेक भारती दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसएल की टीम भी बुलाई गई और जांच शुरू की गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतका का मायका मसौढ़ी के प्रेम रोड मोहल्ले में ही है। उनके बेटा गौरव कुमार और बेटी शिखा कुमारी बाहर पढ़ाई करते हैं, जो त्योहार पर घर आए थे। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहीं पुनपुन स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय शहबाजपुर के शिक्षक ने बताया कि मंगलवार को विद्यालय आई थी, बुधवार को स्कूल जब नहीं आई थी तो हम लोगों ने भी संपर्क करने की काफी कोशिश की लेकिन नहीं पता चला, वही इस पूरे मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल ने कहा की धारदार अज्ञात हथियार से इसकी हत्या की गई है गर्दन के पीछे जख्म का निशान है इसके अलावा कई बिंदुओं पर जांच चल रही है,शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। और बहुत जल्द है इस घटना का खुलासा भी किया जाएगा।

## एसडीएम-डीएसपी ने पुनपुन, चंडासी, धनरुआ के विभिन्न तटबंधों का किया निरीक्षण

**तटवर्तीय इलाकों में अलर्ट**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लगातार हो रही बारिश के कारण मसौढ़ी अनुमंडल की पुनपुन, दरधा और मोरहर नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार पुनपुन नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 52.58 मीटर यानी की 2 मी से ऊपर बह रही है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बुधवार को एसडीएम धनराज कुमार, डीएसपी राघव दयाल, अंचलाधिकारी और बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से पुनपुन घाट, चंडासी एवं धनरूआ के कई इलाकों में जाकर स्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने बाढ़ नियंत्रण विभाग के एसडीओ को कटाव निरोधी कार्य, बालू भराव और पिचिंग कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया एसडीएम ने बताया कि अभी तक गांवों में पानी घुसने



की कोई खबर नहीं है, कहीं-कहीं तटबंध के पास पानी पहुंचने की सूचना पर मरम्मत का निर्देश दिया गया है। तटवर्ती इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों को अलर्ट मोड पर रखा गया है और किसी भी अनहोनी की सूचना तुरंत प्रशासन को देने को कहा गया है। तटबंधों की निगरानी के लिए स्थानीय लोगों को भी सतर्क रहने को कहा गया है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि चंदौसी में सड़क पर पानी आ गई है तटबंध भी टूट गया है वहीं पुनपुन के कई इलाकों में भी पानी गांव के करीब पहुंच रहा है सभी थानाध्यक्ष,सीओ को को भी इस पर अलर्ट मोड पर रखा गया है धनरूआ में कई जगहों पर नदी मे आये बाढ का पानी गांव के करीब आने की सूचना मिल रही है, प्रशासन द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

### कोर्ट परिसर में शादीशुदा प्रेमी-प्रेमिका के बीच हाईवोल्टेज ड्रामा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी कोर्ट परिसर में बुधवार दोपहर दो शादीशुदा प्रेमी-प्रेमिका के बीच हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। बताया जा रहा है कि गौरीचक निवासी लक्ष्मी कुमारी, पति राजू राम का पिछले 6 महीने से अपनी ममरे बहन के देवर मंटू कुमार के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। लक्ष्मी कुमारी का पति राजूराम हलवाई का काम करता है, जबकि लक्ष्मी का प्रेमी मसौढ़ी से एक निजी स्कूलों में ड्राइवर का काम करता है,बहरहाल लक्ष्मी अपने प्रेमी के साथ रहने का दबाव बना रही थी। दोनों शादीशुदा हैं और दोनों के दो-दो बच्चे भी हैं।परिजनों के अनुसार इस संबंध की जानकारी लक्ष्मी के पति और मंटू की पत्नी को नहीं थी। बुधवार को समझौते के लिए दोनों को परिजनों ने कोर्ट परिसर में बुलाया था, लेकिन आते ही दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।लक्ष्मी कुमारी ने आरोप लगाया कि मंटू ने प्रलोभन देकर उससे काफी रुपये ठगे हैं और शारीरिक संबंध भी बनाए हैं। घंटों चले हंगामे के बाद भी दोनों के बीच सुलह नहीं हो सकी है।

## बालू लदे ट्रक ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर, एक की मौत, दूसरा घायल

**गैस सिलेंडर लेकर घर लौट रहे थे दोनों युवक, हादसे के बाद ट्रक चालक फरार**

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल क्षेत्र के रानीतालाब थाना क्षेत्र के काब गांव के पास बुधवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। कनपा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात बालू लदे ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मृतक की पहचान दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव निवासी जय साव के 24 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार के रूप में हुई है। वहीं, घायल युवक की पहचान नागेंद्र पंडित के पुत्र राहुल पंडित के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक काब गांव स्थित गैस एजेंसी से नया भरा हुआ गैस सिलेंडर लेकर बाइक से अपने घर लौट





मृतक प्रकाश कुमार का फाइल फोटो

रहे थे। इसी दौरान काब गांव के समीप कनपा की ओर से तेज गति से आ रहे बालू लदे ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक बाइक से सड़क पर जा गिरे। हादसे में प्रकाश कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि राहुल पंडित गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की मदद से दोनों को विक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्रकाश कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल राहुल पंडित को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना एम्स रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को सड़क किनारे हटाकर यातायात सुचारू कराया। इधर, घटना को अंजाम देकर फरार हुए बालू लदे ट्रक की पहचान और बरामदगी के लिए पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

## हिमालय कॉलेज के बीएससी नर्सिंग व फार्मेसी के विद्यार्थियों ने सेमेस्टर-3 के रिजल्ट में गड़बड़ी का लगाया आरोप

**छात्रों ने एसएच-69 जाम कर की दोबारा कॉपी जांच कराने की मांग**

**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिगोड़ी थाना क्षेत्र के चिकसी स्थित हिमालय कॉलेज के बीएससी नर्सिंग एवं फार्मेसी के सेमेस्टर-3 के रिजल्ट में कथित गड़बड़ी को लेकर बुधवार को आक्रोशित विद्यार्थियों ने पाली-किंजर पथ (एसएच-69) को जाम कर दिया। छात्र सड़क पर बैठकर नारेबाजी करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और उत्तर पुस्तिकाओं की दोबारा जांच कराने की मांग कर रहे थे। सड़क जाम होने से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, हिमालय कॉलेज चिकसी के बीएससी नर्सिंग एवं फार्मेसी के सेमेस्टर-3 के छात्रों ने रिजल्ट में भारी गड़बड़ी का आरोप लगाया है। विद्यार्थियों के अनुसार, फार्मेसी के करीब 100 छात्रों में मात्र सात विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 92 छात्र फेल घोषित किए गए हैं। वहीं, बीएससी नर्सिंग के करीब 100 छात्रों में मात्र 22 विद्यार्थी पास हुए हैं, जबकि 77 छात्रों को असफल घोषित किया गया है। रिजल्ट सामने आने के बाद छात्रों में आक्रोश फैल गया। छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो विद्यार्थी नियमित रूप से कक्षा में नहीं आते और कॉलेज की इंटरनल परीक्षा में भी फेल हो जाते हैं, वे विश्वविद्यालय की परीक्षा में कैसे पास हो गए। वहीं, नियमित कक्षा करने और इंटरनल परीक्षा में पास होने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की परीक्षा में फेल कर दिया गया है। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि एक ही विद्यार्थी को अलग-अलग विषयों में अंकों में काफी अंतर दिया गया है। एक विषय में 52 अंक मिलने के बाद दूसरे विषय में महज सात अंक दिए गए हैं। छात्रों का कहना है कि कई टॉपर और मेधावी विद्यार्थियों को भी बेहद कम अंक मिले हैं। विद्यार्थियों के अनुसार, उत्तर पुस्तिकाओं की जांच बिहार यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, पटना द्वारा की जाती है। छात्रों ने आरोप लगाया कि उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में जानबूझकर गड़बड़ी की गई है।





**प्रबंधन ने नहीं दी स्पष्ट जानकारी**

मामले में कॉलेज के प्रिंसिपल जितेंद्र कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि वे पटना में एक बैठक में हैं। वहीं, कॉलेज के चेयरमैन उमाशंकर के मोबाइल पर संपर्क करने पर किसी अन्य व्यक्ति ने फोन उठाया। मामले के संबंध में जानकारी पूछने पर फोन काट दिया गया। दोबारा संपर्क करने पर अस्पताल के मैनेजर का मोबाइल नंबर देते हुए कहा गया कि वही इस संबंध में जानकारी देंगे। अस्पताल के मैनेजर से बात करने पर उन्होंने कहा कि इस मामले में कॉलेज प्रबंधन ही विस्तृत जानकारी दे सकता है।

## आक्रामक नहीं, आत्मविश्वासी और दूरदर्शी थे बाबासाहेब आप्टे : प्रो. शांडिल्य

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टीपीएस कॉलेज, पटना में भारतीय इतिहास संकलन समिति, दक्षिण बिहार एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बाबासाहेब आप्टे जयंती के अवसर पर 'राष्ट्र निर्माण में इतिहास की भूमिका : भारतबोध, सांस्कृतिक चेतना और युवा पीढ़ी' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि बाबासाहेब आपटे आक्रामक नहीं, बल्कि आत्मविश्वासी, दूरदर्शी चिंतक और कर्मयोगी थे। संस्कृत, हिंदी और मराठी के विद्वान आपटे ने संगठन निर्माण, भारतीय दृष्टि से इतिहास के अध्ययन एवं पुनर्पाठ, शोध-संकलन तथा मातृभाषाओं के विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन आदर्श आचरण, राष्ट्रनिष्ठा और सेवा-भाव की प्रेरणा देता है। मुख्य वक्ता प्रो. अरविन्द कुमार सिंह ने कहा कि इतिहास केवल अतीत का अध्ययन नहीं, बल्कि भविष्य के निर्माण की आधारभूमि है। उन्होंने युवाओं को इतिहास और भविष्य के बीच की सेतु बताते हुए कहा कि अपने इतिहास, संस्कृति और राष्ट्रीय विरासत से जुड़कर ही युवा राष्ट्र निर्माण में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. रूपम ने विद्यार्थियों से इतिहास के गंभीर अध्ययन एवं शोध की ओर उन्मुख होने का आह्वान किया। आयोजन सचिव डॉ. प्रशांत कुमार ने बाबासाहेब आप्टे के जीवन-कृतित्व तथा भारतीय दृष्टि से इतिहास के पुनर्पाठ की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। भारतीय इतिहास संकलन समिति, दक्षिण बिहार के महासचिव शैलेश शर्मा ने उनके संगठनात्मक योगदान एवं इतिहास संकलन के प्रयासों को रेखांकित किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. नूपुर तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मुकुंद कुमार ने किया।



**'राष्ट्र निर्माण में इतिहास की भूमिका : भारतबोध, सांस्कृतिक चेतना और युवा पीढ़ी' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित**

### जमीन अधिग्रहण के मुद्दे पर किसानों और प्रशासन के बीच वार्ता विफल

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद सभागार में बुधवार को टाल क्षेत्र में मोहनपुर-चाराडीह सड़क निर्माण को लेकर किसानों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच हुई वार्ता बेनतीजा रही। ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से करीब पौने तीन किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण की प्रक्रिया बिना जमीन अधिग्रहण के शुरू किए जाने का स्थानीय किसानों ने विरोध किया था। इसके बाद किसानों की आपत्ति पर प्रशासन ने नगर परिषद कार्यालय में बैठक आयोजित कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया।बैठक में बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी देवेंद्र कुमार दर्द ने किसानों से सड़क निर्माण के लिए आवश्यक जमीन अधिग्रहण में सहयोग करने की अपील की। हालांकि किसान प्रशासन के प्रस्ताव से संतुष्ट नहीं दिखे। किसानों ने सड़क निर्माण के लिए अपनी जमीन देने से साफ इनकार कर दिया।किसानों का कहना था कि उनकी सहमति और उचित प्रक्रिया के बिना जमीन लेकर सड़क निर्माण नहीं किया जाना चाहिए। वार्ता के दौरान प्रशासन और किसानों के बीच सहमति नहीं बन सकी, जिसके कारण बैठक विफल हो गई। सड़क निर्माण और जमीन अधिग्रहण को लेकर अब गतिरोध बरकरार है।

## हिलसा को जाम-मुक्त बनाने की दिशा में निर्णायक पहल

**एसडीएम की अध्यक्षता में अधिकारियों की अहम बैठक**

**दनियावां/हिलसा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर शहर को जाम-मुक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक पहल की गई है। युवा जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी



विकास कुमार के प्रयास से मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल की अध्यक्षता में सभी संबंधित अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर में बढ़ती जाम की समस्या और यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने को लेकर गंभीर मंथन किया गया।

**बैठक में इन प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई**

1. शहर में अतिक्रमण एवं सड़कों पर अव्यवस्थित वाहन ठहराव।
2. टोटो, ई-रिक्शा एवं ऑटो का बेतरतीब संचालन।
3. बसों के ठहराव एवं संचालन की अव्यवस्था।
4. रामबाबू हाईस्कूल के पास सुबह-सुबह लगने वाला भीषण जाम।
5. स्थायी समाधान हेतु कार्ययोजना तैयार करना।

**प्रशासन ने दिए ये निर्देश**

बैठक के बाद प्रशासन की ओर से कई ठोस निर्णय लिए गए।

- एक सप्ताह के अंदर जाम की समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।
- बीडीओ एवं यातायात प्रभारी को बस एवं ऑटो चालकों के साथ बैठक कर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।
- सड़कों पर यंत्रीकरण व सुंदरीकरण को लेकर ठेकेदारों से सुझाव लेने पर सहमति बनी।
- सभी यात्री वाहनों का परिचालन बस स्टैंड से सुनिश्चित करने की योजना।
- बाजार क्षेत्र में अवैध रूप से खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर समाजसेवी विकास कुमार ने कहा कि "हमारा संकल्प हिलसा को जाम-मुक्त बनाना और सुगम यातायात सुनिश्चित कर जनता को राहत दिलाना है।

## छेड़खानी की प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना स्थित एक गांव की किशोरी के साथ रास्ते में पिस्तौल के बल पर छेड़खानी करने व उसे जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास करने का मामला सामने आया है. घटना के बाद किशोरी के परिजनों ने धनरूआ थाने में मंगलवार को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है.प्राथमिकी के अनुसार, किशोरी टेंपो से धनरूआ स्थित कोचिंग सेंटर जा रही थी. इसी दौरान रेढ़बिगहा गांव के समीप उसी गांव का निवासी अनिल यादव टेंपो पर सवार हो गया.आरोप है कि टेंपो पर चढ़ने के बाद अनिल यादव ने कमर से पिस्तौल निकालकर किशोरी की ओर तान दी. इसके बाद उसके साथ छेड़खानी करते हुए जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास किया.इधर किशोरी ने हिम्मत दिखाते हुए मौका पाकर टेंपो से छलांग लगा दी व शोर मचाते हुए वहां से भाग निकली. इसके बाद उसने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी.परिजन किशोरी को लेकर धनरूआ थाना पहुंचे, जहां उसके बयान के आधार पर आरोपी अनिल यादव केखिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई गई.

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिदुपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की दोपहर नाबालिक के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने नाबालिक सड़क किनारे छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद नाबालिक अपने घर पहुंची और पूरी घटना अपनी मां को बताई। इसके बाद नाबालिक और उसकी मां बिदुपुर थाने पहुंची और पुलिस से इसकी लिखित शिकायत की नाबालिक के बयान पर बिदुपुर थाने में दो व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज की गई। पुलिस को दिए गए आवेदन में नाबालिक ने बताया कि एक व्यक्ति जबरन पड़कर ले गया और दूसरे व्यक्ति ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के मुख्य आरोपी भोला शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ टू गोपाल मंडल ने बताया कि बिदुपुर थाने क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही बिदुपुर थाने की पुलिस एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची है। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से कई साक्ष इकट्ठे किए हैं। पीड़ित द्वारा दो लोगों पर ममला दर्ज कराया गया है। एक व्यक्ति पर आरोप लगा है की वह नाबालिक लड़की को पकड़ कर दुष्कर्मी के हवाले कर दिया। नाबालिक लड़की के बयान पर पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे आरोपी के गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पीड़ित और आरोपी दोनों को मेडिकल जांच के लिए सदर हॉस्पिटल भेजा गया है। मेडिकल जांच के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

### नगर पंचायत एकमा बाजार कार्यालय को मिली सुरक्षा

**एकमा, (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत एकमा बाजार के गठन के बाद पहली बार कार्यालय की सुरक्षा के लिए तीन होमगार्ड जवानों की तैनाती की गई है। बुधवार को जवानों ने कार्यालय पहुंचकर योगदान दिया और तत्काल ड्यूटी संभाल ली। लंबे समय से सुरक्षा गार्ड की मांग के बाद हुई इस तैनाती से कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद है। तैनात जवानों में नीतीश कुमार राय, अनूप कुमार सिंह और अजीत कुमार सिंह शामिल हैं। बताया गया कि होमगार्ड विभाग की ओर से पांच जवानों की तैनाती की प्रक्रिया थी, जिसमें फिलहाल तीन जवानों को नगर पंचायत कार्यालय में ड्यूटी दी गई है। नगर पंचायत कार्यालय में महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज, अभिलेख एवं अन्य सामान मौजूद रहते हैं। ऐसे में सुरक्षा जवानों की तैनाती से कार्यालय की सुरक्षा को लेकर नगर प्रशासन को राहत मिलेगी।

### बाइक से गिरकर घायल वृद्धा की पीएमसीएच में मौत

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनबरसा पंचायत में बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुई 70 वर्षीय वृद्धा लीलावती देवी की पटना पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। बुधवार को शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। मृतका सोनबरसा पंचायत के वार्ड सदस्य अरुण कुमार ठाकुर की मां थीं। बताया जाता है कि रविवार को लीलावती देवी बाइक से सोनबरसा से दाउदपुर जा रही थीं। इसी दौरान बाइक से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच में भर्ती कराया था, जहां बुधवार को इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। शव गांव पहुंचने के बाद परिजनों की चीख-पुकार से माहौल शोकाकुल हो गया। मृतका के दो पुत्र एवं दो पुत्रियों की शादी हो चुकी है, जबकि दो पुत्र अभी अविवाहित हैं। परिजनों के अनुसार, मृतका का अंतिम संस्कार बुधवार देर शाम मांझी श्मशान घाट पर किया गया।

### सात को एकदिवसीय जॉब कैम्पस का होगा आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला नियोजनालय के कैंपस में 07.09.2026 को प्रातः 11:00 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप - सह कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब कैम्प में 'श्री ओम ऑटोमोटिव्स प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा भाग लिया जाएगा और अभ्यर्थियों का चयन 'सर्विस सुपरवाइजर' पद के लिए किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए योग्यता 10 वीं पास एवं आई टी आई आवश्यक है, उम्र पुरुष 18 - 32 वर्ष निर्धारित है। जॉब का कार्यस्थल पूर्वी चम्पारण जिला में होगा और मानदेय इंटरव्यू के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी। जैसे :- इंसेंटिव, पीएफ, मेडिकल। इस जॉब कैंप मे कुल - 10 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। अभ्यर्थी अपने रिज्यूम बॉयोडाटा, मूल प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो के साथ जिला नियोजनालय के कैंपस में रोजगार कैम्प में प्रातः 11:00 उपस्थित हो सकते हैं।

### जेपी सेनानियों ने मंडल कारा की व्यवस्थाओं को सराहा




**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला स्तर पर बने प्रशासनिक त्रिस्तरीय समिति के वरीय अधिकारी मंडल कारा छपरा अधीक्षक के साथ जेपी सेनानियों ने मंडल कारा का भ्रमण किया। इस दौरान जेपी सेनानियों ने 48 साल पहले का जिक्र करते हुए आज की व्यवस्थाओं को काफी सुविधाजनक बताया। जेपी सेनानियों ने कहा कि आज मंडलकारा में काफी परिवर्तन हो गया है। कैदियों को पढ़ने के लिए स्कूल, लाइब्रेरी, योगा केन्द्र, रोटी बनाने के लिए मशीन, दाल - चावल, सब्जी बनाने के लिए मशीन इत्यादि की सुविधाएं उपलब्ध है। मंडल कारा अधीक्षक ने कहा कि कैदियों के सुविधायों का खास ख्याल रखा जाता है। हमारे पास जो भी आवेदन आते है, उसकी जांच कर समाहर्ता सारण के यहां अग्रसारित कर देता हूँ। ताकि आवश्यकता अनुसार जरूरतमंद को उचित लाभ मिल सके। इस अवसर पर मंडल कारा अधीक्षक के अलावा रमेश तिवारी एवं भरत सिंह मौजूद रहे।

### एम एस कॉलेज में राष्ट्रीय खेल सप्ताह के अंतर्गत शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस एवं राष्ट्रीय खेल सप्ताह 2026 के अवसर पर महाविद्यालय के खेल विभाग के तत्वावधान में 02 सितंबर 2026 को शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी बौद्धिक क्षमता, एकाग्रता, रणनीतिक सोच एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक, डॉ. ए. के. रंजन, डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय,डॉ गौरव भारती एवं महाविद्यालय के खेल सहायक अमित कुमार उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम




है। शतरंज जैसे बौद्धिक खेल विद्यार्थियों में एकाग्रता, धैर्य, तार्किक चिंतन, निर्णय लेने की क्षमता एवं रणनीतिक कौशल विकसित करते हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल के प्रति रुचि विकसित करने के साथ-साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं अनुशासन की भावना को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में मुकाबलों के उपरांत अजीत कुमार, रजनीश कुमार, अमित कुमार, बिट्टू कुमार, निशांत आदित्य ने विजेता एवं सुमित कुमार, राज कुमार, रवि कुमार, सुधीर कुमार, शैलेश कुमार ने उपविजेता के रूप में स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित प्राचार्य, शिक्षकगण एवं खेल सहायक ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी महाविद्यालय की खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया ।

# 'जांच एवं उपचार-चिकित्सा आपके द्वार' अभियान का शुभारंभ

## 30 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 25 लाख लोगों की होगी स्क्रीनिंग : महापौर

## 2 सितंबर से 30 नवंबर 2026 तक चलेगा विशेष जांच एवं उपचार अभियानः सिविल सर्जन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा 02 सितंबर 2026 को गैर-संचारी रोगों एवं अन्य बीमारियों के लिए विशेष स्क्रीनिंग एवं उपचार अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्वी चम्पारण जिले में नगर निगम, मोतिहारी की महापौर श्रीमती प्रीति गुप्ता एवं सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में सदर अस्पताल, मोतिहारी में 'जांच एवं उपचार-चिकित्सा आपके द्वार' विशेष अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिले में 30 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 25 लाख लक्षित व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जाएगी। अभियान के दौरान मधुमेह, उच्च रक्तचाप, सामान्य कैंसर, हृदय रोग, श्वसन एवं फेफड़ों से संबंधित रोग, फैटी लिवर, एनीमिया, सिफलिस सहित अन्य प्रमुख बीमारियों की जांच की जाएगी तथा संभावित रोगियों की पहचान कर उनके उपचार एवं आवश्यक फॉलो-अप की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने बताया कि 02 सितंबर से 30 नवंबर 2026 तक चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान स्वास्थ्य उपकेंद्र से लेकर जिला अस्पताल तक निर्धारित स्वास्थ्य संस्थानों पर स्क्रीनिंग एवं उपचार की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। अभियान के तहत जिले के सभी आशा कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को जागरूक एवं प्रेरित कर आयुष्मान आरोग्य मंदिर, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक लाया जाएगा, जहां उनकी आवश्यक जांच एवं स्क्रीनिंग की जाएगी। जांच के उपरांत संभावित रोगियों को आवश्यक उपचार एवं उच्चतर स्वास्थ्य संस्थान में रेफरल की सुविधा उपलब्ध कराने में भी सहयोग किया जाएगा। सिविल सर्जन ने बताया कि अभियान की सफलता के लिए जिले के सभी एएनएम, जीएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा पदाधिकारी अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्ति इस अभियान के दौरान अपनी स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएं और किसी बीमारी की पहचान होने पर समय पर उपचार प्राप्त करें। नगर निगम, मोतिहारी की महापौर प्रीति गुप्ता ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि 'जांच एवं उपचार-चिकित्सा आपके द्वार' अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य जांच एवं उपचार केंद्रों पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराएं। उन्होंने आम लोगों से इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की भी अपील की, ताकि जिले के सभी लक्षित व्यक्तियों की स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जा सके और संभावित रोगियों का समय पर उपचार प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने कहा कि समय पर बीमारी की पहचान एवं उपचार से स्वस्थ एवं समृद्ध समुदाय के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। अभियान के शुभारंभ अवसर पर डॉ. शरतचंद्र शर्मा, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. मुकेश कुमार, जिला कार्यक्रम समन्वयक भारत भूषण, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अमानुल्लाह अमन, अस्पताल प्रबंधक कौशल दुबे, आशीष कुमार, एफएलसी सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# अधिकार जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा आयोजित



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के पानापुर प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई जीविका, पानापुर के संपोषण में संचालित अधिकार जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति (सीएलएफ) की वार्षिक आमसभा बुधवार को सीएलएफ सभागार में उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएलएफ अध्यक्ष पार्वती देवी ने की। अध्यक्ष सहित निदेशक मंडल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर आमसभा का उद्घाटन किया। आमसभा में संकुल संघ से जुड़े विभिन्न ग्राम संगठनों एवं स्वयं सहायता समूहों की सैकड़ों जीविका दीदियों, सामुदायिक कैडरों और परियोजना कर्मियों ने भाग लिया। सीएलएफ सचिव मिनता देवी ने विगत वर्ष की उपलब्धियों एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा प्रस्तुत की। उन्होंने सीएलएफ की वार्षिक कार्यप्रणाली, आय-व्यय का ब्योरा और वित्तीय प्रगति रिपोर्ट सदस्यों के समक्ष रखी। सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड परियोजना प्रबंधक आमोद कुमार शर्मा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अधिकार सीएलएफ ने बेहतर वित्तीय अनुशासन, समय पर ऋण वापसी और नियमित बचत के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। जीविका दीदियों ने बैंक लिंकेज एवं सीएलएफ ऋण के माध्यम से लघु उद्यम, कृषि और पशुपालन जैसी विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़कर पारिवारिक आय में वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि जीविका दीदियां अब केवल बचत और ऋण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण की मजबूत आधारशिला बन चुकी हैं। उनकी एकजुटता, मेहनत और अनुशासन संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। जीविका दीदियों ने अपनी मेहनत से समाज में अलग पहचान बनाई है और विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। आमसभा में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना एवं प्राथमिकताओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इसमें प्रत्येक जरूरतमंद दीदी को आजीविका से जोड़ना, समूहों एवं ग्राम संगठनों के लेन-देन को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर समयबद्ध रूप से संधारित करना तथा स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, सामाजिक सुरक्षा, सरकारी बीमा और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत परिवारों तक पहुंचाना प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहा। कार्यक्रम के अंत में बेहतर कार्य करने वाले ग्राम संगठनों और सक्रिय सामुदायिक कैडरों की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संकुल संघ की सचिव ने उपस्थित अतिथियों, जीविका दीदियों एवं परियोजना कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके बाद सभा का समापन हुआ। सभा को रघुवेंद्र कुमार, अंजू कुमारी, अभिषेक कुमार, विजय कुमार, चुनमुन देवी, संगीता देवी, रीता गोस्वामी, निर्मला देवी एवं सुषमा कुमारी ने भी संबोधित किया। इसकी जानकारी जीविका कार्यालय, सारण से दीपक कुमार ने दी है।

# इन्द्रपुरी बैराज से बढ़ते जलस्राव के मद्देनजर वैशाली में गंगा के तटवर्ती क्षेत्रों के लिए अलर्ट



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इन्द्रपुरी बैराज से सोन नदी में अत्यधिक जलस्राव दर्ज होने तथा जलस्राव के रुझान के बढ़ने के मद्देनजर वैशाली जिला प्रशासन द्वारा गंगा नदी के तटीय एवं दियारा क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का अलर्ट जारी किया गया है। अत्यधिक जलस्राव के प्रभाव से आगामी 24 से 48 घंटों में वैशाली जिले में गंगा नदी के जलस्तर में तीव्र वृद्धि होने की संभावना है। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने संबंधित पदाधिकारियों को स्थिति पर लगातार निगरानी रखने तथा संभावित जलस्तर वृद्धि को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने तटीय एवं निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राहत एवं बचाव व्यवस्था को पूरी तरह तैयार रखने को कहा है। महनार, देसरी, सहदेई बुजुर्ग, बिदुपुर, राघोपुर एवं हाजीपुर के दियारा क्षेत्रों में विशेष सतर्कता गंगा नदी से लगे महनार, देसरी, सहदेई बुजुर्ग, बिदुपुर, राघोपुर एवं हाजीपुर के दियारा तथा निचले क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि गंगा नदी के किनारे, दियारा क्षेत्रों तथा संभावित जलमग्न स्थलों पर अनावश्यक रूप से जाने से बचें। बच्चों एवं बुजुर्गों को नदी एवं जलमग्न क्षेत्रों के आसपास न जाने दें। अपने पशुधनों को सुरक्षित एवं ऊंचे स्थानों पर ले जाने की आवश्यक तैयारी रखें। प्रशासन द्वारा जारी चेतावनियों एवं निर्देशों का पालन करें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा केवल जिला प्रशासन एवं अन्य अधिकृत स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं पर ही भरोसा करें। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर 24*7* लगातार निगरानी रखी जा रही है। सभी संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों एवं कार्यपालक पदाधिकारियों को आपदा प्रबंधन के निर्धारित रडढ के अनुरूप राहत एवं बचाव की तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत संवेदनशील क्षेत्रों में नावों की टैगिंग, पॉलिथीन शीट, पेयजल, स्वास्थ्य एवं पशु स्वास्थ्य शिविरों सहित आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा संबंधित आपदा नियंत्रण व्यवस्था को अलर्ट मोड में रखने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे घबराएं नहीं, लेकिन संभावित जलस्तर वृद्धि को देखते हुए पूरी सावधानी बरतें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। बाढ़, जलस्तर में वृद्धि अथवा किसी अन्य आपातकालीन स्थिति में नागरिक जिला आपदा नियंत्रण कक्ष, वैशाली से तत्काल संपर्क कर सकते हैं-

06224-260233

06224-260234

जिला प्रशासन वैशाली नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह सजग एवं तत्पर है।

# प्रो. (डॉ.) के. एच. राघवेंद्र बने हिमालया विश्वविद्यालय के कुलपति



**पटना/पालिगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हिमालया विश्वविद्यालय में नए कुलपति के रूप में वरिष्ठ चिकित्सक एवं शिक्षाविद् प्रो. (डॉ.) के. एच. राघवेंद्र की नियुक्ति की गई है। चिकित्सा शिक्षा, प्रशासन, अनुसंधान तथा अस्पताल प्रबंधन के क्षेत्र में चार दशक से अधिक का व्यापक अनुभव रखने वाले प्रो. राघवेंद्र के कुलपति पद पर नियुक्त होने से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। प्रो. (डॉ.) के. एच. राघवेंद्र ने दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से वर्ष 1979 में एमबीबीएस की शिक्षा पूरी की। इसके बाद उन्होंने पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से वर्ष 1986 में एनेस्थीसियोलॉजी में एमडी तथा वर्ष 1988 में रेडियो-डायग्नोसिस में एमडी की उपाधि प्राप्त की। प्रो. राघवेंद्र ने वर्ष 1983 से विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। उन्होंने इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस), पटना में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, एनेस्थीसियोलॉजी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन के रूप में लंबे समय तक सेवाएं दीं। इसके अलावा वे डीन (परीक्षा), डीन (अकादमिक), सब-डीन (परीक्षा), अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक, इमरजेंसी एवं ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी, पेन एवं पैलिएटिव मेडिसिन यूनिट के प्रभारी तथा अस्पताल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे। उनके नाम से विभिन्न चिकित्सा शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं, जिनमें पोस्ट-ऑपरेटिव दर्द प्रबंधन, एनेस्थीसिया तथा क्रिटिकल केयर से संबंधित अध्ययन शामिल हैं। फरवरी 2022 से वे एमेरिटस प्रोफेसर के रूप में भी कार्यरत रहे हैं।

# दाउदपुर में नागरिक परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह का भव्य स्वागत

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य नागरिक परिषद के नव मनोनीत उपाध्यक्ष एवं जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय कुमार सिंह का बुधवार को दाउदपुर के वीर कुंवर सिंह चौक पर भव्य स्वागत किया गया। बाबू वीर योद्धा कुंवर सिंह फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में फाउंडेशन के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने उन्हें माला पहनाकर अभिनंदन किया। स्वागत के बाद डॉ. अजय कुमार सिंह ने वीर कुंवर सिंह स्मारक स्थल पर पहुंचकर उनकी तस्वीर और वीरता के प्रतीक खड्ग पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा थे।

# कार और ई-रिक्शा की टक्कर में बच्चों समेत 8 से अधिक लोग घायल

## गंभीर घायल हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोरौल से इस वक्त की बड़ी खबर है, जहां गोरौल-कटहरा सड़क मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। चकव्यास गांव के पास तेज रफ्तार कार और ई-रिक्शा की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बच्चों समेत आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।जहां हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि पातेपुर थाना क्षेत्र के गंगाचक बरियारपुर गांव के रहने वाले सूरज कुमार अपने परिवार के साथ गोरौल स्थित ससुराल आए थे। परिवार के साथ ई-रिक्शा से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान चकव्यास गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से ई-रिक्शा की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा पर सवार पांच लोग घायल हो गए। घायलों में 5 वर्षीय सुधांशु कुमार, 4 वर्षीय सान्वी कुमारी, 30 वर्षीय सूरज कुमार, 31 वर्षीय सुलेखा कुमारी और 52 वर्षीय मुकेश सिंह शामिल हैं। वहीं कार में सवार सलोनी कुमारी और प्रिशा सोहा समेत अन्य लोग भी घायल हुए हैं।हादसे की सूचना मिलते ही गोरौल पुलिस मौके पर पहुंची।

# बाढ़ के शराब कांड के बाद वैशाली में भी शराब माफिया पर पुलिस का शिकंजा

## बेलसर में 15 कार्टून विदेशी शराब बरामद, एक कारोबारी गिरफ्तार



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में शराबबंदी के बावजूद शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है.बाढ़ अनुमंडल में हुए शराब कांड के बाद अब वैशाली पुलिस भी शराब माफियाओं के खिलाफ एक्शन मोड में है.बेलसर थाना पुलिस ने सोरहत्था गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है.मौके से एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके अन्य साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए।जहां शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ बेलसर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है.पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोरहत्था गांव में छापेमारी की. इस दौरान एक ठिकाने से 15 कार्टून विदेशी शराब बरामद की गई.कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया. हालांकि पुलिस की भनक लगते ही दूसरे कारोबारी मौके से फरार होने में कामयाब रहे.बरामद शराब को पुलिस थाने लेकर पहुंची, जहां उसकी मात्रा और ब्रांड की जांच की जा रही है.बेलसर थाना क्षेत्र में पिछले कुछ समय से शराब के छोटे-छोटे कारोबारियों के सक्रिय होने की लगातार सूचना पुलिस को मिल रही थी.अब थाना अध्यक्ष ने ऐसे कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है.पुलिस की नजर उन सभी ठिकानों पर है, जहां शराब की खरीद-बिक्री या भंडारण की आशंका है.बेलसर पुलिस की इस कार्रवाई के बाद शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है.पुलिस का साफ संदेश है कि शराब के अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा. फिलहाल गिरफ्तार कारोबारी से पूछताछ कर पुलिस फरार कारोबारियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।फिलहाल बेलसर पुलिस की कार्रवाई के बाद इलाके में सक्रिय शराब कारोबारियों में हड़कंप है. देखना होगा कि पुलिस की इस कार्रवाई के बाद शराब के अवैध कारोबार पर कितना अंकुश लग पाता है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 12 सितम्बर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के सचिव नितिन त्रिपाठी के कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पुनीत कुमार तिवारी ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यपालक पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में विशेष रूप से यातायात चालान से संबंधित मामलों के अधिक से अधिक निष्पादन पर बल दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी निबेदिता कुमारी को निर्देशित किया गया कि विशेष रूप से तीन माह पुराने लंबित यातायात चालानों की पहचान कर उनका अधिक से अधिक निष्पादन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि आम नागरिक राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठा सकें। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर कुमार को निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया, पोस्टर, बैनर एवं अन्य सभी उपलब्ध माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लोक अदालत के लाभ एवं प्रक्रिया की जानकारी मिल सके। बैठक में वन विभाग, विधिक माप-विज्ञान/बाट एवं माप विभाग तथा श्रम विभाग के पदाधिकारियों को भी अपने - अपने विभाग से संबंधित अधिक से अधिक समझौता योग्य मामलों को चिह्नित कर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में उनके त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में यह भी अपील की गई कि आम नागरिक अपने लंबित यातायात चालान मामलों के निपटारे हेतु बड़ी संख्या में महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित हों और एकमुश्त निपटान योजना का लाभ उठाएं। पात्र मामलों में चालान की राशि में 50 प्रतिशत तक की कमी का लाभ प्राप्त कर अपने मामलों का सरल एवं शीघ्र निपटारा कराया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चम्पारण की ओर से आम नागरिकों से अपील की गई कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने विवादों एवं चालान मामलों का सौहार्दपूर्ण, त्वरित एवं कम खर्च में निपटारा कराएं।

# नेपाल में प्राकृतिक आपदा को लेकर सीकारिया फामेर्सी कॉलेज में शोक सभा का आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीकरीया फामेर्सी कॉलेज में नेपाल में आई प्राकृतिक आपदा पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता उद्योगपति यमुना सीकरीया, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता भाजपा अखिलेश सिंह, जदयू महासचिव दीपक पटेल, प्रिंसिपल प्रीति दुबे एवं सभी शिक्षक छात्रों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और 01 मिनट का मौन रखा। भाजपा नेता यमुना सीकरीया ने कहा नेपाल की प्राकृतिक आपदा में भारी जनहानि हुई है। लोगों ने अपनो को खोया है, जो की काफी पीड़ादायक है। ईश्वर सभी के आत्मा को शांति दे। भारत की मोदी सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जल, थल एवं वायु सेना के माध्यम से नेपाल में मदद की है ताकि इस त्रासदी से नेपाल जल्द से जल्द निकाल पाए। अखिलेश सिंह ने कहा यह बेहद दुखद घटना है। भारत का नेपाल के साथ रोटी-बेटी का संबंध है। मोदी सरकार में भारत दुनिया का वह देश है, जो आपदा में सबसे पहले मदद करता है। नेपाल में भी हम इस भूमिका को निभा रहे हैं। भारत के सामाजिक संस्थाएं भी नेपाल के मदद करने में लगी हुई है। हम सभी भारतीय नेपाल के साथ खड़े हैं।

## एक नजर

### आयुष्मान योजना का लाभ हर पात्र तक पहुंचाने की पहल, युवाओं को बमेंद्र ने किया जागरूक

**औरंगाबाद**। आयुष्मान भारत योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है, जिसके माध्यम से पात्र परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध कराया जाता है। योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में विभिन्न गंभीर बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन निःशुल्क कराया जा सकता है।आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत 23 सितंबर 2018 को प्रधानमंत्री द्वारा झारखंड की राजधानी रांची से की गई थी। वहीं, 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के बुजुर्गों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 29 अक्टूबर 2024 से आयुष्मान वय वंदना योजना की शुरुआत की गई। इस योजना के तहत पात्र बुजुर्गों को व्यक्तिगत रूप से पांच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा कवर का लाभ मिलता है। वय वंदना कार्ड बनवाने के लिए राशन कार्ड होना आवश्यक नहीं है और इसका लाभ 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी पात्र बुजुर्गों को दिया जाता है। वर्ष 2021 से औरंगाबाद की स्वयंसेवी संस्था पथ प्रदर्शक लगातार गांव-गांव पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्य बीमा की इस महत्वपूर्ण योजना के प्रति जागरूक कर रही है। संस्था द्वारा न केवल लोगों को योजना की जानकारी दी जा रही है, बल्कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर आयोजित करने के साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों को इलाज में भी सहयोग किया जा रहा है। बुधवार को पथ प्रदर्शक के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह ने रफीगंज प्रखंड के गोरडीहा पंचायत अंतर्गत मई गांव पहुंचकर युवाओं एवं बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना और आयुष्मान वय वंदना योजना के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आयुष्मान भारत जिला क्रियान्वयन इकाई, औरंगाबाद के सहयोग से आज 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी पात्र बुजुर्गों से शिविर में पहुंचकर योजना का लाभ उठाने की अपील की।
आयुष्मान भारत जागरूकता अभियान में टीम पथ प्रदर्शक के धनंजय कुमार, साबिया परवीन सहित कई ग्रामीण युवा एवं बुजुर्ग उपस्थित थे।

### दुष्कर्म मामले में पीड़िता के गांव पहुंची भाकपा माले की जांच टीम

**अंबा (औरंगाबाद)**। नाबालिग छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य वारदात के बाद भाकपा (माले) की जिलास्तरीय जांच टीम ने बुधवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात की। पार्टी के जिला सचिव मुनेंद्र राम के नेतृत्व में जांच दल दोपहर करीब एक बजे दुधमी गांव पहुंचा। टीम ने परिजनों और ग्रामीणों की मौजूदगी में पीड़िता से घटना की विस्तृत जानकारी ली तथा न्याय का भरोसा दिलाया। भाकपा (माले) नेताओं ने दो टूक कहा कि इस मामले को लेकर टीम जल्द ही पुलिस अधीक्षक (एसपी) और सिविल सर्जन से मुलाकात करेगी। यदि पीड़िता को अविलंब न्याय और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो पार्टी व्यापक जन-आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगी। जांच दल में अखिल भारतीय किसान महासभा के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, जिला कमेटी सदस्य अशोक यादव, संजय तेजा, सांसद प्रतिनिधि वीरेंद्र मेहता, माले नेता मंटू कुशवाहा, मधुप मेहता एवं गुड्डू यादव प्रमुख रूप से शामिल थे।

### लोक अदालत का आयोजन 12 सितम्बर को



**औरंगाबाद**। 12 सिंतबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिकाधिक मामलों के निष्पादन को लेकर जिला न्यायालय में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम विश्व विभूति गुप्ता की अध्यक्षता में जिले के सभी थाना अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सचिव तान्या पटेल एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान सहित जिले के विभिन्न थानों के थाना अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के दौरान लोक अदालत में अधिकाधिक मामलों के निष्पादन के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश–प्रथम विश्व विभूति गुप्ता ने सभी थानाध्यक्षों को लोक अदालत में प्रत्येक थाना से न्यूनतम 20 वादों के निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने थानाध्यक्षों को सुलह योग्य मामलों की पहचान करने, संबंधित पक्षकारों से समन्वय स्थापित करने तथा मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। सचिव तान्या पटेल ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से अधिकाधिक सुलहनीय मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं समन्वय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान ने भी राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए थाना अध्यक्षों से सुलह योग्य मामलों के निष्पादन में आवश्यक सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

### कारू साहू सदन में शोक सभा आयोजित, दो मिनट का मौन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। समाज के सक्रिय सदस्य अशोक कुमार गुप्ता के आकस्मिक निधन से सामाजिक एवं शुभचिंतक वर्ग में शोक की लहर है। उनके निधन पर मंगलवार को कारू साहू सदन, नवादा के प्रांगण में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत अशोक कुमार गुप्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उनकी आत्मा की शांति तथा परिवार के सदस्यों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उनकी आत्मा की शांति तथा परिवार के सदस्यों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

### रफीगंज में 4 सितंबर को मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर में समाज सेवा समिति, मगध बिहार की ओर से 4 सितंबर 2026 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर बुधवार को समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समारोह की तैयारियों एवं आयोजन को लेकर चर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष डॉ. तुलसी यादव ने बताया कि 4 सितंबर को दोपहर 12 बजे से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह शुरू होगा। समारोह में मगध क्षेत्र के किसान, मजदूर एवं श्रीकृष्ण भक्त शामिल होंगे। वहीं समिति के उपाध्यक्ष टुनटुन खान ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने पूरी दुनिया को सत्य, धर्म और नेकी का संदेश दिया है। उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कार्यक्रम में सभी लोग बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। बैठक में सिद्धि यादव, रंजीत कुमार दास, अवधेश पासवान, रोशन कुमार, पप्पू यादव बाबा, शिक्षक रंजीत कुमार, डॉ. विकास कुमार, डॉ. जितेंद्र कुमार, विनोद यादव, सुधीर कुमार चंद्रवंशी, उमेश प्रसाद गुप्ता, अमित कुशवाहा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# लगातार बारिश से बिगड़े हालात, कई गांवों का संपर्क टूटा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। बारिश के साथ पुनपुन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से नदी किनारे बसे जखौरा, मलहारा, बंगाली बिगहा, चनहट समेत कई गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। बंगाली बिगहा गांव चारों तरफ से बाढ़ के पानी से घिर जाने के कारण टापू में तब्दील हो गया है। वहीं जखौरा गांव में भी पानी बढ़ने से प्रखंड मुख्यालय के कई प्रमुख रास्तों पर भी जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। हाई स्कूल, कन्या मध्य विद्यालय, चौराही रोड से एस जलजा मार्केट तथा धोबीघाट से बाजार जाने वाले मार्ग पर पानी जमा हो गया है। इससे पैदल राहगीरों के साथ दोपहिया और चारपहिया वाहनों के आवागमन में भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुनपुन नदी का जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो नदी किनारे बसे गांवों में स्थिति गंभीर हो सकती है। निचले इलाकों में पानी फैलने से ग्रामीणों के बीच चिंता बढ़ गई है। खेतों में भी पानी जमा हो गया है, जिससे धान सहित अन्य फसलों के प्रभावित होने की आशंका है।

**गांवों का दौरा कर स्थिति का लिया जायजा**

बुधवार को हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने जखौरा, मलहारा, बंगाली बिगहा और चनहट गांव का दौरा कर बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से सावधानी बरतने और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को सूचना देने की अपील की। प्रशासन की ओर से जलस्तर और प्रभावित क्षेत्रों पर लगातार नजर रखी जा रही है। वहीं मलहारा पंचायत के मुखिया संतोष सौंडिक, पंचायत समिति सदस्य अशोक यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने आपदा प्रबंधन विभाग से प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत एवं मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। भाकपा नेता अरुण कुमार रंजन ने भी अल्पा, बंगाली बिगहा सहित सभी प्रभावित परिवारों को सरकारी राहत देने की मांग की है।

**प्रशासन हाई अलर्ट पर**

इस संबंध में हसपुरा के अंचलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। जलस्तर और प्रभावित इलाकों की निगरानी की जा रही है। प्रशासन हाई अलर्ट पर है और परिस्थिति के अनुसार आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## छात्रों को उपलब्ध करायी गई शैक्षणिक सुविधाएं




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर**। प्रखंड के मनिका पंचायत के गणेश नगर मनिका में स्थित पीएम श्री इंटर स्कूल का शुभारंभ बुधवार को एमडीएम प्रभारी मनीष कुमार व प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। इसके पूर्व छात्र-छात्राओं ने आगत अतिथियों को स्वागत गीत गायन कर किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा लोक संस्कृति की अनोखे रुप से नृत्य, संगीत और लोक गीत प्रस्तुति से लोगो का मनमोह लिया। इस अवसर पर एमडीएम प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि पीएम श्री इंटर विद्यालय की स्थापन से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करवाया गया है। सरकार की मंशा है कि सभी सुविधाओं से युक्त शिक्षा बच्चों को मिले ताकि भविष्य में परेशानी नहीं हो। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## करंट लगने पर पीड़ित को तुरंत पहुंचाएं अस्पताल

### बहुत महत्वपूर्ण है घटना के बाद अस्पताल पहुंचने में लगने वाला वक्त



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। एक युवक को 11000 वोल्ट का करंट लग गया, उसे लोग भखरुआं में औरंगाबाद रोड स्थित अरविंद अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों की त्वरित सक्रियता ने उसकी जान बचा दी। क्षेत्र में विद्युत स्पर्शाघात से मौत की खबरें जब तब आते रहती है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि अगर किसी व्यक्ति को बिजली करंट लग जाए तो क्या करना चाहिए? अरविंद हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अरविंद कुमार बताते हैं कि घटना के बाद अस्पताल ले जाने में लगने वाला वक्त बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह जितना कम होगा, पीड़ित के बचने की संभावना उतनी अधिक होगी। उन्होंने बताया कि करंट लगने से व्यक्ति के शरीर में इलेक्ट्रोलाइट की कमी हो जाती है। मतलब सोडियम, पोटैशियम और ग्लूकोज की कमी होने के कारण मरीज के शरीर में पानी की जबरदस्त कमी हो जाती है और खून गाढ़ा हो जाता है। बताया कि इस कारण मौत हो जाती है। करंट लगने के बाद मरीज को इनर्जल पिलाना चाहिए और बॉडी मसाज करते रहना चाहिए, ताकि खून का प्रवाह न रुके और ऑक्सीजन की उपलब्धता शरीर में कम ना हो। ऐसा होने से मृत्यु की संभावना कम से कमतर होते जाती है। बताया कि लेकिन स्वविवेक के आधार पर इलाज किए जाने के दौरान भी इस तरह के मरीज को तुरंत चिकित्सक या अस्पताल के पास जरूर पहुंचना चाहिए।

## सोशल मीडिया पर कमेंट से बचने की सलाह

### विवाद से बचने और टालने की अपील



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बीएड कॉलेज में सोमवार को आयोजित यदुवंशी संवाद कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने लोगों को सलाह दी, अपील की कि अनावश्यक लिखापढ़ी सोशल मीडिया पर न करें। मालूम हो कि सोशल मीडिया पर अनावश्यक बातें लिखने से सामाजिक, राजनीतिक व वैयक्तिक शत्रुता बढ़ रही है। दाउदनगर में इस कारण माहौल गंदा हो गया है। अनावश्यक टीका टिप्पणी से विवाद गंभीर हो जा रहा और कई बार हिंसक स्थिति बन जाती है। ऐसे में मंच से इस मुद्दे पर बात रखना खासा महत्वपूर्ण है। पूर्व मुखिया व जिप सदस्य राधेश्याम सिंह ने लोगों से विशेषतः यादवों से आग्रह किया कि वे अपशब्द, अनावश्यक न लिखें। लिखना पढ़ना है तो बीपीएससी के लिए लिखिए, पढ़िए। इसी मंच से हेलीकॉप्टर हाउस के अजीत सिंह ने विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र और उनके लोगों को सलाह दिया कि अनावश्यक विवाद से बचना चाहिए। मामूली विवाद को विस्तार देना उचित नहीं है।

## बाढ़ प्रभावित सफाई कर्मियों व महादलित परिवारों के बीच राहत सामग्री वितरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। सामाजिक सरोकार एवं मानव सेवा के उद्देश्य से तरक्की एनजीओ रफीगंज की ओर से बाढ़ प्रभावित सफाई कर्मियों एवं महादलित परिवारों के बीच राहत सामग्री एवं राशन का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद परिवारों के बीच आवश्यक खाद्य सामग्री एवं राशन उपलब्ध कराया गया, जिससे करीब 50 जरूरतमंद लोग लाभान्वित हुए। संस्था के सदस्यों ने प्रभावित परिवारों से मिलकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर तरक्की एनजीओ के सचिव मिनहाजुल एकराम फरोग ने कहा कि आपदा या विपरीत परिस्थितियों में समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्ग के साथ खड़ा होना ही सच्ची मानव सेवा है। राहत वितरण का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को तत्काल सहायता पहुंचाने के साथ-साथ समाज में आपसी सहयोग, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने आम लोगों एवं सामाजिक संगठनों से अपील की कि विपरीत परिस्थितियों में जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आएं, ताकि कोई भी परिवार भूखा या असहाय न रहे।
कार्यक्रम में संस्था की ओर से गुलरेज इकराम, धर्मेंद्र कुमार, विकास कुमार, राजू कुमार, मोहम्मद शाहिद, जमील अहमद, राजेंद्र कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## जलजमाव के खिलाफ उग्र नागरिकों ने जीटी रोड किया जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर के शाहपुर मोहल्ले के विभिन्न इलाकों में बारिश के बाद गंभीर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न होने से मंगलवार को लोगों ने वार्ड सं- 26, 27 और 28 के सैकड़ों लोगों ने कामा बिगहा के समीप जीटी रोड को जाम कर दिया और नगर परिषद के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे तक जीटी रोड पर वाहनों की आवाजाही बाधित रही और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। शाहपुर मोहल्ले के कामा बिगहा, यमुना नगर, शाहपुर टिकरी बिगहा और हसौली समेत कई इलाकों में बारिश का पानी जमा होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। कई घरों के आसपास पानी जमा है, जबकि कुछ घरों में भी पानी प्रवेश करने की बात सामने आयी है। निचले इलाकों, गलियों और सड़कों पर जलजमाव के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जीटी रोड जाम कर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली और जल निकासी व्यवस्था पर सवाल उठाए। आक्रोशित मोहल्लेवासियों का कहना था कि समुचित जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण हर बारिश के बाद उन्हें जलजमाव की समस्या से जूझना पड़ता है। लोगों के अनुसार दक्षिणी इलाके से आने वाला बारिश का पानी पहले धर्मशाला रोड होते हुए गणेश मंदिर पुल के नाले से अदरी नदी की ओर बिराटपुर दिशा में निकल जाता था। आरोप है कि अब पानी का रुख शाहपुर और कामा बिगहा की ओर हो जाने से इन इलाकों में जलजमाव की समस्या गंभीर हो गई है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज अनुमंडल कार्यालय, नवादा सदर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर गौरव शंकर ने की। बैठक में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, यातायात व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को पर्व के दौरान आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने तथा सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आस्था एवं श्रद्धा का पर्व है। सभी समुदायों के सहयोग एवं आपसी समन्वय से पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से भी प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की।

Govt. of Bihar

Office of TheExecutive Engineer

**Rural Works Department,Works Division, Tekari**

EXPRESSION OF INTEREST-CUM-REQUEST FOR QUOTE FOR EMPANELMENT OF SUPPLY AGENCIES

Short Term Quotation

NIT No :- RWD/FDR/Tekari/02 (2026-27)

Executive Engineer, RWD, Works Division, **Tekari** on behalf of The Honourable Governor of Bihar invites from eligible agencies/ suppliers who are registered in any state/central department but they have to get registration in Rural Works Department, Govt. of Bihar before agreement for empanelment to indicate their interest in supplying the below mentioned items required for emergent repair and restoration of rural roads affected by heavy rains/ floods in Gaya districts for RWD Works Division Tekari.

The procurement will be carried out through two bid system (First envelope for technical and second envelope for financial bid).

**Financial bid envelope**

I. Material
II. LABOUR
III. TOOLS, PLANTS & MACHINERIES WITH DRIVER & FUEL

Further information can be obtained from Office of The **Executive Engineer, RWD, Works Division, Tekari** during Office hours **i.e. 10:00 to 17:00 hours from 07.09.2026 to 17.09.2026. This can also be viewed on website http://prdbihar.gov.in.**

Expression of interest-cum- request for quote must be delivered in an envelope comprising two separate envelope (Envelope 1 as a technical and envelope 2 as financial bid) to the address below (in person, by registered post) by dated **17.09.2026** at 3:00 PM in the **Office of The Executive Engineer, RWD, Work Division, Tekari/Superintending Engineer, RWD, Works Circle ,Gaya/CE-2, (Gaya) RWD.**

The quoted rate envelop will be opened only of those bidders who will meet the minimum criteria in the technical part.

**Executive Engineer**
**RWD,Works Division, Tekari.**

PR. No. 010965 (RWD) 2026-27

This information is available on website www.state.bihar.gov.in/prdbihar also

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

**बरसात के मौसम में पशुओं की देखभाल हेतु सुझाव**

भारत में वर्षा ऋतु का समय सामान्यतः 15 जून से 15 सितम्बर तक का होता है। इसी मौसम के दौरान परजीवियों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि देखने को मिलती है। वर्षा ऋतु के दौरान अपनाने योग्य कुछ महत्वपूर्ण बातों का उल्लेख नीचे किया गया है जिसका पालन कर पशुपालक अपने पशुओं को स्वस्थ रख सकते हैं–

- बारिश के पहले पशुशाला की छत की मरम्मत कर दें जिससे बारिश का पानी न टपके।
- पशुशाला की खिड़कियाँ खुली रखें तथा गर्मी एवं उमस से अपने पशुओं को बचाने के लिये पंखों का उपयोग करें।
- इस मौसम में साफ–सफाई का खास ख्याल रखें एवं पानी को एक जगह पर एकत्रित नहीं होने दें ताकि मच्छर न पैदा हों और परजीवी संक्रमण को रोका जा सके।
- पशुशाला में पशु के मल–मूत्र की निकासी का भी उचित प्रबंधन हो। पशुशाला को दिन में एक बार फिनाईल के घोल से अवश्य साफ करें, जिससे बीमारी फैलाने वाले बैक्टीरिया कम हो सके।
- बाड़े में और उसके आस–पास कचरा और गंदगी इकठ्ठा न होने दें और उसके निकास की उचित व्यवस्था करें। साथ हीं बाड़े एवं उसके आस–पास नियमित अन्तराल पर कीटनाशक का भी छिड़काव करें।
- जानवरों को ज्यादा शारीरिक थकावट न होने दें और बार–बार धूप में न लाएँ।
- बारिश के मौसम में पशुओं को बाहर चरने के लिये नहीं भेजें क्योंकि बारिश के मौसम में गीली घास पर कई तरह के कीड़े होते हैं जो पशुओं के पेट में चले जाते हैं और शरीर को नुकसान पहुँचाते हैं।
- पशु को खेतों के समीप गढ्ढे या तालाब का पानी पिलाने से परहेज करें क्योंकि इस दौरान किसान खेतों में खर–पतवार एवं कीटनाशक दवा का इस्तेमाल करते हैं जो कि रिसकर इनमें आ जाता है।
- कोशिश करें कि पशु को बाल्टी से साफ एवं ताजा पानी पिलाएँ।
- दाने का भण्डारण नमी रहित जगह पर करें और ध्यान दें कि इस मौसम में दाने का भण्डारण 15 दिन से अधिक न हों।
- बरसात आने से पहले पशुओं को विभिन्न संक्रामक रोगों के विरूद्ध टीकाकरण करवा दें।



PR No.- 010936 (Animal)D. 2026-27

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार

@BiharDFARD

# गंगा के बहाव में टूटी क्षतिग्रस्त पुलिया, चार हजार की आबादी का आवागमन प्रभावित

## खवासपुर महुली मुख्य सड़क पर संपर्क बाधित, जरूरी सामान की किल्लत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड में खवासपुर पंचायत से महुली जाने वाली मुख्य सड़क पर सर्वू सिंह के घर के समीप सुखदेव ठाकुर के घर के पास स्थित पुलिया गंगा नदी के पानी के तेज बहाव में टूट गई। पुलिया पहले से ही क्षतिग्रस्त थी, लेकिन बाढ़ के पानी के बढ़ते दबाव के कारण मंगलवार को वह पूरी तरह टूट गई। पुलिया टूटने से इस मार्ग से जुड़े करीब चार हजार की आबादी का आवागमन प्रभावित हो गया है। बाढ़ के इस मुश्किल दौर में ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। अब लोगों के सामने खाद्य सामग्री, दवा और अन्य जरूरी सामान लाने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया टूटने के कारण वे जरूरी सामान की खरीदारी के लिए जानकी बाजार तक भी आसानी से नहीं पहुंच पाएंगे। बाढ़ के कारण पहले से ही प्रभावित ग्रामीणों के लिए सड़क संपर्क टूटना बड़ी समस्या बन गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल मौके का निरीक्षण कर आवागमन बहाल करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों को जरूरी सुविधाओं और सामान के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।



## डूबने से मौत के बाद परिजनों को मिली अनुग्रह अनुदान की राशि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** जिला पदाधिकारी, भोजपुर श्री मनेश कुमार मीणा के निर्देशानुसार शाहपुर अंचलाधिकारी द्वारा रुद्रनगर डायवर्जन में डूबने से हुई दो व्यक्तियों की मृत्यु के उपरांत उनके परिजनों को अनुग्रह अनुदान की राशि का चेक प्रदान किया गया। जिला पदाधिकारी महोदय ने निर्देश दिया है कि आपदा से संबंधित मामलों में 24 घंटे के भीतर अनुग्रह अनुदान की राशि प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए। जिला पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि जलस्तर में हो रही वृद्धि को देखते हुए निचले एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें तथा नदी एवं अन्य जलस्रोतों के समीप अनावश्यक रूप से न जाएं। उन्होंने लोगों से प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचित करने की अपील की है।

## पीएम सूर्य घर योजना के सोलर पैनल अधिष्ठापन में तेजी का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति एवं सोलर पैनल अधिष्ठापन कार्य की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक तथा योजना के अंतर्गत सोलर पैनल अधिष्ठापन करने वाले अधिकृत वेंडर्स उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत सोलर पैनल अधिष्ठापन के लंबित कार्यों को लक्ष्य आधारित एवं कैंप मोड में संचालित करते हुए निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं अधिकृत वेंडर्स को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य में तेजी लाने तथा अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को योजना का लाभ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना स्वच्छ, पर्यावरण अनुकूल एवं टिकाऊ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। घरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित होने से परिवारों की पारंपरिक बिजली पर निर्भरता कम होगी तथा उनके मासिक बिजली बिल में कमी आएगी। इससे लाभुक परिवारों को आर्थिक बचत के साथ स्वच्छ ऊर्जा का लाभ मिलेगा तथा पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। जिला पदाधिकारी ने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से आमजन को सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सोलर पैनल अधिष्ठापन की प्रक्रिया को त्वरित एवं प्रभावी बनाते हुए प्रत्येक पात्र लाभुक तक योजना का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से संबंधित विद्युत कनेक्शन, तकनीकी प्रक्रिया, बैंकिंग, भुगतान अथवा सोलर पैनल अधिष्ठापन से जुड़ी किसी भी समस्या का त्वरित संज्ञान लेते हुए उसका निर्धारित समय-सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा लाभुकों को किसी भी स्तर पर अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला पदाधिकारी ने विद्युत विभाग, बैंक एवं अधिकृत वेंडर्स को आपसी समन्वय के साथ मिशन मोड में कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य की शीघ्र प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की घर-घर होगी स्वास्थ्य जांच

### करीब छह करोड़ लोगों की होगी स्क्रीनिंग

### बीमारियों की पहचान होने से मिलेगी सुविधा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** बिहार में 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान एवं उपचार के लिए शुरू किए गए 'जांच एवं उपचार-चिकित्सा आपके द्वार' महाअभियान के तहत बुधवार को दरभंगा के बहादुरपुर स्वास्थ्य केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय सांसद एवं लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सचेतक गोपाल जी ठाकुर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पटना में मुख्यमंत्री द्वारा अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। सांसद श्री ठाकुर ने कहा कि अभियान के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु के करीब छह करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसमें कैंसर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, सांस एवं फ़ेफड़ों तथा लिवर संबंधी रोगों की जांच शामिल है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों की स्क्रीनिंग करेंगे और आवश्यकता के अनुसार स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से दवा एवं उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल कमजोर एवं मध्यम वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी साबित होगी तथा समय रहते बीमारियों की पहचान होने से उपचार में सुविधा मिलेगी। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने आशा कार्यकर्ताओं एवं एएनएम के माध्यम से जिले में 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों की नियमित स्वास्थ्य स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने उच्च रक्तचाप, मधुमेह एवं सर्वाइकल कैंसर सहित अन्य रोगों की समय पर पहचान और जांच पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, सिविल सर्जन डॉ. अरुण कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# भागलपुर में 'जांच एवं उपचार चिकित्सा आपके द्वार' अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देशानुसार जिले में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 'जाँच एवं उपचार–चिकित्सा आपके द्वार' विशेष अभियान बुधवार से आरंभ किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को पटना से इस अभियान का राज्यस्तरीय शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से किया। नब्बे दिवसीय यह विशेष अभियान दो सितंबर से आगामी 30 नवंबर तक संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय सदर अस्पताल में आयोजित इस अभियान के उद्घाटन समारोह में उप विकास आयुक्त रवि राकेश, स्थानीय विधायक रोहित पांडेय, सुल्तानगंज के विधायक ललित नारायण मंडल, महापौर वसुंधरा लाल, बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष संतोष कुमार, सिविल सर्जन डॉ दीनानाथ, सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। इस अभियान के तहत जिले के 430 चिन्हित चिकित्सा संस्थानों के माध्यम से लगभग 9 लाख 36 हजार लोगों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विशेष रूप से 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों की गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। स्क्रीनिंग के दौरान मुख्य रूप से मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं कैंसर जैसी प्रमुख गैर-संचारी बीमारियों की पहचान पर विशेष जोर दिया जाएगा। लोगों को उनके नजदीकी स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र पर जाँच, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान के दौरान बीमारी से संभावित रूप से प्रभावित पाए जाने वाले व्यक्तियों को आवश्यकतानुसार आगे की जांच एवं उपचार के लिए संबंधित उच्चतर स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर किया जाएगा। साथ ही चिन्हित मरीजों के उपचार एवं नियमित फॉलो-अप पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय विधायक रोहित पांडेय एवं सुल्तानगंज के विधायक ललित नारायण मंडल ने कहा कि जाँच एवं उपचार–चिकित्सा आपके द्वार एक सराहनीय एवं अत्यंत जनहितकारी पहल है। उप विकास आयुक्त रवि राकेश ने समय पर स्क्रीनिंग पूरा करने पर जोर देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होता है, जब जरूरतमंद व्यक्ति तक समय पर स्वास्थ्य सुविधा पहुँच सके। 'जाँच एवं उपचार–चिकित्सा आपके द्वार' अभियान इसी सोच के साथ शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति में गैर-संचारी रोगों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं कैंसर की समय पर पहचान सुनिश्चित करना अभियान का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। लोगों को उनके नजदीकी स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र पर ही जाँच, परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि गंभीर बीमारियों की पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो सके।

## बलार गांव के तालाब का नहीं हो रहा कायाकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज प्रखंड के बलार गांव स्थित सैंकड़ों वर्ष पुराना तालाब सरकारी उपेक्षा के कारण अपना पहचान खो रहा है। बता दें कि यह तालाब लगभग एक किमी के दायरा में है। बता दें कि पूर्व में इसमें बांध बांधकर छोटी वितरणी बनाने का प्रारुप तैयार किए थे जिससे सैंकड़ों बीघे की जमीन की सिचाई होता है परंतु उसके बाद से कुछ नहीं हुआ। तालाब की उड़ाही नहीं होने के कारण इसको नुकसान हो रहा है। इसका रखरखाव बाहर के श्रमिकों द्वारा कराया जाता है। सरकार मखाना की खेती को उद्यमी योजना से जोड़कर बढ़ावा देने में जुटी है परंतु हसपुरा प्रखंड के टाल गांव स्थित तालाब की ओर सरकार कोई ध्यान नहीं है। गांव के विजय सिह सहित बताते हैं कि तालाब की उड़ाही व उसके तटबंध को मरम्मत कराए जाने के लिए पंचायत स्तरीय योजना को लेकर ग्रामसभा हो या आमसभा तालाब का जीर्णोधार लिए प्रस्ताव लिया जाता है परंतु प्रस्ताव का अबतक अमलीजामा नहीं पहनाया गया।

## बकाया राशि मांगने के विवाद में हत्या, पांच अभियुक्तों को उम्रकैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व बकाया राशि मांगने के विवाद में एक व्यक्ति की लाठी, लोहे की रॉड और खंती से पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में अदालत ने पांच अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिला अपर सत्र न्यायाधीश प्रेमचंद वर्मा ने मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद मझौलिया थाना क्षेत्र के मलूका टोला निवासी मनफुल राम उर्फ मंटू राम, रामदास राम, हरिओम कुमार, चंद्रिका राम और विनोद राम को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को आजीवन कारावास तथा 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

अपर लोक अभियोजक गोविंद प्रसाद यादव ने बताया कि मामले के सूचक मृतक शत्रुघ्न प्रसाद के पुत्र लालू कुमार हैं। घटना छह जून 2022 की है। मनफुल राम ने शत्रुघ्न प्रसाद से रुपये उधार लिए थे। बकाया राशि मांगने के लिए शत्रुघ्न प्रसाद मनफुल राम के घर पहुंचे थे। वहां रुपये की मांग को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया।

अभियोजन के अनुसार, विवाद के बाद सभी अभियुक्तों ने शत्रुघ्न प्रसाद पर लाठी, लोहे की रॉड और खंती से हमला कर दिया। मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर उनका पुत्र लालू कुमार मौके पर पहुंचा और पिता को खून से लथपथ पाया। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए जीएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

लालू कुमार के फर्द बयान के आधार पर पांचों अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को सुनने और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने सभी पांच अभियुक्तों को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी।

## सलेमपुर गांव का नहर पुल बना जानलेवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के हसपुरा प्रखंड के सलेमपुर गांव के समीप मुख्य पथ पर स्थित नहर पुल एक जानलेवा स्थान बन गया है। पुल के दोनों ओर घेराबंदी और लाइट लगाने की मांग तेजी से उठ रही है। इस तीखे मोड़ से दिन रात वाहनों का आवागमन होता है जिससे यह कहना मुश्किल है कि कब कौन सा वाहन नहर में गिर जाएगा। यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं और जब भी ऐसा होता है ग्रामीण उग्र हो जाते हैं और कई बार सड़क जाम कर देते है। इस समस्या के समाधान के लिए केवल आश्वासन ही मिलता है। बता दें कि सड़क से गुजरने वाले विशेषकर लोग हमेशा खतरे में रहते हैं कि कब वे नहर में गिर जाए। रात के वक्त दुर्घटनाओं की संभावना अधिक होती है। स्थानीय राजेंद्र पासवान ने कहा कि पुल का चौड़ीकरण और दोनों तरफ से घेराबंदी किए बिना समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। सलेमपुर नहर पर कई बार वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर नहर में गिर चुके हैं। भगवान का शुक्र है कि ग्रामीणों के सहयोग से अबतक किसी की जान नहीं गई है। फिलहाल खतरा हमेशा बनी रहती है।

## भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद

**भभुआ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार के कैमूर जिले मे चांद थानान्तर्गत ग्राम जिगना के निकट औघड की मडई के पास से गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर भारी मात्रा मे विविध प्रकार की विदेशी शराब 132.695 लीटर कैमूर पुलिस ने बरमद की है। मौक ए वारदात से दुर्गावती थानान्तर्गत ग्राम धनेछा निवासी तस्कर विकास कुमार गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार तस्कर का पुलिस सूत्रों ने बताया कि इसका पूर्व का भी आपराधिक इतिहास रहा है। इसके साथ हीं एक बिना नंबर कि टोटो गाडी भी जब्त की गई है जिससे शराब लाई गई थी। पुलिस अनुसंधान जारी है।

## सारण में सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत

**छपरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में सारण जिले के दिघवारा थाना क्षेत्र में आज बुधवार को सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मानुपुर गांव निवासी मुकेश सिंह (50) अपने खेत में पशुओं के लिए चारा काटने गया था। जहां खेत में उसे विषैले सांप ने काट लिया। जिसे परिजन इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस इस मामले में मृतक के परिजनों से मिले आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

## लालटेनगंज जाने वाली सड़क बदहाल

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दक्षिणी उमगा पंचायत के लालटेनगंज गांव को जाने वाली सड़क काफी दिनों से जर्जर अवस्था में है। सड़क जर्जर होने के कारण यहां की एक हजार से अधिक की आबादी आवागमन करने को मजबूर हैं। ग्रामीण इस समस्या को लेकर कई बार वरीय अधिकारियों को अवगत कराया परंतु अबतक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि विभागीय अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हैं।

## बिक्रम में आठ दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर पुलिस सतर्क

**बिक्रम।** नगर में आठ दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव एवं मेला की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। आयोजन समिति के सदस्य गोलू कुमार ने बताया कि इस बार भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक प्रतिमा पटना के दानापुर से बनकर आएगी। प्रतिमा का निर्माण कार्य जारी है, लेकिन इसकी झलक अभी सार्वजनिक नहीं की जा रही है। 4 सितंबर को पट का अनावरण किया जाएगा, जिसके बाद श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के भव्य स्वरूप का दर्शन कर सकेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष मदन दास ने बताया कि जन्माष्टमी महोत्सव आठ दिनों तक चलेगा। इस दौरान पूजा-अर्चना के साथ मेला परिसर में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को लेकर समिति के सदस्य लगातार तैयारियों में जुटे हैं। वहीं बिक्रम थाना परिसर में भी जन्माष्टमी को लेकर नवयुवक संघ की ओर से तैयारी जोर-शोर से चल रही है। संघ के सदस्य पूजा पंडाल और साज-सज्जा को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। थाना परिसर में आकर्षक सजावट की तैयारी की जा रही है। जन्माष्टमी के अवसर पर यहां भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आयोजन किया जा रहा है।

## विभिन्न दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत

**सुपौल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में सुपौल जिले के दो थाना क्षेत्रों में अलग-अलग घटनाओं में आज बुधवार को दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पिपरा थाने क्षेत्र के पिपरा बाजार वार्ड संख्या 7 में बिजली से संचालित मोटर द्वारा खेतों में पटवन के दौरान करंट लगने से जितेन्द्र मंडल (28) बूरी तरह घायल हो गया। घटना सूचना पर परिजनों ने पिपरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूत्रों ने कहा कि किशनपुर थाने के मेहासीमर गांव में 11 वर्षीय रोहित कुमार को सर्प ने डंस लिया। परिजनों उसे किशनपुर के सीएचसी में इलाज के भर्ती कराया लेकिन उसकी गंभीर हालात को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रैफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों ही शवों पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बेगूसराय में 700 एकड़...

2028-29 के लिए इसकी अनुमानित लागत 14.79 करोड़ रुपये है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत बछिया-पाड़ी पालन केंद्र स्थापित करने के लिए 73.47 करोड़ रुपये की परियोजना को भी मंजूरी दी गई है। इसमें केंद्र सरकार का 4.55 करोड़ रुपये का अनुदान शामिल है जबकि बाकी 68.92 करोड़ रुपये राज्य की सात निश्चय-3 योजना से खर्च होंगे। सीवान के मैरवा में 7.44 एकड़ जमीन पर केवी ग्रिड उपकेंद्र बनाने के लिए जमीन ट्रांसफर को मंजूरी दी गई है। इसके लिए 3.15 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा। वहीं मुजफ्फरपुर के गायघाट में 3.15 एकड़ जमीन पर 132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र के लिए 1.98 करोड़ रुपये भुगतान की मंजूरी मिली है। इसके अलावा बिहार और पटना संग्रहालय के संचालन के लिए 40 करोड़ रुपये की सहायता, दिव्यांगजनों के लिए पूर्णिया और गया में 50-50 क्षमता वाले दो नए आसरा गृह, ई-कैबिनेट प्रणाली के लिए 2.75 करोड़ रुपये और मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना को 2030-31 तक जारी रखने जैसे प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई है।

# त्योहारों के अवसर पर मिठाईयों की कालाबाजारी रोकने को लेकर छापेमारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पूर्णियां।** पूर्णिया जिलाधिकारी के निर्देश पर पूर्णिया जिले में खाद्य सुरक्षा को लेकर होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों की त्योहारों में होने वाले कालाबाजारी को रोकने को लेकर लगातार जांच की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने एसडीएम कि अगुवाई में शहर के भट्ठा बाजार स्थित प्रतिष्ठित गोकुल स्वीट्स समेत कई दुकानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान मिठाई, चॉकलेट, आइसक्रीम सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए, जिन्हें जांच के लिए पटना भेजा जाएगा। जांच के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के साथ-साथ उनके मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट, सामानों के रखरखाव, रसोईघर की साफ-सफाई और हाइजीन व्यवस्था की भी जांच की गई। अधिकारियों ने दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा से जुड़े निर्धारित नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। सदर एसडीएम विग्नेश टीए ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में खाद्य सुरक्षा को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। मिठाई दुकानों के अलावा सभी भोजनालय, होटल और रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण किया जा रहा है। जांच के दौरान जहां भी नियमों का उल्लंघन या कमियां पाई जाएंगी, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि एडीएसओ और फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर समेत छह सदस्यीय टीम गठित कर भट्ठा बाजार में जांच की गई। इस दौरान दो से तीन दुकानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए हैं। सभी सैंपल जांच के लिए पटना भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि जांच के दौरान आर्टिजंस रूल्स के उल्लंघन की भी जानकारी सामने आई है। उन्होंने जिले के सभी खाद्य प्रतिष्ठान संचालकों से अपील करते हुवे कहा कि सभी प्रतिष्ठान अपने संस्थान का खाद्य लाइसेंस और पंजीयन समय पर कराकर रखें और खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निर्धारित सभी नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि यह अभियान जिले और सभी अनुमंडलों में आगे भी जारी रहेगा। जांच के दौरान गोकुल स्वीट्स के किचन सहित दुकान में रखी विभिन्न प्रकार की मिठाइयों, चॉकलेट और आइसक्रीम की भी जांच की गई और आवश्यकतानुसार सैंपल लिए गए। जांच के समय दुकान पर ग्राहकों की भीड़ भी मौजूद थी और लोग विभिन्न प्रकार की मिठाइयां और पकवान खरीदते नजर आए।

वहीं, गोकुल स्वीट्स के संचालक गगन तिवारी ने कहा कि भट्ठा बाजार में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की ओर से रूटीन चेकअप किया गया। अधिकारियों ने जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी हैं। उन्होंने कहा कि दुकान का उद्देश्य पूर्णिया के ग्राहकों को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के साथ किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

## कासमा पुलिस ने कट्टे के साथ दो किशोरों को किया निरुद्ध

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कासमा पुलिस ने एक गांव से कट्टे के साथ दो बालकों को निरुद्ध किया है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि कट्टे के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे थे. जिसका विधिवत जांच पड़ताल की गई और दोनों बालक को निरुद्ध किया गया।


पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

ई–निविदा नोटिस स.–37 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिट्री इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाइन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.–19–डीडीयू–व.मं.इंजी.–I–26–27**

**1. कार्य का नाम एवं लोकेशन:** कर्मनाशा स्टेशन पर पुराने मौजूद FOB की जगह पर रैंप एवं विस्तार सहित 3 मीटर चौड़ा FOB का बदलाव तथा प्लेटफार्म का पुनर्सतहीकरण एवं दिव्यांगजन सुविधाओं का प्रावधान **2. कार्य का अनुमानित लागत:** रू. 66929515.54 **3. धरोहर राशि:** रू. 1338600.00 **4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 22.09.2026 को 12:00 बजे तक। **4. वेबसाइट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in **नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबंधक,
पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0847/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/26–27/36

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर 332 स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति

## आपसी सौहार्द को लेकर शांति समिति की बैठक करने का दिया गया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रड्डी जला द्वारा संयुक्त आदेश जारी कर जिले में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूजा के अवसर पर विधि-व्यवस्था, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए व्यापक प्रशासनिक एवं पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्राप्त सूचना के अनुसार इस वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूजा 04 एवं 05 सितंबर 2026 को मनाई जाएगी। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की संभावित भीड़, पूजा स्थलों, जुलूस एवं मूर्ति विसर्जन को




ध्यान में रखते हुए जिले में विधि-व्यवस्था संधारण के लिए 332 स्थानों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। संयुक्त आदेश में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल को निर्देश दिया गया है कि वे 04 सितंबर 2026 के पूर्वाह्न में अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर अनिवार्य रूप से योगदान करेंगे तथा पर्व की समाप्ति के उपरांत वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार ही प्रतिनियुक्ति स्थल छोड़ेंगे। पर्व के दौरान स्थानीय स्तर पर आपसी समन्वय एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन द्वारा पूजा समितियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से भी आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूजा के अवसर पर दरभंगा समाहरणालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। यह नियंत्रण कक्ष 04 से 05 सितंबर 2026 तक कार्यरत रहेगा। जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में श्री स्वप्निल, उप विकास आयुक्त, दरभंगा रहेंगे। पर्व के दौरान अग्नि सुरक्षा को लेकर भी विशेष व्यवस्था की गई है। यूनिट प्रतिनियुक्त रखेंगे। चौक-चौराहों पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूजा के मूर्ति विसर्जन की प्रक्रिया समाप्त होने तक पर्याप्त संख्या में यातायात पुलिस की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की गई है।

# अक्षर आंचल योजना को लेकर शिक्षा सेवकों की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** अक्षर आंचल योजना के तहत महादलित, अल्पसंख्यक एवं अनुसूचित जाति समुदाय के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने को लेकर बुधवार को बीआरसी भवन नावकोठी में टोला सेवकों एवं तालीमी मरकज के शिक्षा सेवकों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केआरपी दयामणि ने की। बैठक में शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षा सेवकों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने केंद्रों का नियमित रूप से समय पर संचालन सुनिश्चित करें, ताकि नामांकित बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं हो। केंद्र संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी गई। बैठक में शिक्षा सेवकों को सेवा पुस्तिका का संधारण अविलंब पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि प्रत्येक माह 20 से 25 तारीख के बीच अनिवार्य रूप से अनुपस्थिति विवरणी जमा करें, ताकि मानदेय भुगतान की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। इस दौरान बच्चों की नियमित उपस्थिति, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, केंद्रों के प्रभावी संचालन तथा समुदाय की भागीदारी बढ़ाने को लेकर भी चर्चा हुई। शिक्षा सेवकों से कहा गया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से वंचित बच्चों को शिक्षा से जोड़कर उनके भविष्य को बेहतर बनाया जा सके। बैठक में मो. खालिद, नाथो राम चौधरी, मो. आफताब, राम उदय चौधरी, रेणु कुमारी, मो. जमील, सलमा, सुजीत, बाबू साहेब सहित अन्य शिक्षा सेवक उपस्थित थे।

# अनियंत्रित होकर पलटा बिस्किट लदा मालवाहक

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के मोख्तियारपुर-जगदीशपुर पथ पर बीती रात एक मालवाहक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ी में पलट गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी तरह की जान-माल की क्षति नहीं हुई।जानकारी के अनुसार उक्त मालवाहक पारले-जी बिस्कुट लोड कर तेघड़ा से नरहन-सिंघिया बाजार की ओर जा रहा था। जगदीशपुर गांव के समीप चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन सड़क किनारे झाड़ी में पलट गया।घटना की सूचना पर भगवानपुर थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। बाद में वाहन मालिक द्वारा मालवाहक को झाड़ी से निकाल कर ले जाया गया।

# गंगा का जलस्तर बढ़ा, जिला प्रशासन अलर्ट, 189 गांव चिह्नित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। जिलाधिकारी रिची पांडेय के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन शाखा ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। विगत वर्षों के अनुभव के आधार पर जिले के 8 प्रखंडों की 39 पंचायतों (37 ग्राम और 2 नगर पंचायत) के 189 गांवों को संभावित प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इन क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है। राहत-बचाव के लिए जिले में कुल 267 नावों की व्यवस्था है, जिसमें 21 सरकारी, 239 निजी एकरारनामा वाली और 7 मोटरबोट शामिल हैं। अभी 17 सरकारी नावों से निःशुल्क आवागमन शुरू किया गया है - साहेबपुरकमाल में 5, मटिहानी में 3, तेघड़ा में 3, बलिया में 4 और बछवाड़ा में 2 नावें चल रही हैं। विस्थापितों के लिए 228 सामुदायिक रसोई, 80 राहत शिविर, ड्राई राशन के लिए 26 स्थल और 18 हेलीपैड चिन्हित किए गए हैं। 41,880 पॉलिथीन शीट उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य सेवा के लिए 62 मोबाइल मेडिकल टीम, 19 अस्थायी और 29 स्थायी मेडिकल कैंप, 122 प्रकार की दवाइयों की व्यवस्था है। पशुओं के लिए 52 पशु कैंप, 44 प्रकार की दवाइयां और 2500 क्विंटल भूसा भंडारित है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और जलभराव वाले क्षेत्रों में न जाने की अपील की है। आपात स्थिति में 24 घंटे जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के नंबर 9279808780 पर संपर्क किया जा सकता है।

# 'जांच एवं उपचार चिकित्सा आपके द्वार' अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान, आवश्यक जाँच एवं समुचित उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज दिनांक 02 सितंबर 2026 को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार की उपस्थिति में पटना स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूरे बिहार में जाँच एवं उपचार चिकित्सा आपके द्वार विशेष अभियान का शुभारंभ किया गया। इस राज्यव्यापी शुभारंभ कार्यक्रम से भोजपुर जिला भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ा तथा जिले में अभियान के तहत निर्धारित गतिविधियों का शुभारंभ किया गया। भोजपुर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद सुदामा प्रसाद, एमएलसी राधा चरण सेठ, जिला पदाधिकारी भोजपुर मनेश कुमार मीणा एवं मेयर आरा इंदु देवी उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि



गैर-संचारी रोगों की चुनौती से निपटने के लिए इनकी समय पर पहचान एवं प्रारंभिक स्तर पर उपचार अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार का प्रयास है कि स्वास्थ्य सेवाएँ अस्पतालों तक सीमित न रहें, बल्कि उन्हें लोगों के घर-द्वार तक पहुँचाया जाए। अभियान के अंतर्गत मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, सीओपीडी, नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज तथा मुँह, स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर जैसे प्रमुख गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुँचकर स्क्रीनिंग करेंगी। आशा कार्यकर्ता, आशा फैसिलिटेटर एवं एएनएम द्वारा घर-घर जाकर फैमिली फोल्डर एवं एनसीडी फॉर्म भरा जाएगा तथा स्क्रीनिंग के आधार पर संभावित मरीजों को चिन्हित किया जाएगा। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नियमित अनुश्रवण के लिए प्रखंड एवं जिला स्तर पर नियमित समीक्षा की जाएगी। जिला पदाधिकारी भोजपुर मनेश कुमार मीणा ने कहा कि राज्य सरकार के इस महत्वपूर्ण अभियान को भोजपुर में भी पूरी गंभीरता, तत्परता एवं प्रभावशीलता के साथ लागू किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित स्वास्थ्य पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि घर-घर स्क्रीनिंग के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को अभियान से जोड़ा जाए तथा चिन्हित संभावित मरीजों की समयबद्ध जाँच एवं उपचार सुनिश्चित किया जाए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि अभियान की नियमित समीक्षा एवं प्रभावी अनुश्रवण के माध्यम से स्क्रीनिंग से लेकर जाँच एवं उपचार तक की पूरी प्रक्रिया को सुचारू एवं परिणामोन्मुख बनाया जाए, ताकि गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान हो सके और कोई भी पात्र व्यक्ति आवश्यक स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे।

# कलेक्ट्रेट में लगा एनसीडी स्क्रीनिंग कैंप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** राज्य सरकार की पहल पर आम लोगों को घर-द्वार के पास स्वास्थ्य सेवा देने के लिए 'जांच एवं उपचार-चिकित्सा आपके द्वार' अभियान का शुभारंभ बुधवार को हुआ। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अभियान का वर्चुअल उद्घाटन किया। कारगिल विजय सभा भवन में जिलाधिकारी रिची पांडेय ने जिला स्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अभियान के तहत जिले में कलेक्ट्रेट परिसर, अनुमंडल कार्यालय, विकास भवन, न्यायालय परिसर सहित सार्वजनिक स्थलों पर एनसीडी स्क्रीनिंग कैंप लगाए जा रहे हैं। शिविरों में ब्लड प्रेशर, ब्लड

**सुविधा**

शुगर, फैटी लिवर, सामान्य कैंसर सहित विभिन्न रोगों की स्क्रीनिंग होगी। बीमारी मिलने पर परामर्श, उपचार और जरूरत पर उच्च संस्थानों में रेफरल की सुविधा दी जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को शिविरों से जोड़ने का निर्देश दिया और आम लोगों से अपील की कि नजदीकी शिविर में जाकर जांच अवश्य कराएं।मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, डीवीडीसीओ, एनसीडीओ, डीपीएम नसीम रजी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# शास्त्री के तीन सत्रों का रिजल्ट घोषित

## 89 फीसदी बच्चे रहे सफल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय ने शास्त्री के तीन सत्रों के अलग अलग सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित कर दिया है। औसतन करीब 89 फीसदी बच्चे परीक्षा में सफल रहे हैं। कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय की मौजूदगी में उनके कार्यालयीय कक्ष में रिजल्ट जारी किया गया। सभी ने उत्तीर्ण बच्चों के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की और लगातार संस्कृत के विकास व प्रचार-प्रसार करने का संदेश दिया। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि शास्त्री द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2025-29 के 1298 में 1163, तृतीय सेमेस्टर सत्र 2024-28 के 1495 में 1326 तथा पांचवे सेमेस्टर सत्र 2023-27 के 514 में 446 छात्र- छात्राएं सफल हुए हैं। शेष परीक्षार्थी या तो असफल, अनुपस्थित या फिर लम्बित रिजल्ट के चक्कर में फंसे हैं। सबसे ज्यादा तृतीय सेमेस्टर में करीब आठ फीसदी बच्चों का रिजल्ट लम्बित रह गया है। पीआरओ ने बताया कि रिजल्ट की घोषणा के मौके पर डीएसडब्ल्यू प्रो. पुरेन्द्र वारिक, स्नातकोत्तर प्रभारी प्रो. दिलीप कुमार झा, सीसीडीसी डॉ. शिवलोचन झा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. निहार रंजन सिन्हा, ओएसडी (शैक्षणिक) डा. रामसेवक झा, परीक्षा विभाग के सुनील कुमार सिंह, गोपाल उपाध्याय, संतोष तिवारी, उज्जवल दास, सुजीत कुमार पासवान समेत अन्य मौजूद थे।

# ज्ञान भवन में सजा महिला उद्यमिता का मंच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित वार्षिक दशहरा मेला के पांचवें संस्करण का भव्य शुभारंभ बुधवार को ज्ञान भवन में किया गया। मेले का उद्घाटन बिहार सरकार की उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह और भवन निर्माण मंत्री लेसी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष उषा झा, बिहार म्यूजियम के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा, बीआईए के अध्यक्ष रामलाल खेतान, नाबार्ड की जीएम अनामिका सिन्हा, बापू टावर के निदेशक विनय कुमार सिन्हा, अटल इन्क्यूबेशन सेंटर के सीओओ प्रमोद कर्ण, एमएसएमई डीएफओ के निदेशक आर के चौधरी सहित संघ के वरीय पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिला उद्यमी मौजूद रहीं। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बिहार की महिला उद्यमियों में प्रतिभा और नवाचार की कोई कमी नहीं है। ऐसे मंच स्थानीय कला, हस्तशिल्प और महिला उद्यमिता को नई पहचान देने के साथ प्रदेश के उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित दशहरा मेला बिहार के बदलते स्वरूप को दर्शाता को दर्शाता है। वहीं अपने संबोधन में भवन निर्माण मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के आयोजन बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हुनर और मेहनत से तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ ऐसे मेले उन्हें आत्मनिर्भर बनने का मजबूत अवसर प्रदान करते हैं।

## एक नजर

### छह साल से लापता अपहृता कोलकाता से बरामद

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने 6 साल पुराने अपहरण कांड की अपहृता को कोलकाता से बरामद कर लिया है। बताया गया कि भगवानपुर थाना कांड संख्या 168/19 दिनांक 12/09/2019 धारा 366/34 भा.द.वि. के तहत दर्ज मामले की थाना क्षेत्र के एक गांव की अपहृता को पुलिस ने पश्चिम बंगाल के मनोरमा पार्क, जोका, कोलकाता से बरामद किया है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद उसे अग्रिम कार्रवाई हेतु भगवानपुर थाना लाया गया है, जहां आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

### खेतिहर मजदूरों का प्रखंड मुख्यालय पर धरना

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन अंचल कमेटी ने अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को प्रखंड मुख्यालय पर धरना दिया। धरना की अध्यक्षता बिजली पंडित ने की, जबकि संचालन सूर्यदेव पासवान ने किया। धरने को राम भजन सिंह, विनोद कुमार चौधरी, अनोज साह, बृजदेव महतो, सुशील ताती, महेश्वर सिंह सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर जमकर प्रहार किया। धरनार्थियों ने भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौता रद्द किया जाने। ग्रामीण क्षेत्रों में गृह टैक्स का प्रस्ताव रद्द करने। जमीन निबंधन शुल्क में वृद्धि वापस लिये जाने। सभी भूमिहीनों को सरकारी व गैर-सरकारी जमीन पर बसे लोगों को बासगीत पर्चा देने के लिए कैंप लगाकर पर्चा दिया जाने, पुराना मनरेगा कानून लागू करने, बिजली संशोधन बिल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के बाद यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने बिडियो को मांग पत्र सौंपा और जल्द कार्रवाई की मांग की।

### गुमशुदा बच्ची की तलाश में रेल पुलिस ने मांगा सहयोग

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रेल प्रशासन ने 4 वर्षीय गुमशुदा बच्ची रिया कुमारी की सकुशल बरामदगी के लिए आम लोगों और मीडिया से सहयोग की अपील की है।रेल थाना बरौनी में कांड संख्या 169/26, दिनांक 27 अगस्त, धारा 140 (3) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज है। सहरसा जिला के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के मदनपुर गांव निवासी पूजा देवी पति शिव शंकर राम ने अपनी 4 वर्षीय पुत्री रिया कुमारी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा बच्ची की लगातार खोजबीन की जा रही है। जिला प्रशासन ने अपील की है कि अगर किसी को बच्ची के बारे में कोई जानकारी मिले तो नजदीकी थाना या रेल थाना बरौनी को तुरंत सूचना दें।

### मत्स्यजीवी सहयोग समिति का चुनाव सम्पन्न

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति का चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चार बूथों पर मंगलवार को सम्पन्न हुआ। जानकारी देते हुए वीरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड निर्वाची अधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर ने बताया कि देर रात तक वोटों की गिनती कर विजयी प्रत्याशियों को कार्यालय कक्ष में प्रमाण पत्र दिया गया। इस चुनाव में सचिव सह मंत्री पद पर मल्लहडीह निवासी अमरदीप सहनी ने जीत दर्ज की। उन्होंने पर्रा के अशोक सहनी (निवर्तमान मंत्री) को 203 वोट से पराजित किया। वहीं अध्यक्ष पद पर जगदर के धर्मराज सहनी 238 वोट से विजयी रहे। वहीं जीत की सूचना मिलते ही समर्थकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर जश्न मनाया।

### दिनदहाड़े मंगलसूत्र की छिनतई

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रसलपुर गांव में मंगलवार को एक महिला से मंगलसूत्र छिनतई की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। दामोदरपुर गांव निवासी पीड़िता नीतू कुमारी ने थाना में आवेदन देकर बताया है कि मंगलवार को करीब 2 बजे दिन में वह कॉलेज के कार्य से निवृत्त होकर अपने घर दामोदरपुर जा रही थी। पीडब्ल्यूडी पथ पर वह पैदल ही करीब 20 कदम की दूरी पर जा रही थी, तभी भगवानपुर की ओर से दो अज्ञात नकाबपोश अपराधी मोटरसाइकिल से आए और उनके गले से सोने का मंगलसूत्र छीन कर फरार हो गए।

# बैडमिंटन पुरुष वर्ग में अमन व महिला में श्रुति सानिया रही प्रथम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के निर्देशानुसार महाराज लक्ष्मेश्वर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय, में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में चार दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के सभी विजेता एवं उत्कृष्ट प्रतिभागियों को 5 सितंबर 2026 को महाविद्यालय परिसर में आयोजित विशेष समारोह में पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा।बैडमिंटन पुरुष वर्ग में अमन कुमार ने प्रथम स्थान, अभिजीत कुमार ने द्वितीय स्थान तथा सोहन कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं महिला वर्ग में श्रुति सानिया प्रथम स्थान पर रहीं,




जबकि अरीबा ने द्वितीय स्थान एवं राधा रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. शंभू कुमार यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, खेल केवल शारीरिक तंदुरुस्ती का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ये जीवन में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं। राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद जी के समर्पण की याद दिलाता है। हमारा प्रयास है कि हमारे छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेल जगत में भी विश्वविद्यालय व राज्य का नाम रोशन करें। महाविद्यालय प्रशासन खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। महाविद्यालय के खेल पदाधिकारी डॉ. उदय कुमार शाह ने कहा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में अद्भुत खेल प्रतिभा है। 1 सितंबर से शुरू हुआ यह आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दे रहा है। बैडमिंटन, खो-खो और कबड्डी में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया है। 3 सितंबर को एथलेटिक्स स्पर्धाएं आयोजित होंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बर्सर प्रो. नंदकिशोर रहे। विभिन्न स्पर्धाओं में निर्णायक (रेफरी) की भूमिका सोनू कुमार, अभिषेक कुमार, रामबिकेश कुमार एवं चंदू कुमार ने निष्पक्षता से निभाई।

# विश्व आयुर्वेद कांग्रेस भुवनेश्वर में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** भुवनेश्वर में होने वाले विश्व आयुर्वेद कांग्रेस सम्मेलन का ब्रोशर मंगलवार को आयुर्वेद महाविद्यालय में जारी किया गया। प्राचार्य डॉ श्रीनिवास त्रिपाठी, आयोजन समिति सदस्य डॉ रमण रंजन और अन्य पदाधिकारियों ने ब्रोशर जारी किया। इस मौके पर प्राचार्य ने बताया कि हर 2 साल पर वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस का आयोजन देश के विभिन्न राज्यों में होता है। इस बार आयोजन वर्ल्ड आयुर्वेद फाउंडेशन, विज्ञान भारती और आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भुवनेश्वर में किया जा रहा है। अधिक से अधिक आयुर्वेद विशेषज्ञ भाग लें, इसके लिए आज महाविद्यालय परिसर में सघन अभियान चलाया गया।समारोह में उपप्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार वर्मा, डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, डॉ शंभू कुमार, डॉ सुशांत कुमार, डॉ संतोष कुमार सिंह, डॉ अमलेश कुमार, डॉ मनीष कुमार आलोक, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ लाल कौशल कुमार, डॉ मुन्ना कुमार, डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह, डॉ मुकेश कुमार, डॉ आनंद मिश्रा, डॉ राजीव कुमार शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा, डॉ. राम नंदन साहनी समेत कई प्राध्यापक मौजूद थे।

# अवकाश प्राप्त शिक्षक की विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बछवाड़ा।** प्रखंड के रामपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पूर्व प्रधानाध्यापक कामेश्वर कुमार सिंह के अवकाशप्राप्त करने के उपरांत भव्य विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। लम्बे समय से विद्यालय में सेवा दे रहे शिक्षक कामेश्वर सिंह के सराहनीय कार्यों, विद्यालय के प्रति समर्पण तथा बच्चों के साथ सही मायने में गुरु-शिष्य की परंपरा के सम्यक निर्वहन की जमकर तारीफ कार्यक्रम के मंच से वक्ताओं ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय अवकाशप्राप्त शिक्षक सह डीडीओ रहे निर्मल कुमार सिंह ने की। जबकि संचालन धर्मपाल सिंह व धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की वर्तमान प्रभारी सह प्रधान शिक्षक नेहा कुमारी ने किया। जहां मंच से प्रमुख वक्ताओं में अनिल सिंह, श्यामनाथ सिंह, नलिनी कांत त्रिपाठी, जीतेन्द्र पाठक, राणा शक्ति, कृष्ण कुमार, विकास कुमार सिंह, मंजू कुमारी, कुन्ती कुमारी, नीतु कुमारी, धीरेन्द्र कुमार सिंह, मनोज कुमार, शिवमणी उपाध्याय, रविशंकर दास, अमित कुमार, सुनील कुमार, वार्ड सदस्य जय शंकर सिंह, सुग्रीव सिंह, राधेश्याम सिंह, ओमप्रकाश सिंह आदि थे।

# मंत्री श्रवण कुमार विकास योजनाओं की देंगे बड़ी सौगात

## पुरनहिया में पुस्तकालय और अदौरी में जीविका सिलाई सेंटर का करेंगे उद्घाटन

## प्रभारी जिलाधिकारी ने लिया तैयारियों का जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शिवहर।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के मंत्री सह जनता दल (यूनाइटेड) विधायक दल के नेता श्रवण कुमार गुरुवार, 3 सितंबर 2026 को शिवहर जिले के एक दिवसीय आधिकारिक दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे जिले वासियों को शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सौगात देंगे। मंत्री महोदय के इस दौरे को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंत्री कल पूर्वाह्न 10:30 बजे शिवहर पहुंचेंगे। उनके इस दौरे के मुख्य कार्यक्रम और उनका उद्देश्य इस प्रकार है: पुस्तकालय भवन का उद्घाटन (पूर्वाह्न 11:00 बजे): माननीय मंत्री महोदय पुरनहिया प्रखंड में नवनिर्मित 'श्री किशोर प्रभात पुस्तकालय भवन' का विधिवत उद्घाटन करेंगे। यह पुस्तकालय ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को बेहतर पठन-पाठन का माहौल प्रदान करने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। सिलाई सेंटर का शुभारंभ (मध्याह्न 12:00 बजे): इसके पश्चात वे अदौरी (पुरनहिया) प्रस्थान करेंगे, जहाँ वे 'जीविका दीदी सिलाई सेंटर' के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होकर उसका शुभारंभ करेंगे। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके कौशल विकास और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार का एक बड़ा कदम है। मंत्री के इस महत्वपूर्ण दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रभारी जिला पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त ने स्वयं दोनों कार्यक्रम स्थलों का भ्रमण कर अंतिम तैयारियों का जायजा लिया है। सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और विधि-व्यवस्था संधारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आयोजन स्थलों पर आम जनमानस और जीविका दीदियों के बैठने तथा अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# लोगों को घर पर मिलेगा स्वास्थ्य सेवा का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** गैर संचारी रोगों की समय पर पहचान, उपचार एवं प्रभावी प्रबंधन करने के उद्देश्य से बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्यव्यापी 'जांच एवं उपचार-चिकित्सा आपके द्वार' अभियान का बुधवार को शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम से डिजिटल माध्यम से अभियान का राज्यव्यापी शुभारंभ किया। यह विशेष अभियान दो सितंबर से 30 नवंबर 2026 तक संचालित होगा। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें समुदाय एवं घर-घर तक पहुंचकर 30 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के नागरिकों की गैर-संचारी रोगों से संबंधित स्क्रीनिंग करेंगी। संभावित मरीजों की पहचान के बाद उन्हें आवश्यक परामर्श, उपचार एवं दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। अभियान के दौरान मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मुख कैंसर, स्तन



कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, हृदय रोग, नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज एवं क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पलमोनरी डिजीज की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही इन रोगों से जुड़े जोखिम कारकों की पहचान कर उन्हें कम करने के लिए लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया जाएगा। जिला मुख्यालय स्थित योजना भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बिहार विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अपील की है कि 30 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी लोग अभियान के दौरान अपनी स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएं और किसी भी संभावित बीमारी या जोखिम कारक की पहचान होने पर चिकित्सकीय सलाह लेकर समय पर उपचार शुरू कराएं। सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि अभियान का महत्वपूर्ण उद्देश्य गैर-संचारी रोगों के कारण होने वाली असमय मृत्यु एवं गंभीर जटिलताओं को कम करना है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीमों को अभियान के दौरान 30 वर्ष से अधिक उम्र के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचकर स्क्रीनिंग करने का कार्य किया जाएगा। जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन ने बताया कि अभियान का प्रमुख उद्देश्य गैर-संचारी रोगों की समय रहते पहचान और उपचार सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि नियमित स्क्रीनिंग से ऐसे रोगों का प्रारंभिक स्तर पर पता लगाया जा सकता है और समय पर उपचार शुरू किया जा सकता है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन द्वारा विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह एवं उपस्थित अधिकारियों को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला संचारी रोग पदाधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# वज्रपात से किसान की मौत, चार महिलाएं जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के परसडीह गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई जबकि चार अन्य महिलाएं जख्मी हो गई। बताया जाता है कि उस गांव के विजय यादव खेत में धान की सोहनी करवा रहे थे। इसी क्रम में बुधवार की शाम वज्रपात की चपेट में आने से मौके पर उनकी मौत हो गई जबकि पास में ही धान की सोहनी कर रही चार अन्य महिलाएं गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से महिलाओं को सदर अस्पताल औरंगाबाद में भर्ती करवाया गया है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है और रो-रोकर उनका बुरा हाल है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## स्पर्शाघात से किसान की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के जमुआ गांव में बुधवार को खेत में सिंचाई के लिए मोटर चालू करने गए 65 वर्षीय किसान जमदार भगत की विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर नटवा टीकर गांव के समीप हरिहरगंज-टंडवा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। काफी देर तक आवागमन बाधित रहने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। जानकारी के अनुसार जमदार भगत बुधवार दोपहर खेत में मोटर चालू करने गए थे। शाम करीब चार बजे तक घर नहीं लौटने पर परिजन उनकी तलाश में खेत पहुंचे। वहां वे विद्युत करंट की चपेट में अचेत पड़े मिले। परिजनों के अनुसार उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति खासा आक्रोश दिखा।

# सर्पदंश से दो महिलाओं की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सर्पदंश से दो महिलाओं की मौत हो गयी। पहली घटना माली थाना क्षेत्र के जयहिंद तेंदुआ पंचायत अंतर्गत चनौती गांव की है। यहां बुधवार को घर की साफ-सफाई के दौरान 65 वर्षीय पार्वती देवी को विषैले सांप ने डंस लिया। इसके बाद उनकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। परिजनों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाने के बजाय पहले झाड़-फूंक कराने का फैसला किया। इस दौरान काफी समय गुजर गया और महिला की हालत गंभीर हो गई। बाद में परिजन उन्हें इलाज के लिए नवीनगर रेफरल अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू किया लेकिन इलाज के दौरान पार्वती देवी ने दम तोड़ दिया। दूसरी घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हेतमपुर गांव की है। यहां मायके में रह रही 42 वर्षीय सुगीया देवी को मंगलवार की रात बेड पर सोने के दौरान विषैले सांप ने डंस लिया। सुगीया देवी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विषैनी गांव निवासी कारू पासवान की पत्नी थी। परिजनों के अनुसार वह चार दिनों पूर्व अपने मायके हेतमपुर गांव आई थी। सांप के डंसने के बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने इलाज शुरू किया लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# सड़क पर चढ़ा बेलारू नदी का पानी, आवागमन प्रभावित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में भारी वर्षा एवं नदियों के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर संवेदनशील क्षेत्रों की सतत निगरानी एवं आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन द्वारा गोह प्रखंड अंतर्गत बेरका पंचायत के टकोरा गांव का स्थल निरीक्षण किया गया। भारी वर्षा के कारण बेलारू नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से टकोरा गांव की संपर्क सड़क बाधित हो गई है। अत्यधिक जल प्रवाह के कारण संपर्क सड़क को क्षति पहुंची है तथा सड़क पर जलस्तर बढ़ जाने से ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हुआ है। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा स्थिति का स्थल पर जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उनके द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को क्षतिग्रस्त संपर्क सड़क एवं पुल के निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई यथाशीघ्र सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया ताकि जलस्तर में कमी आने के उपरांत ग्रामीणों का आवागमन सुचारू रूप से बहाल किया जा सके।



निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि वर्तमान में गांव के आवासीय क्षेत्रों एवं घरों में पानी का प्रवेश नहीं हुआ है। ग्रामीणों की सुरक्षा एवं आवश्यक सुविधाओं को लेकर प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। ग्रामीणों को आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा चिकित्सा पदाधिकारीको मेडिकल टीम टकोरा गांव भेजने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के क्रम में दाउदनगर के भूमि सुधार उपसमाहर्ता, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता, गोह के प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाढ़ से सुरक्षा एवं बचाव को ले किया स्थल निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** इंद्रपुरी बैराज तथा नबीनगर के तटीय क्षेत्रों का अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह द्वारा संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य क्षेत्र में जलस्तर, जल प्रवाह, जल निकासी, संभावित जलजमाव तथा निचले एवं तटीय क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की वर्तमान स्थिति का जायजा लेना था। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता द्वारा संबंधित पदाधिकारियों से क्षेत्र की वर्तमान स्थिति, जलस्तर में हो रहे परिवर्तन, जल प्रवाह की स्थिति तथा संवेदनशील क्षेत्रों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। अपर समाहर्ता द्वारा बैराज के विभिन्न हिस्सों का स्थलीय अवलोकन करते हुए जल निकासी की व्यवस्था एवं संभावित जलजमाव वाले क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा की। इस क्रम में निचले एवं तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सावधानियों एवं पूर्व तैयारियों का भी जायजा लिया गया। संबंधित पदाधिकारियों को संवेदनशील स्थलों की निरंतर निगरानी रखने, जलस्तर एवं जल प्रवाह में होने वाले किसी भी परिवर्तन पर तत्काल संज्ञान लेने तथा स्थानीय स्तर पर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। नबीनगर के तटीय क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता द्वारा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं स्थानीय कर्मियों को सतत एवं प्रभावी निगरानी बनाए रखने तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। साथ ही, किसी भी प्रकार की आपात स्थिति उत्पन्न होने पर संबंधित पदाधिकारियों के बीच त्वरित समन्वय स्थापित करते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। अपर समाहर्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं।

# हत्या मामले में विधि विरूद्ध किशोर दोषी करार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय में अवस्थित बाल न्यायालय के विशेष न्यायाधीश विश्व विभूति गुप्ता ने दाउदनगर थाना में दर्ज कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र विधि विरूद्ध किशोर को दोषी ठहराया है। अपर लोक अभियोजक रामनरेश प्रसाद ने बताया कि विधि विरूद्ध किशोर को भादंवि धारा-302 में दोषी करार दिया गया है। विधि विरूद्ध किशोर सुरक्षित स्थान बभनडीह में आवासित है। सज़ा की बिंदु पर सुनवाई के तिथि 14 सितंबर निर्धारित की गयी है। अभियोजन की ओर से छह गवाही हुई है। विगत दो दशकों में यह पहला मामला है जिसमें बाल न्यायलय द्वारा किसी विधि विरूद्ध किशोर को दोषी ठहराया गया है। अभियोजन की ओर से छह गवाही हुई थी। अधिवक्ता ने बताया कि प्राथमिकी सूचक दाउदनगर थाना क्षेत्र के नालबंद टोला वार्ड-आठ निवासी दिनेश यादव ने 20 जून 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि 19 जून 2022 की रात 08 बजे परिवार के साथ अपने घर के दरवाजे पर बैठा था तभी मेरे बेटे अक्षय कुमार को विकास कुमार ने फोन कर घर से बाहर बुलाया। अक्षय के घर से बाहर जाने के बाद अन्य बालिग अभियुक्तों के साथ विधि विरूद्ध किशोर ने धारदार चाकू से हमला कर दिया। शोर मचाने के बाद अक्षय कुमार को शांति भवन के पास छोड़ दिया। इस दौरान परिजनों के साथ शांति भवन की ओर गया तो विधि विरूद्ध किशोर को अन्य अभियुक्तों के साथ भागते देखा जबकि अक्षय कुमार ज़ख्म से कराह रहा था। उसने हमले में विधि विरूद्ध किशोर और विकास का नाम लिया। इसके बाद अक्षय को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल दाउदनगर ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## आर्म्स एक्ट सहित अन्य मामलों में 28 लोग गिरफ्तार, 16 गये जेल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 16 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार हत्या के शीर्ष में एक, आर्म्स एक्ट में दो, हत्या के प्रयास में नौ, मद्य निषेध अधिनियम के तहत चार तथा अन्य मामलों में 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# अदरी नदी में नहाने के दौरान किशोर लापता, तलाश जारी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** ओबरा थाना क्षेत्र के सुरखी पुल के पास बुधवार को अदरी नदी में नहाने के दौरान 17 वर्षीय किशोर तेज धार में बह गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। लापता किशोर की पहचान ओबरा के डोम मोहल्ला निवासी राजेंद्र डोम के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रोहित कुमार बुधवार को अपने कुछ दोस्तों के साथ सुरखी पुल के समीप अदरी नदी में स्नान करने गया था। इसी दौरान वह नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गया और देखते ही देखते गहरे पानी में समा गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पुलिस को सूचना दी। अधिकारियों की मौजूदगी में स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में किशोर की तलाश शुरू करायी गयी लेकिन संवाद प्रेषण तक रोहित का कोई सुराग नहीं मिल सका था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# दो तस्कर गिरफ्तार, 80 मवेशी जब्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बुधवार को विश्व हिन्दू परिषद के गौरक्षा दल के सदस्यों ने अवैध पशु तस्करी के मामले में दो तस्करों को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। इनके पास से दो कंटेनरों पर लदे 80 गाय और बैल जब्त किया गया है। यह कार्रवाई मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर की गई। पशु तस्करों की पहचान उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के भरवार निवासी कलु आलम और मो. असगर आलम के रूप में की गई है। विश्व हिन्दू परिषद् के गौरक्षा विभाग प्रांतीय अधिकारी डॉ संत प्रसाद ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि दो कंटेनरों में अवैध पशु ले जाया जा रहा है। सूचना पर मदनपुर मुख्य बाजार के समीप एक कंटेनर को रोका गया जबकि दूसरी गाड़ी को पीछा कर घटराईन और रानी कुंआ के पास पकड़ा गया। इसकी जानकारी मदनपुर पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। बताया जाता है कि अवैध गाय व बैल झारखंड से उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के देवरिया ले जाया जा रहा था।

## इस्कॉन परिसर में तीन दिवसीय होगा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आज तीन से पांच सितंबर तक तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम फार्म के पास रघुवीर नगर स्थित इस्कॉन परिसर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह एवं सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह के उपस्थित रहने की संभावना है। महोत्सव के प्रथम दिन आज तीन सितंबर को शाम चार बजे से शाम सात बजे तक अधिवास कीर्तन मेला आयोजित किया जाएगा। वहीं चार सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शाम चार बजे से कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा।

**बिहार सरकार**

**पुलिस अधीक्षक का कर्यालय, औरंगाबाद।**
(सामान्य शाखा)

**Demolish निविदा सूचना:-**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत सिमरा थाना परिसर में अवस्थित (1) पुराना बैरक जो कि जर्जर स्थिति में है, उसे पूर्ण रूपेण तोड़ने एवं उसके पश्चात टूटे हुए भवन का सभी तरह का सामग्री (उपयोगी एवं अनुपयोगी/मलबा इत्यादि) को स्थल से पूर्णरूप से हटाने के लिए निलामी किया जा रहा है। निलामी की न्यूनतम राशि एवं विवरणी नीचे अंकित कार्यों का विवरणी तालिका के अनुरूप होगी। निलामी की बोली दिनांक- 18/09/2026 को समय-11:00 AM बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, औरंगाबाद में किया जायेगा। इस कार्य हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है।

1. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :- पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद।
2. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 17/09/2026, समय-05:00 PM
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 18/09/2026, समय-11:00 AM
4. निविदा प्राप्ति का स्थान/कार्यालय :- पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, औरंगाबाद।
5. कार्यों की विवरणी :-

| क्र0 | कार्य का विवरण<br>औरंगाबाद जिलान्तर्गत सिमरा थाना परिसर में निम्नलिखित जर्जर बैरक भवन की निलामी | निलामी की न्यूनतम राशि (रूपया) | जमानत की राशि (रूपया) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पुराना बैरक | 2333/- | 100/- | 15 दिन |
| | कुल राशि | 2333/- | | |

1.विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 011060 ( POLICE ) 2026-27

पुलिस अधीक्षक
औरंगाबाद।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## नकाबपोश बदमाशों ने किया शिक्षिका से लूटपाट का प्रयास

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** विद्यालय से पढ़ाकर घर लौट रही शिक्षिका के साथ नकाबपोश बदमाशों ने मंगलवार की शाम लूटपाट का प्रयास किया। बताया जाता है कि अंबा थाना क्षेत्र के परता गांव निवासी शिक्षिका खुशबू राय मंगलवार की शाम विद्यालय से स्कूटी से अपने घर लौट रही थीं। इसी क्रम में देव-अंबा मुख्य सड़क से वह जैसे ही सिमरा रोड की ओर मुड़ीं, रास्ते में एक नकाबपोश युवक ने उन्हें रुकने का इशारा किया। शिक्षिका के अनुसार कुछ दूरी पर एक अन्य नकाबपोश युवक भी मौजूद था। सड़क पर रोकने वाले बदमाश के हाथ में हथियार था। शिक्षिका के रुकते ही उसने स्कूटी की चाबी छीन ली। इसी बीच दूसरा बदमाश भी बाइक से वहां पहुंच गया। दोनों ने शिक्षिका को घेर लिया और स्कूटी लेकर भागने की कोशिश करने लगे। बदमाशों को स्कूटी ले जाने की कोशिश करते देख शिक्षिका ने हिम्मत दिखाई और जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने की आशंका से दोनों बदमाश घबरा गए और बाइक से वहां से भाग निकले। हालांकि भागने से पहले वे शिक्षिका का थैला और स्कूटी की चाबी अपने साथ ले गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शिक्षिका से पूरी जानकारी ली। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।

